संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 14 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 163 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


आग की घटना के बाद कुवैत यात्रा पर गए विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने घायलों से मुलाकात की।

# अब आतंकियों की खैर नहीं...

● जम्मू आतंकी हमले पर पीएम ने की हाईलेवल मीटिंग, शाह और एनएसए अजीत डोभाल से की वार्ता

### सेना को छूट

▶▶ प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से आतंकवाद विरोधी क्षमताओं का पूरा उपयोग करने के लिए कहा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू।** जम्मू में रियासी आतंकी हमले और कठुआ में सेना के साथ दहशतगर्दों की मुठभेड़ के बाद जम्मू-कश्मीर में हालात संवेदनशील बन गए हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। जबकि अन्यों की तलाश जारी है। इसे लेकर जम्मू संभाग में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया हुआ है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनएसए अजित डोभाल और अन्य अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर में स्थिति की समीक्षा की है। प्रधानमंत्री को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा संबंधी स्थिति की पूरी जानकारी दी गई। उन्हें आतंकवाद विरोधी प्रयासों से अवगत भी कराया गया। वहीं, प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से आतंकवाद विरोधी क्षमताओं का पूरा उपयोग करने के लिए कहा है।

**गृह मंत्री अमित शाह से की वार्ता:** इस मामले में प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री अमित शाह से बात की और सुरक्षाबलों की तैनाती तथा आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और जम्मू-कश्मीर में स्थिति का जायजा लिया। प्रधानमंत्री को स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

**नौ जून को हुआ था पहला हमला:** जम्मू-कश्मीर के रियासी में शिवखोड़ी से आ रही एक बस पर आतंकियों ने हमला कर दिया था। इस हमले में नौ लोगों की जान चली गई। जबकि 41 श्रद्धालु घायल हो गए। इसके तीन दिन बाद 11 जून की शाम दहशतगर्दों ने कठुआ में दूसरे हमले को अंजाम दिया।

आतंकियों ने हीरानगर सेक्टर में कूटा मोड के पास सैदा सुखल गांव पर हमला किया। उस दौरान सेना ने एक आतंकी को ढेर कर दिया। जबकि अन्य आतंकी को सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान में अगले दिन मार गिराया। इसी के साथ 11 जून को ही आतंकियों ने डोडा में तीसरा आतंकी हमला किया। यहा हमला भद्रवाह इलाके में सेना के शिविर पर हुआ जिसमें छह जवान जख्मी हो गए थे।



### विदेशी आतंकवाद का मुकाबला करने को सुरक्षा एजेंसियां देंगी मुंहतोड़ जवाब : डीजीपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर:** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने गुरुवार को कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जम्मू क्षेत्र में विदेशी आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए अपने संसाधनों की मैपिंग कर रही हैं। सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के बाद जम्मू में पत्रकारों से बात करते हुए डीजीपी स्वैन ने कहा कि विदेशी आतंकवादियों ने क्षेत्र में सुरक्षा चुनौती पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि जब आतंकी हैंडलर कश्मीर और जम्मू में स्थानीय लोगों की भर्ती करने में विफल होते हैं तो दुश्मन का इरादा नियंत्रण रेखा के पार स्थानीय लोगों की भर्ती करना और उन्हें शांति भंग करने और लोगों को मारने के लिए हमारे क्षेत्र में धकेलना होता है। डीजीपी ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जम्मू क्षेत्र में विदेशी आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपने संसाधनों की मैपिंग कर रही हैं और हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि जब आपके पास लोगों को मारने और परेशानी पैदा करने के लिए तैयार दुश्मन हो तो हमें भी उसका मुकाबला करने और कुछ नुकसान उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। डीजीपी ने कहा कि जम्मू क्षेत्र में जंगल, नदियां और पहाड़ियां आदि एक कठिन इलाका है। उन्होंने कहा कि ये विदेशी आतंकी बड़ी संख्या में नहीं हैं, लेकिन वे कानून के तहत काम नहीं कर रहे हैं और किसी को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### डोडा और रियासी में आतंकवादियों की तलाश और तेज हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू:** केंद्र शासित प्रदेश में हाल के हमलों में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें मार गिराने के लिए जम्मू-कश्मीर के विभिन्न जिलों खासकर डोडा और रियासी में गुरुवार को बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। इस दौरान चल रहे अभियानों में जंगलों का चप्पा-चप्पा खंगाला जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले चार दिनों में आतंकवादियों ने रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार जगहों पर हमले किए, जिसमें नौ तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई और एक सीआरपीएफ जवान बलिदान हो गया, सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। अधिकारियों के अनुसार सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने सुबह डोडा जिले के गंदोह, चट्टागल्ला और आसपास के इलाकों में कोटा टॉप में तलाशी अभियान गुरुवार को फिर से शुरू किया।

# 50 हजार करोड़ का रक्षा उपकरण होगा निर्यात



### निर्यात पर मोहर

▶▶ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ी मेहनत के साथ 100 दिनों की कार्य योजना पूरी करने का दिया निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेना प्रमुखों, रक्षा सचिव और डीआरडीओ अध्यक्ष के साथ बैठक की। उन्होंने रक्षा मंत्रालय की प्रथम 100 दिवसीय कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि 2028-2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के रक्षा उपकरणों का निर्यात करना होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य आने वाले समय में रक्षा निर्यात को बढ़ाना होगा। लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह ने आज कार्यभार संभाला। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय की पहले 100 दिनों की कार्य योजना पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, वायु सेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत और रक्षा मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में पूर्व सैनिकों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पूर्व सैनिक कल्याण विभाग से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को 100 दिनों की कार्य योजना में निर्धारित एजेंडे को पूरा करने के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का निर्देश दिया। रक्षा मंत्री ने अगले पांच वर्षों के लिए अपने विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि पहले से अधिक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र की स्थापना के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।
-स्वामी विवेकानंद"

### 'विदेश राज्यमंत्री ने की कुवैती विदेश मंत्री से मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आग की घटना के बाद कुवैत यात्रा पर गए विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने गुरुवार को वहां के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याहया से मुलाकात की। कुवैत के विदेश मंत्री ने कीर्तिवर्धन सिंह से हादसे पर दुख जताते हुए सभी प्रकार से मदद का आश्वासन दिया। आग लगने की घटना में 40 से अधिक भारतीयों की मौत हुई थी। कुवैत में भारतीय दूतावास के अनुसार याह्या ने दुखद घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने चिकित्सा देखभाल, मृतकों के पार्थिव शरीर की शीघ्र स्वदेश वापसी और घटना की जांच सहित पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। राज्य मंत्री ने कुवैत के सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा दिए जा रहे सहयोग की सराहना की। इससे पहले कीर्तिवर्धन ने कुवैत में मुबारक अल कबीर अस्पताल का दौरा किया, जहां 7 घायल भारतीय उपचाराधीन हैं।

# नीट काउंसलिंग पर नहीं लगेगी रोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। फिजिक्स वाला कोचिंग संस्थान के अलख पांडेय के वकील ने कहा कि ग्रेस मार्क्स दिए गए जो उचित नहीं। कोर्ट ने उनकी याचिका पर एनटीए को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि काउंसलिंग चलती रहेगी और हम इसे नहीं रोकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर हमारे फैसले में परीक्षा रद्द होगी तो काउंसलिंग स्वतः रद्द हो जाएगी।



इसलिए चिंता की जरूरत नहीं है। सुनवाई के दौरान एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 12 जून को हुई बैठक के बाद एक निर्णय लिया गया है कि जिन 1563 उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स दिया गया है, उनको दोबारा परीक्षा देनी होगी। 1563 उम्मीदवारों को जारी किए गए सभी स्कोर कार्ड रद्द कर दिए जाएंगे। उनके लिए दोबारा परीक्षा का विकल्प दिया जाएगा।

इससे पहले 11 जून को सुप्रीम कोर्ट ने नीट को निरस्त करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए एनटीए को नोटिस जारी किया था।

### ग्रेस मार्क्स पर रार

▶▶ जिन 1563 उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स दिया गया है, उनको दोबारा परीक्षा देनी होगी

## भारत ने यूएई को पहली खेप में भेजा उच्च गुणवत्ता वाला 8.7 टन अनानास

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत ने फल निर्यात को बढ़ावा देने के मकसद से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को उच्च गुणवत्ता वाले एमडी 2 किस्म के 8.7 टन अनानास की पहली खेप का सफल निर्यात किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने यूएई को एमडी 2 किस्म के उच्च गुणवत्ता वाले 8.7 टन अनानास की पहली खेप का सफल निर्यात किया है।


जी. किशन रेड्डी ने कोयला एवं खान मंत्रालय का कार्यभार संभाला।

# भरोसा: अजीत डोभाल तीसरी बार बने एनएसए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) के पद पर अजीत डोभाल ही बने रहेंगे। कैबिनेट की नियुक्ति मामलों की समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। वे प्रधानमंत्री मोदी के पहले और दूसरे कार्यकाल में भी एनएसए थे। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा (आईएएस सेवानिवृत्त) और एनएसए अजीत डोभाल



(आईपीएस सेवानिवृत्त) दोनों के नामों को आज मंजूरी मिली है। दोनों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होगा। दोनों की नियुक्ति 10 जून से प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ-साथ या अगले आदेश तक के लिए होगी।

# चीन-पाक को भारत ने एक साथ सुनाई खरी-खरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर के उल्लेख पर भारत ने आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हमने 07 जून को चीन और पाकिस्तान के बीच संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के अनुचित संदर्भों को नोट किया है। हम ऐसे संदर्भों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं। इस मुद्दे पर हमारी स्थिति सुसंगत है और संबंधित पक्षों को अच्छी तरह से पता है। केंद्र शासित



प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

प्रवक्ता ने आगे कहा कि उसी संयुक्त बयान में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत गतिविधियों और परियोजनाओं का भी उल्लेख किया गया है, जिनमें से कुछ पाकिस्तान के जबरन और अवैध कब्जे के तहत भारत के संप्रभु क्षेत्र में हैं।

### आपत्ति जताई

▶▶ कश्मीर राग अलापने पर मंत्रालय ने आड़े हाथों लिया, चीन पाक संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर के उल्लेख पर भारत ने जताई आपत्ति

# नहीं हुआ नीट-यूजी पेपर लीक: धर्मेंद्र प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**



**नई दिल्ली:** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पेपर लीक के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद शास्त्री भवन में पत्रकारों से बातचीत में प्रधान ने कहा कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ था। अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप निराधार हैं। यह एक बहुत ही विश्वसनीय संस्था है।

नीट-यूजी 2024 परीक्षा पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट मामले में आज सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया।

**योजना पर रार** 10 प्रमुख मंत्रालयों के सचिवों को अग्निपथ योजना की समीक्षा करने और इस स्कीम को अधिक आकर्षक व कारगर तरीके सुझाने का काम सौंपा

# अग्निपथ योजना में बदलाव होगा या बंद होगी?

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मोदी सरकार की ओर से युवाओं के लिए साल 2022 में लाई गई अग्निपथ योजना का खासा विरोध हुआ। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में विपक्ष दलों के नेताओं ने अग्निपथ योजना को चुनावी मुद्दा बनाया था। इस योजना को किसी भी हाल में स्वीकार न करने और आईएनडीआईए की सरकार बनते ही खत्म करने का वादा किया था। हालांकि, आईएनडीआईए की सरकार तो नहीं बन सकी। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में 10 प्रमुख मंत्रालयों के सचिवों को अग्निपथ योजना की समीक्षा करने



और इस स्कीम को अधिक आकर्षक व कारगर तरीके सुझाने का काम सौंपा है। केंद्र सरकार जल्द से जल्द इसकी हर कमी को दूर करना चाहती है। दूसरी ओर भारतीय सेना ने भी एक इंटरनल सर्वे किया है, जिसमें अग्निपथ योजना में कुछ बदलाव करने की सिफारिश की है।

**अग्निपथ योजना क्या है:** अग्निपथ योजना के तहत आर्मी, नेवी और एयर फोर्स में 4 साल के लिए युवाओं की कॉन्ट्रैक्ट पर भर्ती की जाती है। यह भर्ती ऑफिसर रैंक के नीचे के सैनिकों की होती है। भर्ती होने पर पहले छह महीने की ट्रेनिंग दी जाती है। उसके बाद जवानों (अग्निवीरों) की तैनाती की जाती है। चार साल बाद कार्य क्षमता के आधार पर रेटिंग दी जाती है। रेटिंग देखकर मेरिट लिस्ट तैयार होती है, जिसमें से 25 फीसदी अग्निवीरों को सेना में परमानेंट कर दिया जाता है। बाकी जवान वापस आकर कोई और नौकरी या फिर कारोबार कर सकते हैं। अग्निवीरों को 4 साल की सेवा पूरी करने के बाद 12वीं के समकक्ष सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

**अग्निवीर बनने के लिए क्या योग्यता चाहिए**

**उम्र: 17.5 से 21 साल।**

**शिक्षा: 10वीं पास।**

बता दें कि अग्निवीरों की भर्ती साल में दो होती है।

### समीक्षा

▶▶ केंद्र सरकार जल्द से जल्द इसकी हर कमी को दूर करना चाहती है। योजना में कुछ बदलाव करने की सिफारिश की

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना भारत का चेहरा बदलने में सहायक रही है : शिवराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार (13 जून) को ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत का चेहरा बदलने में सहायक रही है और विकसित भारत की प्राप्ति को सुविधाजनक बनाने के लिए इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों से कहा कि उनका प्रयास शत-प्रतिशत ग्रामीण बस्तियों



को बारहमासी सड़कों से जोड़ने की दिशा में केंद्रित होने चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों की भागीदारी को मजबूत करने के लिए और कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के तहत प्रयासों की सराहना की और महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए ब्रांडिंग और विपणन प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# छात्रों को ऑनलाइन डाउनलोड करने से मिलेगा छुटकारा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों को नवीन सत्र से मार्कशीट हाथ में दी जाएगी। लंबे वक्त से छात्र मार्कशीट को परिणामों के बाद ऑनलाइन डाउनलोड कर रहे थे। लेकिन, डीयू प्रशासन अब छात्रों को मार्कशीट की हार्ड कॉपी देने जा रहा है। इसमें छात्र या छात्रा का फोटो भी लगा होगा। इसके पीछे विश्वविद्यालय का कुलगीत लिखा हुआ है। इससे पहले डीयू छात्रों को विशेष सुरक्षा फीचर की डिग्री प्रदान करने की शुरूआत कर चुका है। डीयू की ओर से छात्रों को दी जाने वाली मार्कशीट क्रेडिट बेस्ड च्वाइस सिस्टम (सीबीसीएस) पर आधारित होगी। इसमें पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे सभी सेमेस्टर में पढ़े विषय और उनकी ग्रेड लिखी जाएगी। अच्छे कागज पर लैमिनेट करके मार्कशीट छात्र को प्रदान की जाएगी। इसमें छात्र के मां और पिता का नाम भी लिखा होगा।

**पहले मार्कशीट पर सिर्फ लिखा होता था विद्यार्थी का नाम:** पहले सिर्फ विद्यार्थी का नाम ही मार्कशीट पर लिखा होता था। इसमें विद्यार्थी का फोटो भी लगा होगा। इसके पीछे डीयू का कुलगीत लिखा होगा। डीयू के एक अधिकारी ने बताया कि 2012 तक विद्यार्थियों को मार्कशीट की हार्ड कॉपी प्रदान की जाती थी। उस वक्त सारी व्यवस्था डिजिटल करने के लिए इसे ऑनलाइन कर दिया गया। इसके पीछे कागज बचाने का तर्क भी दिया गया था, लेकिन अब दोबारा पुरानी व्यवस्था को नए तरीके से शुरू किया जा रहा है। इससे पहले विश्वविद्यालय ने छात्रों को कई सुरक्षा फीचर के साथ दीक्षा समारोह में डिग्री प्रदान की थी। जिसे कॉपी नहीं किया जा सकता है।

**शांति**

**डीयू प्रशासन अब छात्रों को मार्कशीट की हार्ड कॉपी देने जा रहा है। इसमें छात्र या छात्रा का फोटो भी लगा होगा**

**डिग्री की तरह मार्कशीट में नहीं जोड़े जा रहे सुरक्षा फीचर:** इसका कागज खराब नहीं होगा और इसे 200 डिग्री सेल्सियस पर नष्ट नहीं किया जा सकता है। डीयू के परीक्षा विभाग के ओएसडी प्रो. अजय अरोड़ा ने कहा, डिग्री की तरह सुरक्षा फीचर मार्कशीट में नहीं जोड़े जा रहे हैं। लेकिन, इसको तैयार करने में उत्तम गुणवत्ता के कागज का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र लगातार मांग कर रहे थे कि उनको हार्ड कॉपी में मार्कशीट प्रदान की जाए। कई बार मार्कशीट डाउनलोड करने में समस्या होती है। उनकी परेशानी को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने हार्ड कॉपी देने का निर्णय लिया है। फिलहाल नियमित कॉलेजों के छात्रों को मार्कशीट हाथ में दी जाएगी। इसके बाद स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के छात्रों के लिए भी शुरू किया जाएगा। इसको लेकर भी काम किया जा रहा है।

# कांग्रेस का आप के साथ गठबंधन टूटने के बाद हल्लाबोल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भी दिल्ली में बढ़ते जल संकट पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दे पर चुनी हुई सरकारों को राजनीति नहीं करके समस्याओं का निपटारा करना चाहिए। भीषण गर्मी में दिल्ली की जनता की त्राहि- त्राहि कर रही है क्योंकि दिल्ली की जनता को पानी नहीं मिल रहा है। पीने का पानी के लिए लोगों को प्रतिदिन 100 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। यादव ने कहा कि केंद्र और दिल्ली की सरकार को जल संकट दूर करने के लिए प्राथमिकता के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हिमाचल सरकार दिल्ली के लिए पानी छोड़ने के लिए तैयार है, लेकिन भाजपा की हरियाणा सरकार आपसी राजनीति के चलते दिल्ली वासियों के लिए पानी नहीं आने दे रही है, तब कैसे हिमाचल प्रदेश की सरकार द्वारा छोड़े जाने वाला पानी दिल्ली मिलेगा। उन्होंने सवाल किया कि क्यों दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली के लोगों को जल संकट से राहत देने के लिए समय रहते तुरंत कार्यवाही नहीं की? उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और नगर निगम में दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को पूर्ण बहुमत दिया है। इसलिए जल संकट को निपटाने की उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसमें वो पूरी तरह से विफल हो रही है। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार की नाकामी के कारण दिल्ली की जनता को पर्याप्त मात्रा में पानी नही मिल रहा है और दिल्ली वासियों को जो पानी मिल रहा है वो भी नलों तक गंदा पानी आ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी के 58 प्रतिशत लीकेज के कारण जल माफिया राजधानी में पानी की आपूर्ति में बाधा डालने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पानी माफिया की सक्रियता में भागीदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: (i) निविदा सूचना संख्या 81 / 2023–24 दिनांक 05.01.2024 (क्र. सं. 11)

(ii) निविदा संख्या 08235705 नियत तिथि 14.06.2024

उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में, टेंडर खुलने की नियत तिथि 14.06.2024 से बदल कर 15.07.2024 कर दी गई है। शेष सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

1770/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# टोल मांगने पर दरोगा ने हटाया बूम, मैनेजर से की मारपीट


**टीम एक्शन इंडिया**

**दादरी।** जीटी रोड स्थित लुहारली टोल प्लाजा पर यूपी पुलिस के दरोगा ने जबरन बूम हटाकर कार निकला और मैनेजर से मारपीट की। सीसीटीवी कैमरे में कैद घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मारपीट करने वाले दरोगा प्रवीण कुमार की तैनाती स्थल का पता लगाया जा रहा है। बृहस्पतिवार सुबह कार सवार दरोगा दादरी से सिकंदराबाद जा रहा था। जीटी रोड स्थित लुहारली टोल प्लाजा पर बूथ कर्मचारियों ने दरोगा से टोल शुल्क की मांग की। आरोप है कि टोल मांगने पर दरोगा आग बबूला होकर गाड़ी से उतरा। उसने जबरन टोल बूम को हटा दिया। जबरन बूम हटाने का विरोध कर रहे कर्मचारी से मारपीट की। यही नहीं गाड़ी निकालकर अन्य गाड़ियों के लिए भी टोल फ्री कर दिया। टोल कर्मचारियों और मैनेजर में इसका विरोध किया। आरोप है कि दरोगा ने टोल मैनेजर व कर्मचारियों के साथ धक्कामुक्की कर अभद्रता की। टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई। दरोगा सबक सिखाने की धमकी देकर चला गया। टोल प्रबंधन की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच में कर रही है। एसीपी अमित प्रताप सिंह के मुताबिक टोल प्लाजा पर अभद्रता करने वाले दरोगा का नाम प्रवीण कुमार बताया जा रहा है। दरोगा की तैनाती की जानकारी जुटाई जा रही है।

**अभद्रता**

**टोल प्लाजा पर अभद्रता करने वाले दरोगा का नाम प्रवीण कुमार बताया जा रहा है।**

# मासूम बच्चों को लेकर बनाए घिनौने वीडियो




**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां छोटे बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों को बढ़ावा देने लिए एक महिला यूट्यूबर ने बेहद आपत्तिजनक वीडियो बनाए। इसके बाद मामले को लेकर हंगामा मचा हुआ है। छोटे बच्चों के साथ शोषण करने का टिप्स देने वाली 'कुंवारी बेगम' की गिरफ्तारी की मांग सोशल मीडिया पर उठने लगी। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने गुरुवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला का यूट्यूब पर 'कुंवारी बेगम' के नाम से चैनल है। जिस पर उसका एक वीडियो विवादों में आ चुका है, जिसमें वह अश्लील बातें कर रही है। वीडियो में वह फॉलोअर्स को भद्दी सलाह दे रही है। एक्स अकाउंट पर इस महिला की शिकायत दीपिका नारायण ने की है। कौशांबी थाने में यूट्यूबर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विवादों में आने के बाद यूट्यूबर ने अपने विवादित वीडियो डिलीट कर दिए हैं। वह चैनल पर ऑनलाइन आकर वह अपने फालोअर्स से बात करती है और उनके सवालों के जवाब देती है। वीडियो के विवादों में आने पर उसने यूट्यूब को भी प्राइवेट कर दिया है। इस मामले को राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी संज्ञान में लिया है। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि एक्स अकाउंट पर दीपिका नारायण भारद्वाज ने शिकायत की थी। प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। गुरुवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**आपत्तिजनक**

**यौन अपराधों को बढ़ावा देने लिए एक महिला यूट्यूबर ने बेहद आपत्तिजनक वीडियो बनाए**

**जानें कौन है यूट्यूब की बदनाम कुंवारी बेगम**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी महिला का नाम शिखा मैत्रेय उर्फ कुंवारी बेगम है। वह गाजियाबाद की रहने वाली है। वह निफ्ट दिल्ली से 2021-22 बैच की पास आउट है। शिखा फिलहाल एक संस्था के साथ काम कर रही है, जो दिल्ली के कालकाजी से संचालित है।


**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

सं. 2018/ट्रैक–I)पी / (आरएसपी–ईयूआर / वॉल्. I — दिनांक : 12.06.2024

**शुद्धिपत्र सं. 3 & 4**

विषय : लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक / रेलपथ (पीएंडपी)
कमरा नं–256 डी, रेल भवन,
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23304852
ई मेल: alokkumar.g@gov.in

1773/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्राधिकरण गेट पर अनिश्चित कालीन धरने पर जमे रहे किसान

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** अपनी मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों का प्राधिकरण पर धरना बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। किसानों का कहना है कि पहले उनकी मांगों को पूरा किया जाए। उसके बाद अधिकारियों से कोई भी बात की जाएगी। भाकियू जिलाध्यक्ष महेंद्र मुखिया ने बताया कि किसानों ने अपनी मांगों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को अवगत करा दिया है। कंपनियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार में 40 फीसदी आरक्षण देने, प्रभावित गांवों का विकास करने समेत मांगे की गई है।

# मां-बेटे की संदिग्ध मौत पर भाई ने लगाया हत्या का आरोप




**टीम एक्शन इंडिया**

**हापुड़ :** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां मां-बेटे की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। ससुराल पक्ष के लोगों पर मृतक महिला के भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। युवक ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार, नगर कोतवाली इलाके के मोहल्ला मजीदपुरा गली नंबर सात में मां फोजिया (27) और उजैफ (4) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। जिला बुलंदशहर थाना जहांगीराबाद के मोहल्ला बंशीधर निवासी फैजान ने बताया कि उसने अपनी बहन फोजिया की शादी छह वर्ष पहले मोहल्ला मजीदपुरा गली नंबर सात निवासी शाहनवाज के साथ की थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसकी बहन को प्रताड़ित करने लगे थे। इसकी शिकायत उसने जिला बुलंदशहर में भी की थी। परामर्श केंद्र में काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों में फैसला हुआ था। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग उसकी बहन को ले आए थे।

बुधवार की देर रात करीब 12 बजे उसकी बहन और भांजे उजैफ को जहर देकर मारने की सूचना उसे मिली। इस पर वह अपने परिजनों के साथ मोहल्ला मजीदपुरा पहुंचा। इससे पहले ही पुलिस दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज चुकी थी।

# ईडी ने यमुना प्राधिकरण से मांगी वीवो कंपनी की रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** मोबाइल का उत्पादन करने वाली वीवो कंपनी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (धन शोधन) के तहत चल रही जांच में ईडी ने यमुना प्राधिकरण (यीडा) से वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की कई बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। ईडी के सहायक निदेशक अमित कुमार ने यीडा के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह को पत्र लिखकर वीवो की संपत्तियों की बिना अनुमति किसी भी तरह से बिक्री या हटाने पर रोक लगाने की बात कही है। इस मामले में जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी गई है। यीडा के सेक्टर-24 में स्थापित वीवो कंपनी पर वर्ष 2023 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का पैसा चीन पहुंचाने का आरोप है। इस मामले में ईडी वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रैंड प्रॉस्पेक्ट इंटरनेशनल कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड और एक अन्य के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जांच कर रही है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विरेन्दर सिंघल** मालिक / अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता मसर्स साई ट्रेडर्स **निवासी:** बी–1 / 386, न्यू कोंडली, दिल्ली–96 इसके अलावा शिव मंदिर वाली गली, किड्स विविड प्ले स्कूल के नज़दीक, सैक्टर–22, चौड़ा, नोएडा, यूपी 201301 ने **case Reg. No. 6009/19, U/s 138 NI Act पुलिस स्टेशन केशव पुरम, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विरेन्दर सिंघल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विरेन्दर सिंघल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **case Reg. 6009/19, U/s 138 NI Act पुलिस स्टेशन केशव पुरम, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विरेन्दर सिंघल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दिव्या अरोड़ा**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट, उत्तर पश्चिम–04
कमरा नं0–112, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7231/NW/2024
(Court Matter)



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों / स्थानों पर विज्ञापन / गैर–किराया राजस्व के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस (**https://ireps.gov.in/**) के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित करता है:

| ई–कैटलॉग नं. | विज्ञापन का प्रकार | रेलवे स्टेशन / स्थान | ई–नीलामी के लिए दिनांक और समय |
|---|---|---|---|
| DLIADVT JUN24-02 | आउट ऑफ़ होम साइट्स– यूनिपोल जोन | मेरठ सेक्शन, तुगलकाबाद सेक्शन = (2 लॉट) | प्रारंभ होने का समय : 26.06.2024 को 10:00 बजे |
| | आउट ऑफ़ होम साइट्स– स्टेशन जोन | दिल्ली (3 लॉट), हज़रत निज़ामुद्दीन (1 लॉट)= (कुल 4 लॉट) | |
| | आउट ऑफ़ होम साइट्स– पानी की टंकियां | दिल्ली क्षेत्र से बाहर = 17 लॉट | |
| | एलईडी वीडियोवॉल्स– आरडीएन | दिल्ली (3 लॉट), हज़रत निज़ामुद्दीन (2 लॉट) = (कुल 5 लॉट) | |
| | गैर डिजिटल आरडीएन– डिस्प्ले बोर्ड / पोल कियोस्क | आनंद विहार टर्मिनल = 1 लॉट | |
| | ग्लोबॉल टावर्स | दिल्ली, दिल्ली सराय रोहिल्ला = 2 लॉट | |
| | बैटरी चालित गाड़ियाँ | हज़रत निज़ामुद्दीन = (1 लॉट) | |
| DLIADVT JUN24-03 | आउट ऑफ़ होम साइट्स– पानी की टंकियां | दिल्ली क्षेत्र से बाहर = 35 लॉट | प्रारंभ होने का समय : 27.06.2024 को 10:00 बजे |

| | |
|---|---|
| **वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | **https://ireps.gov.in/ (E-Auction-Leasing)** |

**आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:**

– ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एसबीआई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं / ठेकेदारों (ई–निविदा / ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

– ई–ऑक्शन लिजिंग मॉडयूल के लिए अब **वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन)** नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

| | |
|---|---|
| **किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क करने के लिए रेलवे प्राधिकरण** | मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; **Email: publicitycelldli@gmail.com Tel: 011-23743084** |

संख्या.: 7PUB/NR-DLI0COMM(PUB)/26/2023 दिनांक: 12.06.2024 — 1780/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

**मैं, जतिंदर मोहन, सुपुत्र प्यारे लाल नारंग निवासी 73-ए रोज एवेन्यू, पटियाला, पंजाब (पिन नं. 147001) घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम बदलकर जतिंदर मोहन से बदलकर जतिंदर नारंग रख लिया है। अब से मुझे जतिंदर नारंग के नाम से जाना जाएगा।**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सार्वजनिक सूचना

**सरपंच ग्राम पंचायत सांखौल (बहादुरगढ़)**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सांखौल में एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है जो भी व्यक्ति कार्य करने का इच्छुक है और जो भी शरते है वो पूरी करके अपना आवेदन पत्र 18.06.2024 से 25.06.2024 तक सरपंच कार्यालय में जमा करवा दे।

**सरपंच ग्राम पंचायत सांखौल, खण्ड कार्यालय बहादुरगढ़, जिला, झज्जर।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली में पेयजल संकट को लेकर त्राहिमाम

## किसी भी कीमत पर पानी की कमी न होः सीएम, तिहाड़ में आतिशी ने केजरीवाल से की मुलाकात; सीएम ने दिए दिशा-निर्देश





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जलमंत्री आतिशी ने की तिहाड़ जेल में मुलाकात की। पानी के मुद्दे पर हुई सीएम केजरीवाल और आतिशी के बीच बातचीत हुई। मुलाकात के बाद आतिशी ने बताया कि सीएम ने कहा है कि किसी भी कीमत पर दिल्ली में पानी की कमी न हो। उन्होंने सभी विधायकों को लोगों की पानी की समस्या सुलझाने को कहा है।

**पानी की कमी**

**किसी भी कीमत पर दिल्ली में पानी की कमी न हो। विधायकों को पानी की समस्या सुलझाने को कहा**

**मुनक नहर पर पुलिस का पहरा:** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को टैंकर माफियाओं पर निगरानी करने का निर्देश दिया। जिसके बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। मुनक नहर इलाके में दिल्ली पुलिस एक्टिव हो गई है। गुरुवार सुबह दिल्ली पुलिस की टीम मुनक नहर के किनारे गश्त करती दिखीं। पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। रिपोर्ट का हवाला देते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि मुनक नहर से अवैध रूप से पानी की चोरी हो रही है। यह नहर बवाना के पास दिल्ली में प्रवेश करती है, जहां टैंकरों से पानी उठाकर अवैध रूप से बिक्री की सूचना है। इस बाबत उपराज्यपाल ने पुलिस कमिश्नर को विस्तृत रिपोर्ट राजनिवास को सौंपने का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल महोदय ने इच्छा व्यक्त की है पानी की चोरी को रोकने के लिए इस नहर पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए। ऐसे लोगों को भी पकड़ा जाना चाहिए।

### यमुना की सहायक नदियों के किनारे बसे लोग झेल रहे संकट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कुछ साल से दिल्ली में पेयजल संकट को लेकर त्राहिमाम है। पानी को लेकर दिल्ली की निगाहें हिमाचल पर रहती हैं। कुछ दिनों से भी इस मामले में हलचल है। दिल्ली प्यास बुझाने के लिए हिमाचल से पानी की मांग कर रहा है। हिमाचल सरकार ने साफ किया है कि सिरमौर की तरफ से बहने वाली यमुना नदी से हिमाचल पानी नहीं रोक रहा है और हिमाचल से 137 क्यूसिक पानी हरियाणा की तरफ जा रहा है। इन दिनों भीषण गर्मी के चलते हिमाचल में भी पानी का संकट है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के चलते योजनाओं का जल स्तर गिर गया है। ऐसे में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है और कई कई किलोमीटर दूर प्राकृतिक स्रोतों का सहारा पानी के लिए लेना पड़ रहा है। **यमुना पर नहीं कोई योजना:** जल शक्ति विभाग के अनुसार हालांकि अभी तक यमुना पर किसी तरह की कोई पेयजल व सिंचाई योजना नहीं है लेकिन यमुना की सहायक नदियां गिरि, बाता व टौंस आदि पर स्थित पेयजल योजनाएं हजारों की आबादी के हलक तर कर रही हैं, तो वहीं सिंचाई योजनाएं किसानों के लिए वरदान बनी हैं। उत्तराखंड क्षेत्र से यमुना नदी पांवटा साहिब के खादर माजरी में प्रवेश करती है। यहां पहुंचने के दौरान यमुना में पानी की मात्रा कम ही होती है। सहायक नदियों टौंस, गिरि व बाता के मिलने के बाद जल स्तर बढ़ता है।

# 'एलजी ने मुझे गालियां दीं', एलजी पर आतिशी का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली कि जल मंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल पर गाली देने का आरोप लगाया है। राजनिवास ने कहा कि ये वो झूठ बोल रही है। आतिशी के आरोप को झूठ और गुमराह करने वाला बताया है। आतिशी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, एलजी कार्यालय से सभी पत्रकारों को प्रेस रिलीज दी गई, जिसमें मुझे बहुत गालियां दी हैं। मेरे बारे में बहुत खराब बातें कहीं हैं। मैं एलजी साहब से हाथ जोड़ के इतना ही कहूंगी, मुझे पता है कि आप और भाजपा वाले हमसे बहुत नफरत करते हैं, क्योंकि दिल्लीवाले बार-बार अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को भारी बहुमत से मुख्यमंत्री बनाते हैं। लेकिन हमसे नफरत करते-करते, आपको दिल्ली वालों से नफरत हो गई है। **राजनिवास ने इसके जवाब में एक्स पर पोस्ट कर कहा,** मंत्री जी, एलजी साहब ने आपको कोई गाली नहीं दी। एलजी कार्यालय ने आपके द्वारा कल उनको दी गई गालियों व सफेद झूठ का बकायदा साक्ष्य समेत खंडन कर, आदतन दिल्ली के लोगों को भ्रमित करने का पर्दाफाश किया। उन्हें अभी भी आशा है कि आप दिल्ली में पानी की चोरी व बर्बादी रोक लोगों को पानी देंगी।

# प्यासी दिल्ली के लिए नहीं पसीजा हिमाचल का दिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भीषण गर्मी से पहले से बेहाल और पानी के लिए कराह रही दिल्ली को सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश से भी तगड़ा झटका लगा है। पड़ोसी राज्यों से अतिरिक्त पानी की मांग को लेकर सर्वोच्च न्यायालय पहुंची दिल्ली सरकार की याचिका पर अदालत ने हस्तक्षेप से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश जिसने पहले दिल्ली को 137 क्यूसेक पानी देने की सहमति जताई थी, वह भी मुकर गया। हिमाचल ने कहा, उसके पास दिल्ली को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है, इसलिए वह सरप्लस पानी नहीं देगा।

**एनओसी**

**दिल्ली को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है, इसलिए वह सरप्लस पानी नहीं देगा: हिमाचल प्रदेश**

**जस्टिस प्रशांत ने यूवाईआरबी के पास जाने को कहा:** जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और प्रसन्ना बी वराले की वैकेशन बेंच ने दिल्ली सरकार से यूवाईआरबी को शाम 5.00 बजे तक आवेदन देने को कहा है कि वह दिल्ली को मानवीय ग्राउंड पर पानी सप्लाई कर दे। हिमाचल प्रदेश सरकार ने आज सुप्रीम कोर्ट में बताया कि उसके पास 136 क्यूसेक सरप्लस पानी नहीं है और इसके साथ ही उसने अपना पुराना स्टेटमेंट भी वापस ले लिया जिसमें उसने 136 क्यूसेक पानी देने पर सहमति जताई थी।मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने कहा कि यमुना नदी का पानी का राज्यों के बीच बंटवारा करना बहुत ही जटिल और संवेदनशील मामला है और यह कोर्ट इस तरह के तकनीक की विशेषज्ञ नहीं है।

**कोर्ट ने बोर्ड को फैसला लेने को कहा:** कोर्ट ने आगे कहा, इस मामले को हम उस बोर्ड के अधीन छोड़ते हैं जो इसकी एक्सपर्ट है और सभी राज्यों ने मिलकर जिसका गठन 1994 में किया था।

# भीषण गर्मी का सितम जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली वासियों को भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से राहत नहीं मिली। चिलचिलाती धूप के बीच ऐसा लग रहा था, मानो आसमान से आग बरस रही हो। यही कारण है कि तापमान में भी फिर से वृद्धि देखने को मिल रही है। आलम यह रहा कि देश का सबसे गर्म इलाका दर्ज किया गया। यहां का अधिकतम तापमान 47.7 डिग्री रिकार्ड किया गया। दूसरे नंबर पर राजधानी का ही नरेला और उत्तर प्रदेश का कानपुर रहा, जहां का अधिकतम तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को भी दिल्ली में सुबह ही तेज धूप ने हाल बेहाल करना शुरू कर दिया था। दिन चढ़ने के साथ साथ धूप भी और तीखी होती गई।

# दिल्ली जल संकटः पानी पर पुलिस का पहरा...

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली इन दिनों भीषण जल संकट से जूझ रही है। कई इलाकों में पीने की पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली जल संकट पर जमकर राजनीति हो रही है। पानी की कमी पर आप सरकार हरियाणा को घेरने में लगी है। केजरीवाल सरकार का कहना है कि हरियाणा की तरफ से कम पानी दिया जा रहा है जिस वजह से दिल्ली में पानी की कमी हुई है। वहीं, हरियाणा का कहना है कि वह पानी देने में कोई कटौती नहीं कर रहा है। उधर, उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को टैंकर माफियाओं पर निगरानी करने का निर्देश दिया। जिसके बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। मुनक नहर इलाके में दिल्ली पुलिस एक्टिव हो गई है। गुरुवार सुबह



दिल्ली पुलिस की टीम मुनक नहर के किनारे गश्त करती दिखीं। पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। रिपोर्ट का हवाला देते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि मुनक नहर से अवैध रूप से पानी की चोरी हो रही है। यह नहर बवाना के पास दिल्ली में प्रवेश करती है, जहां टैंकरों से पानी उठाकर अवैध रूप से बिक्री की सूचना है। इस बाबत उपराज्यपाल ने पुलिस कमिश्नर को विस्तृत रिपोर्ट राजनिवास को सौंपने का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल महोदय ने इच्छा व्यक्त की है पानी की चोरी को रोकने के लिए इस नहर पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए। ऐसे लोगों को भी पकड़ा जाना चाहिए जो इस तरह की अवैध गतिविधियों में शामिल रहे हैं। ऐसे पानी के माफिया तत्वों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में एक सप्ताह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट उपराज्यपाल सचिवालय को प्रस्तुत की जाए।

**निगरानी**

**दिल्ली पुलिस की टीम मुनक नहर के किनारे गश्त करती दिखीं। पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है**

**पानी के मसले पर हाईकोर्ट ने दिल्ली और हरियाणा सरकार से मांगा जवाब:** हाईकोर्ट ने दिल्ली और हरियाणा की सरकारों से राष्ट्रीय राजधानी को पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं करने के लिए हरियाणा के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग संबंधी याचिका पर जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की अवकाश पीठ ने नोटिस जारी कर दिल्ली और हरियाणा हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को तीन सप्ताह के भीतर अपने जवाब दाखिल करने को कहा है। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को तय की है। हाईकोर्ट अधिवक्ता एसबी त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि हरियाणा राज्य ने दिल्ली को पानी की आपूर्ति कम कर दी है। याचिकाकर्ता ने कहा कि हरियाणा ने मई 2023 में हाईकोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा था कि दिल्ली को ऊपरी तटवर्ती राज्य हरियाणा से 719 क्यूसेक पानी आवंटित है, जो अपने नागरिकों के हिस्से से लगभग 321 क्यूसेक पानी डायवर्ट करके राष्ट्रीय राजधानी को लगभग 1040 क्यूसेक पानी की आपूर्ति कर रहा है

# दिल्ली सरकार की पानी माफिया के साथ सांठगांठः भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी के कई हिस्सों में जल संकट बरकरार है। लोगों को भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से दो-चार होना पड़ रहा है। दिल्ली सरकार की नाकामी और "टैंकर माफिया" पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी की सरकार का टैंकर माफिया के साथ सांठगांठ है। गुरुवार को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पत्रकारों से बातचीत में




कहा कि सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी के बाद दिल्ली सरकार को बहाने बनाना बंद करना चाहिए, पानी की सप्लाई को दोष देना बंद करना चाहिए। दूसरों को दोष देने से अपने पाप कम नहीं होते। दिल्ली सरकार को लोगों को बताना चाहिए कि उन्होंने पानी माफिया के खिलाफ क्या कार्रवाई की है। दिल्ली सरकार पानी टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय उन्हें बचाने के लिए बहाने बना रही है, क्योंकि शायद उन्हें हर पानी के टैंकर पर कमीशन मिल रहा है, इसलिए कार्रवाई करने की बजाय दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। पूनावाला ने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा पर आरोप लगाती है लेकिन हिमाचल प्रदेश ही पानी देने से मना कर रहा है। कांग्रेस को बताना चाहिए कि क्या हरियाणा के लोगों के साथ यह दुर्व्यवहार उचित है।

# सेना ने शुरू की द्रास थंडर मोटरसाइकिल रैली



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए गुरुवार को द्रास थंडर मोटरसाइकिल रैली की नई दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड से शुरूआत की। उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रैली को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई। यह मोटरसाइकिल रैली चुनौतीपूर्ण इलाकों से होकर 1029 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। द्रास थंडर मोटरसाइकिल रैली में 13 जैक राइफल्स (कारगिल) के एक अधिकारी और 19 सैनिक शामिल हैं। इस टीम के सदस्य वीर चक्र विजेता सूबेदार मेहर सिंह और सेना मेडल, ऑपरेशन विजय वीरता पुरस्कार विजेता नायब सूबेदार केवल कुमार हैं। यह मोटरसाइकिल रैली कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती समारोह का हिस्सा है। रैली का उद्देश्य भारतीय सेना के बहादुरों को श्रद्धांजलि देना है,

**चुनौतीपूर्ण**

**दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में उप सेना प्रमुख ने हरी झंडी दिखाई, 1029 किमीकी दूरी तय करेगी रैली**

जिन्होंने 25 साल पहले कारगिल युद्ध के दौरान जीत हासिल की थी। यह मोटरसाइकिल रैली चुनौतीपूर्ण इलाकों से होकर 1029 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। रैली में शामिल सैन्य अधिकारी रास्ते में पड़ने वाले प्रमुख संस्थानों में प्रेरक वार्ता आयोजित कर-के युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का प्रयास करेंगे।

यह टीम रास्ते में 100 से अधिक वीरता पुरस्कार विजेताओं, दिग्गजों और वीर नारियों से मिलेगी और ऑपरेशन विजय में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करेगी।

# सीए के कर्मियों को पिस्टल दिखाकर 50 लाख की लूट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में सीए के कर्मचारियों से 50 लाख रुपये लूटने का मामला सामने आया है। बाइक सवार चार बदमाशों ने एनएच-9 पर मयूर विहार फेज-2 के नजदीक दोनों ओवरटेक कर बाइक समेत गिरा दिया। इस बीच पिस्टल लेकर आए बदमाश ने गोली मारने की धमकी देकर कर्मचारी से रुपयों का बैग लूट लिया। दोनों को गिराने के चक्कर में एक आरोपी बाइक समेत गिर गया। इस बीच तीन बदमाश रुपयों का बैग लेकर एक बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। चौथे बदमाश को पब्लिक की मदद से पकड़ लिया गया। उसकी पहचान अरुण के रूप में हुई है। पिटाई के बाद उसे पुलिस के हवाले



कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपी की बाइक भी जब्त कर ली है। पीड़ित मोहित शर्मा (34) परिवार के साथ इंदिरापुरम, गाजियाबाद में रहता है। वह शिव कुमार गुप्ता नामक सीए के पास इंदिरापुरम में नौकरी करता है। इनका दफ्तर भी नीति खंड, इंदिरापुरम में मौजूद है। 10.30 बजे इनके मालिक शिव कुमार ने चालक अरुण त्यागी के साथ बाइक से एक फाइल लेकर ग्रेटर नोएडा भेजा था। वहां पहुंचने पर मालिक का दोबारा कॉल आया। उन्होंने जनकपुरी में किसी अभिषेक गुप्ता से पेमेंट लेकर आने के लिए कहा। अरुण त्यागी बाइक चला रहा था। मोहित उसके पीछे बैठा था। जनकपुरी से पेमेंट लेने के बाद दोनों एनएच-9 पर संजय झील, मयूर विहार फेज-2 के पास पहुंचे। इस बीच दो बाइक सवार चार बदमाशों ने इनको घेर लिया। उन्होंने दोनों को बाइक समेत गिरा दिया। इस चक्कर में एक बाइक सवार बदमाश भी गिरकर जख्मी हो गया। दूसरी बाइक पर बैठे बदमाश पिस्टल लेकर मोहित के पास पहुंचे और गोली मारने की धमकी देकर बैग लूट लिया। बाद में वह चौथे साथी को छोड़कर फरार हो गए। इसने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पब्लिक की मदद से आरोपी को काबू कर लिया गया। पकड़ा गया आरोपी खोड़ा कालोनी का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। इस बात की भी संभावना जताई जा रही है कि वारदात में किसी जानकार का हाथ हो सकता है।

# हथियारबंद बदमाशों ने रेस्तरां में की लूटपाट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में हथियारबंद बदमाशों ने रेस्टोरेंट में घुसकर लूटपाट की। विरोध करने पर बदमाश पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी देने लगे। बाद में बदमाशों ने 65 हजार रुपये और तीन मोबाइल लूटे और फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। छानबीन के बाद वेलकम थाना पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। पुलिस उसके आधार पर आरोपियों की पहचान के

**फरार**

**बदमाश पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी देने लगे 65 हजार रुपये और तीन मोबाइल लूटे और फरार हो गए**

प्रयास कर रही है। पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं। इनके आधार पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित काशिफ ने बताया कि वह बाबरपुर इलाके में परिवार के साथ रहता है ओर नजीर रेस्टोरेंट में बतौर कैशियर काम करता है।

# दिल्ली के कई इलाकों में प्यास पर ताकत भारी

## राष्ट्रीय राजधानी में गर्मी में पानी के लिए मारामारी बढ़ गईः टैंकर के पहुंचने पर पाइप डालकर पानी खींचने लगते हैं लोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में भीषण गर्मी में पानी के लिए मारामारी बढ़ गई है। अब भी कई ऐसे इलाके हैं जहां पानी की पाइपलाइन नहीं है, वहां टैंकर से जलापूर्ति की जाती है। थोड़े से पानी में पूरी जिंदगी जीने को मजबूर लोग घंटों कतार में टैंकर का इंतजार करते हैं और जब टैंकर पानी लेकर पहुंचता है तो युद्ध जैसे हालात बन जाते हैं। यानी जिसमें दम होगा वो पानी ज्यादा ले पाएगा, जो कमजोर है, बुजर्ग है उसे भाग्य पर भरोसा करना होगा। दिल्ली के तमाम इलाकों में आजकल टैंकर के पीछे लोग दौड़ते दिखते हैं। सरकारी टैंकर कई कॉलोनियों में लोगों की प्यास बुझाने के लिए पहुंच रहे हैं।



कॉलोनियों में टैंकर आने से पहले कनस्तरों की कतार लग जाती है और लोग उसके आसपास पाइप लेकर अधिक से अधिक पानी लेने के भरोसे में बैठे रहते हैं। कुछ लोग टैंकर चालक से लोकेशन लेते रहते हैं। ऐसा ही लुटियन्स दिल्ली स्थित विवेकानंद कैंप में देखने को मिला। युवा, महिला, बुजुर्ग अपने घर में पानी की उपलब्धता के लिए टैंकर की टकटकी लगाए थे। जैसे ही टैंकर पहुंचा सारे मुंहबोले रिश्ते एक तरफ और पानी की प्यास एकतरफ हो गई। लाइन लगाने का कोई मतबल नहीं, ताकत और फूर्ति से सब अपनी अपनी जलापूर्ति के लिए जुट गए। उछलते कूदते बड़ी संख्या लोग पाइप लेकर टैंकर पर टूट पड़ते हैं। सब पाइप टैंकर में ऊपर से डालकर पानी खिंचना शुरू करते हैं।

**आपाधापी में सड़कों पर बह जाता है काफी पानी:** अपने अपने कनस्तरों में पानी लबालब करने की होड़ के बीच बुजुर्ग या महिला भाग्य भरोसे दिखते हैं। इस आपाधापी में काफी पानी सड़कों पर बह जाता है और जो पाइप डालने में कामयाब रहे, वो परिवार में सदस्यों के हिसाब से कनस्तरों में पानी भर लेते हैं। इसी में किसी का काम भर पानी इक्ठ्ठा हो गया तो किसी और पर भी रहम कर देता है। टैंकर से ताबड़तोड़ पानी खींचने का सिलसिला आखिरी बूंद तक चलता रहता है। पानी खत्म होने के बाद शुरू होता है मिन्नतों का दौर...जो ज्यादा भर लिया उससे कम पानी पाने वाले उधार मांगते हैं और वादा करते हैं कि अगली बार जब वो ऐसा करने में सफल रहे तो उन्हें जरूर देंगे।

**पानी के लिए रोज करनी पड़ती है जद्दोजहद:** उधारी और मेल-मिलाप में प्यास बूझाने का जुगाड़ इन कॉलोनियों का भाग्य बन गया है। विवेकानंद कैंप में रहने वाली वर्षा ने कहा कि पानी के लिए जद्दोजहद रोज की बात है,
उनके परिवार में आठ सदस्य हैं, टैंकर आने के साथ तेजी न दिखाएं तो पानी ही नहीं मिलेगा।

# दिल्ली पुलिस का 100 डे एक्शन प्लान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ जून 2024 को देश में तीसरी बार सत्ता संभाली। तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ 71 मंत्रियों ने भी शपथ ली। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी मंत्रियों और मंत्रालयों को 100 दिन का एक्शन प्लान मांगा। वहीं दिल्ली पुलिस भी 100 दिन के एक्शन प्लान की तैयारी में जुटी हुई है। क्योंकि नई सरकार बनने के बाद केंद्र सरकार ने सभी मंत्रालयों और विभागों से अगले 100 दिनों के लिए अपने कार्य की योजना को अंतिम रूप देने को कहा है। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने सभी इकाई के प्रमुखों से 14 जून तक 100 दिन का एक्शन प्लान मांगा है। जिसे केंद्रीय गृह मंत्रालय




को दिया जाएगा। सप्ताह की शुरूआत में दिल्ली पुलिस मुख्यालय द्वारा सभी विशेष आयुक्तों और संयुक्त आयुक्तों को उनके वर्टिकल के लिए अगले 100 दिनों की योजना मांगते हुए एक पत्र भेजा गया था। कार्ययोजना में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन, सीसीटीवी कैमरे लगाने, जांच में नई प्रौद्योगिकियों को शामिल करने, कुछ पुलिस चौकियों और पुलिस स्टेशनों के लिए नए भवनों का निर्माण और दिल्ली में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सुरक्षित शहर परियोजनाएं शुरू करने जैसी कई पहल शामिल हैं।

# नागरिक उड्डयन मंत्री ने करनाल एयरोड्रोम का किया निरीक्षण

## अब करनाल में डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाने की परियोजना पर काम करेगी सरकार : डॉ. कमल गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल/राजकुमार प्रिंस**

हरियाणा के स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि अब आने वाले कुछ माह में करनाल से भारतवर्ष के लिए हवाई सफर किया जा सकेगा। इसके लिए करनाल एयरोड्रोम को डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाने की योजना है। हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आज करनाल में एयरोड्रोम, लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ करनाल में डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा की है। इस परियोजना को शीघ्र अति शीघ्र अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब



सिंह और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करनाल के नागरिकों को सुविधा देने के लिए डोमेस्टिक एयरपोर्ट की परियोजना को अमलीजामा पहनाना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से ही करनाल एयरोड्रोम का निरीक्षण किया गया है और अधिकारियों से डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाने को लेकर जो भी कठिनाइयां थी, उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने करनाल एयरोड्रोम की वर्कशॉप, हवाई पट्टी और एयरोड्रोम के चारों तरफ बनाई गई चारदीवारी और अन्य मुख्य कक्षों का निरीक्षण किया। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि करनाल, अंबाला, पिंजौर, नारनौल और भिवानी में 3 से 4 हजार फुट की पट्टिद्दयां हैं। इन सभी हवाई पट्टियों का सर्वे किया जा रहा है और आरसीएस के तहत डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाने की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है।

## पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग सजगः डा. बनवारी लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा लोक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में रेवाड़ी जिला सहित पूरे प्रदेश में पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप हो सके इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सजग है। उन्होंने कहा कि जिस भी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार से कोई व्यवधान है तो उसका समाधान तत्परता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुचारू रखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाएगा ताकि आमजन को गर्मी के मौसम में परेशानी न हो। मंत्री डा.बनवारी लाल आज रेवाड़ी जिला मुख्यालय स्थित लघु सचिवालय सभागार में रेवाड़ी जिला की विकास परियोजनाओं सहित मूलभूत सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में डीसी राहुल हुड्डा ने जनस्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया और जिला में चल रही विकास परियोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की।

# कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा की बल्लभगढ़ विधानसभा को बड़ी सौगात

**को-एड कॉलेज**

**मिला एक और राजकीय को-एड कालेज, शहीद भगत सिंह के नाम से जाना जाएगा कॉलेज**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य और श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा के लिए एक और बड़ी सौगात मिली है। बल्लभगढ़ के सेक्टर 23 में राजकीय को - एड कॉलेज बनाया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र व आस-पास के इलाके के युवाओं को बड़ा फायदा होगा। इस कालेज को शहीद भगत सिंह के नाम से जाना जाएगा। इसी शैक्षणिक सत्र से कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। कॉलेज के नये भवन का निर्माण होने तक राजकीय कॉलेज खेड़ी गुजरान में कक्षाएं लगाई जाएंगी। मूलचंद शर्मा ने इस कॉलेज की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह और केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर- 23 में करीब साढ़े 5 एकड़ में भव्य कॉलेज बनाया जाएगा। को- एड कॉलेज बनाने के लिए जमीन सहित करीब 90 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी बल्लभगढ़ के सेक्टर 2 में सुषमा स्वराज जी के नाम से महिला कॉलेज का निर्माण करवाया है। इसमें आज करीब 1800 बेटियां शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। आज हमारा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पिछली सरकार की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों में शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्य नहीं किए गए थे। यहां से शिक्षा मंत्री रहे, विधायक रहे, लेकिन विकास और शिक्षा के मामले में हमेशा बल्लभगढ़ क्षेत्र पिछड़ रहा। यहां न स्कूल था, न कॉलेज।

# शिकायतों की रिपोर्टिंग के लिए लागू की मानक संचालन प्रक्रिया

**प्रक्रिया**

**शिकायत निवारण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और लोगों की चिंताओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

**हरियाणा** सरकार ने समाधान प्रकोष्ठह्य नामक पहल की है, जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और लोगों की चिंताओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। अब सरकार ने नागरिक शिकायतों और उनकी वर्तमान स्थिति की रिपोर्टिंग के लिए जिला प्रशासन द्वारा अपनाई जाने वाली मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) जारी की है। मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद द्वारा आज यहां जारी आदेशों में उपायुक्तों को मुख्य सचिव कार्यालय को शिकायतों की रिपोर्टिंग करते समय विशिष्ट दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। इन आदेशों के अनुसार जिलों को नागरिक शिकायतों की विस्तृत रिपोर्ट मुख्य सचिव कार्यालय को ईमेल के माध्यम से पर प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे तक प्रस्तुत करनी होगी। रिपोर्ट में रोजाना सुबह की बैठकों के दौरान प्राप्त शिकायतों के साथ-साथ अन्य चैनलों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की जानकारी भी शामिल होनी चाहिए। प्रत्येक शिकायत को शिकायतकर्ता की पीपीपी आईडी, संबंधित विभाग और शिकायत के विवरण के साथ दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए। इसमें यह भी उल्लेख किया जाना चाहिए कि यह नीतिगत अंतराल, कार्यान्वयन सम्बन्धी मुद्दों या अन्य मामलों से संबंधित है या नहीं। नीतिगत खामियों के कारण अनसुलझी शिकायतों को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जाना चाहिए ताकि आवश्यक संशोधनों को उजागर किया जा सके। रिपोर्टिंग प्रारूप में ऐसी नीतिगत खामियों का विस्तृत दस्तावेजीकरण आवश्यक है ताकि समझ और कार्रवाई को सुविधाजनक बनाया जा सके। कार्यान्वयन संबंधी मुद्दों के कारण होने वाली देरी के लिए विशिष्ट कारणों और साक्ष्यों का दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए ताकि त्वरित समाधान हो सके। रिपोर्ट में कार्यान्वयन सम्बन्धी बाधाओं के साथ-साथ किसी भी प्रासंगिक साक्ष्य का विस्तृत विवरण भी शामिल होना चाहिए। विषय वस्तु के आधार पर शिकायतों के सटीक वर्गीकरण से उचित हैंडलिंग और समाधान में मदद मिलती है। इसलिए प्रत्येक शिकायत का उचित ढंग से वर्गीकरण किया जाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री की दौड़ में और कोई भी हैः कुमारी शैलजा

**तंज कसा**

**सांसद ने कहा : लोकतंत्र की ताकत तानाशाह का अहम और वहम दोनों दूर देती है: कुमारी सैलजा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबादः** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव का पड़ाव पार कर दिया है अभी हरियाणा में अगला पड़ाव पार और करना है। सब मिल-जुलकर रहें प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। जो कल तक किसी को



अपने पास में खड़ा तक नहीं होने देते थे, आज वो दूसरे लोगों का हाथ पकडकर चल रहे हैं। उन्हें गले लगा रहे है, यहीं लोकतंत्र हैं। यहीं लोकतंत्र की ताकत है जो अच्छे-अच्छे तानाशाह का अहम और वहम दोनों दूर कर देती है। गुरुवार को कुमारी सैलजा टोहाना में कार्यकताओं का धन्यवाद करने पहुंची थी। यहां पहुंचे पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलजिंदर सिंह ठरवी, स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष अनिल ज्याणी और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और जीत की बधाई दी। इस अवसर पर टोहाना के पूर्व विधायक निशान सिंह, हांसी के पूर्व विधायक अतर सिंह सैनी व सर्व खाप पंचायत के राष्ट्रीय प्रवक्ता सूबे सिंह समैण, समैण के सरपंच रणबीर सिंह गिल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरपाल सिंह बुडानिया, पूर्व मंत्री परमवीर सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिला प्रधान रणधीर सिंह, कृष्ण नांगली आदि मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए सैलजा ने कहा कि हरियाणा में अब दूसरा पड़ाव है यानि तीन माह बाद विधानसभा चुनाव होने है।

# रेगुलराइजेशन पॉलिसी के तहत नियमित किए गए कर्मचारी पदोन्नति के पात्र होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा सरकार ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2014 की रेगुलराइजेशन पॉलिसी के तहत नियमित किए गए कर्मचारी पदोन्नति के पात्र होंगे। हालांकि ऐसे कर्मचारियों की पदोन्नति माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित मौजूदा अपीलों के परिणाम के अधीन होगी। मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने इस सम्बन्ध में सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि ह्यहरियाणा राज्य और अन्य बनाम योगेश त्यागी और अन्यह्ल मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 18 जून, 2020 को जारी निदेर्शों के अनुसरण में, वर्ष 2014 की रेगुलराइजेशन पॉलिसी के तहत नियमित किए गए कर्मचारियों के पदोन्नति लाभों को रोकने का निर्णय लिया गया था। अब माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने मदन सिंह एवं अन्य बनाम हरियाणा राज्य एवं अन्य मामले में विभिन्न एसएलपी को जोड़कर 6 फरवरी, 2024 के अंतरिम आदेशों के माध्यम से निर्देश दिए थे कि 2014 की रेगुलराइजेशन पॉलिसी के तहत नियमित किए गए कर्मचारियों की पदोन्नतियां मौजदा अपीलों के परिणाम के अधीन होंगी।

# जब तक सही मुआवजा नहीं, तब तक खेतों में टावर नही लगेंगे: गुरनाम

**टीम एक्शन इंडिया**

यमुनानगरः खेतों में लगाए जा रहे बिजली के टावरों की मुआवजा राशि अधिक किए जाने की मांग को लेकर भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी की अध्यक्षता में गुरुवार को किसान जिला उपायुक्त से मिलने पहुंचे। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यमुनानगर जिले में बिजली के बड़े-बड़े टावर किसानों के खेतों में लगाए जा रहे हैं। जिसका नाम मात्र मुआवजा सरकार दे रही है। तकरीबन दो बड़ी लाइनों का काम किसानों ने रोका हुआ है। जिसको लेकर कई बार जिला प्रशासन के द्वारा जबरदस्ती की जा चुकी है। लेकिन किसानों ने टावरों का काम नहीं होने दिया और अभी भी काम रुका हुआ है। उन्होंने कहा कि टावरों के मुद्दे को हल करने के लिए जिला उपायुक्त यमुनानगर ने एक कमेटी का गठन किया था। उस कमेटी ने जो फैसला दिया है उससे किसान सहमत नहीं है। जिसको लेकर आज फिर जिला उपायुक्त के साथ एक बैठक की गई। उन्होंने कहा कि किसानों ने अपनी तरफ से मुआवजा बढ़ाने को लेकर दूसरे जिलों में बड़े हुए रेट के फैसले की कॉपी भी जिला उपायुक्त को दी है। उन्होंने कहा कि जो जिला प्रशासन ने कमेटी बनाई थी और उसने जो फैसला दिया है उस से किसान संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि उस फैसले के खिलाफ किसान अंबाला आयुक्त को अपनी शिकायत देंगे। उन्होंने कहा कि तब तक टावरों का काम शुरू नहीं होने दिया जाएगा जब तक किसानों की मांगों पूरी नहीं हो जाती। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान शामिल रहें।

# शहरों में कृषि भूमि की खरीद-फरोख्त में एन.डी.सी. की आवश्यकता नहींः सुभाष

**अनुमति**

**भूमि मालिक सीधे तौर पर करवा सकेंगे अपनी रजिस्ट्री, खाली प्लॉट को बेचने की होगी अनुमति**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कृषि भूमि की खरीद व भूमि का कोई हिस्सा बेचने हेतू नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं से किसी भी एन.डी.सी. की आवश्यकता नहीं है, बल्कि भूमि मालिक सीधे तौर पर अपनी रजिस्ट्री करवा सकेंगे। ऐसी संपत्तियों पर किसी भी तरह का प्रॉपर्टी टैक्स व विकास शुल्क लागू नहीं होगा। राज्य में इस तरह की कुल 2,52,000 संपत्तियां हैं। शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा आज चण्डीगढ़ में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। सुभाष सुधा ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कालोनियों में स्थित खाली प्लॉट को बेचने की अनुमति होगी और इसके लिए प्रार्थी को प्रॉपर्टी टैक्स व अन्य बकाया शुल्क आदि जमा करने के बाद में नो ड्यूज



सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाएगा, जिसके आधार पर वो अपनी संपत्ति को बेच सकेंगे। इससे 4,30,000 संपत्तियों को लाभ मिलेगा। राज्य मंत्री ने कहा कि जिस भी सम्पत्ति मालिक ने लाल डोरा के अंदर स्थित अपनी सम्पत्ति को स्वयं प्रमाणित कर दिया है उसे अपनी संपत्ति बेचने की अनुमति होगी। इस तरह की 6,85,000 संपत्तियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के सभी शहरी क्षेत्रों में 741 अस्वीकृत कालोनियों को नियमित किया जा चुका है। जिसकी सभी 1,71,368 संपत्तियों को बेचने का अधिकार मालिकों को प्राप्त हो गया है। इसके अतिरिक्त, बची हुई 433 कालोनियों को नियमित करने का कार्य 30 जून तक पूरा कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 705 छोटे क्षेत्रों (पैचेस) को भी नियमित किया जा चुका है और ऐसे बचे हुए लगभग 1200 क्षेत्रों (पैच) जो सरकारी भूमि पर, वन क्षेत्रों में या ग्रीन बैल्ट और रोड की भूमि पर होंगे उन्हें छोड़कर बाकी को 30 जून तक अधिकृत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे कुल 13 लाख 38 हजार सम्पत्तियों को लाभ मिलेगा। राज्य मंत्री ने कहा कि 1,17,705 प्रोपर्टीस पर आपत्ति लगाने की वजह से लोग राशि जमा नहीं कर पा रहे थे उन्हे अब राशि जमा करने की सुविधा प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों को घर बैठे सुविधा उपलब्ध करवाने के लिये एच.एस.वी.पी, एच.एस.आई.आई.डी.सी एवं तहसील में किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री होते ही सभी तरह की विवरण नगर निकायों के प्रॉपर्टी पोर्टल पर खुद आ जाएंगी और लोगों को अब इसके लिए कार्यालयों के चक्कर काटने या किसी के पास भी जाने की जरूरत नहीं है और यह सुविधा उन्हे घर बैठे मिलेगी। उन्होंने कहा कि पारिवारिक हिस्सेदारी में परिवार के लोगों को अपनी संपत्ति का बंटवारा करने का अधिकार प्रदान किया गया है।

# पुलिस महानिदेशक ने स्टेट एंपावर्ड कमेटी के सदस्यों के साथ की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सीसीटीएनएस तथा आईसीजेएस प्रणाली को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रैजेंटेशन के माध्यम से सीसीटीएनएस तथा आईसीजेएस परियोजना के तहत किए गए कार्यों को लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक पंचकूला के सैक्टर-6 स्थित पुलिस मुख्यालय में आयोजित की गई । बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कई अन्य जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने भी भाग लिया।



इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर ओपी सिंह, आईजी टेलीकॉम वाई पूरण कुमार सहित कई अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सीसीटीएनएस तथा आईसीजेएस परियोजना के तहत तैयार किए गए स्टेट एक्शन प्लान में नेटवर्क सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि प्रगति डैशबोर्ड में मार्च महीने में हरियाणा का स्कोर 99.86, अप्रैल महीने में 99.99 प्रतिशत था जोकि देशभर में सर्वाधिक था। इसी प्रकार, राइट टू सर्विस के तहत आमजन को हर समय पोर्टल के माध्यम से दी जा रही सेवाओं में भी हरियाणा पुलिस द्वारा 10 में से 10 अंक लगातार प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एफआईआर तथा रोजनामचा के लिए स्पीच टू टेक्स्ट फीचर भी तैयार किया गया है जिस पर काम शुरू हो चुका है।

**विचार-विमर्श**

**नेटवर्किंग सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने को लेकर किया गया विचार विमर्श**

इसे लेकर सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अनुसंधान अधिकारियों को इस तकनीक का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करें ताकि उनकी कार्य कुशलता बढ़े। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से उनके समय की बचत होगी और वे पहले की अपेक्षा ज्यादा सुविधापूर्वक व कुशलतापूर्वक अपना काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वे इस तकनीक का इस्तेमाल करते हुए इस बारे में अपना फीडबैक देना सुनिश्चित करें ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। कपूर ने नए कानूनो के अनुसार सीसीटीएनएस सिस्टम में बदलाव करके केस डायरी माड्यूल पर काम करने के निर्देश दिए।

# बाढ़ आपदा को रोकने के नहीं किए पुख्ता इंतजामः अभय सिंह चौटाला

**प्रतियोगिता**

**मौसम विभाग द्वारा ज्यादा बारिश होने का अलर्ट देने के बावजूद भी फ्लड कंट्रोल के लिए जरूरी पानी निकासी,**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः इनेलो** प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा पिछले साल के मुकाबले इस साल अधिक बारिश होने का अलर्ट देने के बावजूद भी अभी तक मिली सूचनाओं के अनुसार फ्लड कंट्रोल के लिए जरूरी पानी निकासी, ड्रेनेज निर्माण, ड्रेनेज चौड़ा करने, स्टड लगाने, तटबंध मजबूत करने के 80 प्रतिशत से ज्यादा योजनाओं पर काम अधूरे पड़े हैं। जबकि बारिश को आने में सिर्फ कुछ ही दिन बचे हैं। पिछले साल बाढ़ के कारण 12 जिलों के लोगों को जानमाल के साथ पशुओं की मौत और फसलों का बड़े पैमाने पर नुकसान झेलना पड़ा था। जहां बाढ़ के कारण लोगों के तो भूख और प्यास से मरने की नौबत थी, उनकी फसलें और घर उजड़ गए थे, बजाय उनकी सहायता करने के मुख्यमंत्री, मंत्री समेत नेता विपक्ष अपनी पब्लिसिटी के लिए ट्रैक्टरों पर चढ़ कर बेशर्मी से फोटो सेशन करवा रहे थे। अब भी बाढ़ आने के बाद ऐसा ही करेंगे। हकीकत यह है कि आज तक भी बहुत सारे बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया गया है। पिछले साल अगर समय रहते ड्रेनों की सफाई हो जाती तो प्रदेश के लोगों को बाढ़ आपदा से बचाया जा सकता था।

उन्होंने कहा कि 2023 में फ्लड कंट्रोल बोर्ड की स्टेट लेवल मीटिंग में बाढ़ आपदा के लिए 528 प्रोजेक्ट के 1326 करोड़ रूपए मंजूर किए गए थे। ऐसे ही हर साल बाढ नियंत्रण के लिए हजारों करोड़ रूपए का बजट तय किया जाता है जिसे विभाग के अधिकारी और मंत्री मिल कर केवल कागजों में दिखा कर अपनी जेब भरते हैं, धरातल पर कोई काम नहीं किया जाता।

# हरियाणा में तीन राष्ट्रीय दलों के बीच क्षेत्रीय दलों को रास्ता बनाना होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा व कांग्रेस के विकल्प रूप में जहा आम आदमी पार्टी तीसरी ताकत के रूप में उभरती दिखाई दी है वही प्रदेश के क्षेत्रीय दल जेजेपी और इनेलो अस्तित्व के लिए जूझने को मजबूर हुए है। जेजीपी ने विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ने का फैसला किया है। दोनो क्षेत्रीय दलों को इस बार तीन राष्ट्रीय दलों के बीच अपना रास्ता बनाना होगा।

जजपा ने भाजपा से गठबंधन टूटने के बाद राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन किसी भी सीट पर जजपा उम्मीदवार अपनी जमानत नहीं बचा सके।




सोनीपत, कुरुक्षेत्र, रोहतक, अंबाला और फरीदाबाद लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जहां जजपा उम्मीदवार 10 हजार मतों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए। करनाल में 11 हजार 467, गुरुग्राम में 13 हजार 278, भिवानी-महेंद्रगढ़ में 15 हजार 265, सिरसा में 20 हजार 80 और हिसार में 22 हजार 32 वोट जजपा उम्मीदवारों को मिले हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ से एक बार डॉ. अजय सिंह चौटाला और हिसार से स्वयं दुष्यंत चौटाला सांसद रहे हैं, लेकिन तब वे इनेलो के टिकटों पर सांसद रहे थे। 2018 में इनेलो से

**समीक्षा**

**जेजेपी का लोकसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा कर विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला**

अलग होकर जजपा अस्तित्व में आई थी। राज्य में साढ़े चार साल तक भाजपा व जजपा का गठबंधन रहा। जजपा के इस समय 10 विधायक हैं, जिसमें से दो खुले तौर पर भाजपा के साथ चल रहे हैं, जबकि तीन कभी भाजपा व कभी कांग्रेस के पक्ष में खड़े दिखाई देते हैं। भाजपा के साथ चल रहे दोनों विधायकों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जजपा ने विधानसभा स्पीकर को पत्र लिखा हुआ है। 2019 में आम आदमी पार्टी के साथ जजपा मिलकर चुनाव लड़ चुकी है, जबकि 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले सीटों के बंटवारे पर जजपा का भाजपा से गठबंधन टूटा था।

जजपा में चुनाव के बाद मची भगदड़ के बाद पार्टी का संगठन भंग कर दिया गया है। समीक्षा बैठक में संगठन में नई नियुक्तियां करने के साथ ही विधानसभा चुनाव की तैयारी आरंभ करने पर सहमति बनी। जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जल्दी ही मजबूत संगठन तैयार कर प्रदेश के सुरक्षित भविष्य की लड़ाई लड़ी जाएगी। लोकसभा चुनाव में जजपा की जो कमियां रहीं, उन्हें दुरुस्त किया

## न्यूज फ्लैश

### फ्लिपकार्ट ने डीपीआईआईटी से मिलाया हाथ

**गुरुग्राम।** खिलौना निर्यात हब के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को मजबूती देते हुए फ्लिपकार्ट ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) से हाथ मिलाया है। फ्लिपकार्ट ने डीपीआईआईटी के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर खिलौना आपूर्ति उद्योग में भारत की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य के साथ कार्यशाला का आयोजन किया। फ्लिपकार्ट के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार ने कहा, ह्यफ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के माध्यम से हम स्थानीय खिलौना विनिमार्ताओं को ऐसा प्लेटफॉर्म देने में सक्षम हुए हैं, जिससे वे देशभर में ग्राहकों तक पहुंच पाते हैं। इससे उनके विकास को गति मिली है। हमें भारत में खिलौना उद्योग को मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर खिलौना विनिर्माण एवं निर्यात का हब बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ते भारत के विकास को गति देने की दिशा में वाणिज्य मंत्रालय के अधीन डीपीआईआईटी का समर्थन करने की खुशी है। इस कार्यशाला में घरेलू विनिमार्ताओं के कौशल विकास पर जोर दिया गया, जिससे वे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व करने वाले इनोवेटिव एवं उच्च गुणवत्ता के खिलौने बनाने में सक्षम हो सकें। पूरे भारत से सैकड़ों खिलौना विनिमार्ताओं ने कार्यशाला में हिस्सा लिया। गुणवत्ता में सुधार, नवोन्मेष और उद्योग के मानकों का अनुपालन जैसे विषयों को परिचर्चा के केंद्र में रखा गया। कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय खिलौना विनिमार्ताओं को जरूरी उपकरणों, जानकारियों और संसाधनों से लैस करना है, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ सके और उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपना कारोबार बढ़ाने में मदद मिले।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य जनों में डीपीआईआईटी के सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव श्री संजीव, डीपीआईआईटी के निदेशक मोहम्मद इशरार अली, फ्लिपकार्ट के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार और फ्लिपकार्ट में एफएमसीजी एवं जनरल मर्चेंडाइज की प्रमुख मंजरी सिंघल के नाम उल्लेखनीय हैं।

### अजय देवगन के एनवाई सिनेमाज ने दिल्ली-एनसीआर में रखा कदम



**गुरुग्राम।** एनवाई सिनेमाज, जिसके मालिक अजय देवगन हैं, उन्होंने गुरुग्राम के सेक्टर 70 स्थित एलान एपिक मॉल में अपने पहले मल्टीप्लेक्स के लॉन्च के साथ दिल्ली-एनसीआर में कदम रखा है। इस क्षेत्र के सबसे शानदार मल्टीप्लेक्स में से एक होने के नाते यह सबसे अलग है। चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके अभिनेता एवं निर्देशक, अजय देवगन को अपनी कला से बेहद लगाव है। उन्होंने साल 2017 में एक मल्टीप्लेक्स चेन के रूप में एनवाई सिनेमाज की स्थापना की। यहाँ दर्शकों को मिलने वाला अनुभव सिर्फ फिल्म देखने से कहीं बढ़कर है, क्योंकि इस मल्टीप्लेक्स में कई तरह की प्रीमियम सुविधाओं की पेशकश की जाती है। 5 स्क्रीन वाले इस मल्टीप्लेक्स का कुल आकार 46,000 वर्ग-फीट है जिसमें 890 सीटें हैं। इस मल्टीप्लेक्स के हर स्क्रीन में अत्याधुनिक डॉल्बी साउंड सिस्टम लगा है, जो बेमिसाल ऑडियो-विजुअल अनुभव प्रदान करता है। इस सिनेमा को तीन हिस्सों में बड़ी खूबसूरती से तैयार किया गया है, जिनमें प्री-लॉबी एरिया, मेन लॉबी और बेहद आलीशान एमोर लाउंज शामिल हैं। दर्शक बेहद शानदार लाउंज एरिया में सुकून का अनुभव कर सकते हैं, मॉकटेल बार में बेहतरीन पेय-पदार्थों का लुत्फ उठा सकते हैं, साथ ही इन-हाउस शेफ द्वारा सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए लाइव कुकिंग स्टेशनों से जायकेदार व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

# समाधान शिविरों में पहुंचने वाले शिकायतकर्ता परिवार पहचान पत्र जरूर लेकर आए: उपायुक्त

## समाधान शिविर में चौथे दिन 161 शिकायतकताओं ने प्रशासन के सामने रखी अपनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**राज्य सरकार ने आमजन** की शिकायतों का निस्तारण करने को लेकर जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाने की ऐतिहासिक पहल की है। इसमें जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं के समाधान पर बल दिया जाता है। पूरा प्रशासन पूरी तैयारी के साथ जिला सचिवालय के सभागार में मौजूद रहता है। पिछले तीन दिन से लगातार प्रशासनिक अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुन रहे है। जिले में यह पहल रंग लाती नजर आ रही



है। पूरा प्रशासन जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए रोजाना दो घण्टे इन शिविरों के माध्यम से आम जन को समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि सकारात्मक माहौल में ये समाधान शिविर लोगों के लिए किसी बूटी से कम नजर नहीं आते। उपायुक्त ने बताया कि 10 जून को प्रारंभ हुए समाधान शिविर में प्रथम दिन जहां लोगों की संख्या अगुंलियों पर नजर आती थी अब ये आकंड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। दूसरे दिन शिविर में 39 नागरिकों ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी अलग अलग विभागों से जुड़ी समस्याओं को रखा। तीसरे दिन यह आकंड़ा और विस्तार करता हुआ नजर. आया व 112 जरूरतमंद ने अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा।

चौथे दिन इसमें उम्मीद से ज्यादा बढ़ोतरी नजर आयी व 161 लोगों ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं निसंकोच होकर रखी। उपायुक्त डॉ. दहिया ने बताया कि शिविर में आम नागरिकों की प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड व बिजली- पानी से संबंधित समस्याएं मुख्य रूप से नागरिकों द्वारा रखी जा रही है। सभी विभागों के अधिकारी शिविर में उनके विभाग से संबंधित जो भी समस्या आती है उस पर शिददत पूर्वक कार्य किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जो भी शिकायत कर्ता अपनी किसी भी समस्या को लेकर समाधान शिविर में पहुंचता वो अपना परिवार पहचान पत्र साथ लेकर आएं ताकि समस्या की गंभीरता को देखते हुए उस पर उचित कार्यवाही की जा सके।

## समर कैम्प बच्चो में अनुशासन की भावना पैदा करता है: रितु राठी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**वीरवार को पानीपत बाल** भवन सहित शिव नगर स्थित बाल पुनर्वास श्रमिक केंद्र मॉडल टाउन परिकुंज में ग्रीष्मकलिन शिविर का शुभारम्भ हुआ।। जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने बताया कि गर्मी अधिक होने के बावजूद भी बच्चे अधिक संख्या में समर कैम्प में पहुँचे। बच्चो ने योग जुडो कराटे ब्यूटी पार्लर सिलाई कढाई के गुर सीखे। बाल पुनर्वास श्रमिक केंद्र में पहली बार कैम्प लगा जिसके कारण बच्चो में उत्साह था। बाल भवन में पहले दिन कक्षाएं समाप्त होने बाद बच्चो को रिफ्रेशमेंट दी गयी।

जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि समर कैम्प में मुख्य तौर पर स्लम एरिया के बच्चो को जोड़ा जा रहा है,ताकि इन क्षेत्र के बच्चे अन्य गलत कामो से अपना ध्यान हटाकर कैम्प में पहुँचे ओर कुछ सीखकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

## आर्य कॉलेज के खेल मैदान पर होंगे एथलेटिक्स और बेसबॉल के खिलाड़ी तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा सरकार की तरफ से** पूरे हरियाणा में 976 नर्सरी खोलने की घोषणा की गई है जिसमें पानीपत जिले में 29 नर्सरी खोली जाएंगी। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने खेलों को और ज्यादा बढ़ावा देने के लिए पूरे हरियाणा प्रदेश में 976 खेल नर्सरी शुरू करने जा रही है। जिसमें आर्य कॉलेज, पानीपत के खेल मैदान पर एथलेटिक्स और बेसबॉल के खिलाड़ी तैयार करने की अहम जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. गुप्ता ने कहा हम इस जिम्मेदारी को पूरी लगन के साथ निभाएगें। उन्होंने यह भी बताया कि आर्य कॉलेज खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स और बेसबॉल के लिए कोच प्रदीप मलिक व सचिन कुमार खिलाडियों को तराशने का काम करेंगे। आर्य कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश



टूर्ण ने बताया कि एथलेटिक्स के लिए 25 लडकियों व बेसबॉल के लिए 25 लडकों का चयन शुक्रवार 14 जून को आर्य कॉलेज के खेल मैदान पर सुबह 9 बजे किया जाएगा। डॉ. टूर्ण ने यह भी बताया 8 से 19 वर्ष तक के खिलाडी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, फेमिली आई डी, बैंक पासबुक व दो पासपोर्ट साइज के फोटो अवश्य ले कर आएं।

## नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं

### नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत पुलिस ने नशा मुक्त** भारत पखवाड़ा अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को नशे के दुष्परिणामों बारे जानकारी देकर जागरूक किया। समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 जून से 26 जून तक नशे के खिलाफ ह्लनशा मुक्त भारत पखवाड़ाह्व अभियान शुरू किया गया है। जिले में अभियान के सफल आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए हुए है। इसी के तहत वीरवार को थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर सिंह ने पुलिस टीम ने किला पार्क में लोगों को नशे दुष्प्रभावों की



जानकारी देकर इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार ने कहा कि नशे के अवैध धंधे में संलिप्त कुछ लोग चंद पैसे कमाने के चक्कर में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, उन्हें कदापि सहन नहीं किया जाएगा। युवाओं को नशे के प्रति आकर्षित करने के लिए नशा तस्कर तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं, जिनसे युवाओं को नशे की चपेट में आने से बचाना होगा ताकि उनका जीवन व भविष्य खराब न हो। उन्होनें लोगों से आह्वान किया कि नशे के खिलाफ इस युद्ध में आप लोग सच्चाई का साथ दें। अगर

**सामाजिक बुराई**

**नशा एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है**

किसी के परिवार या आस पड़ोस में कोई भी नशे का कारोबार करता है या नशे का सेवन करता है तो बगैर किसी संकोच के उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि नशे जैसी बुराई को जड़ मूल से समाप्त किया जा सके।

नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है।

## योग करने से अच्छी सेहत ही नहीं बल्कि रोगों से भी मिलेगा छुटकारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला आयुष अधिकारी(डीएओ) डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि योग करने से कई फायदे मिलते हैं, इससे न सिर्फ सेहत अच्छी रहती है बल्कि कई रोगों से भी छुटकारा मिलता है। योग से होने वाले फायदों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ही योग दिवस मनाया जाता है। आगामी 21 जून को जिलास्तर और उपमंडल स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। आमजन इसमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और योग करें। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिकांत ने कहा कि योग करना शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य





के लिए भी अच्छा होता है। इससे बीमारियों की चपेट में आने से बचे रहते हैं। नियमित योग करने से व्यक्ति सेहतमंद रहता है। योग करने से सकारात्मक विचार आते हैं। योग दिवस के दिन भारत समेत पूरी दुनिया में भी लोग योग करते हैं। योग दिवस मनाने से दुनिया ने भी योग के महत्व को समझा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिकांत ने कहा कि योग दिवस की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कल सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक योगाभ्यास करवाया गया, जिसमें विभिन्न गणमान्य, अलग अलग विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, इच्छुक जनसाधारण शामिल हुए। शिविर में वक्र आसन, मयूर आसन, ताड़ासन, वृक्ष आसन, अर्ध चक्र आसन तथा पादहस्तासन का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि आसनों से शरीर के घुटने, कमर, उदर, मांसपेशियां व दिमाग स्वस्थ रहता है। इस मौके पर उन्होंने योग के साथ-साथ प्राणायाम व ध्यान पर भी जोर दिया और बताया कि सृष्टि रचयिता भगवान सर्वशक्तिमान है। मनुष्य को नित शुद्ध कर्म करते हुए योग से जुड़े रहना चाहिए।

## आमजन की सेवा और अंत्योदय के भाव से काम कर रही प्रदेश सरकार: मंत्री असीम गोयल



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार आमजन की सेवा और अंत्योदय के भाव से काम कर रही है। निरंतर जन कल्याण की योजनाएं बनाई जा रही हैं और इससे लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल रहा है। मंत्री असीम गोयल अम्बाला सिटी में स्थित अपने कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान बलदेव नगर के लोग अपने यहां से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर परिवहन मंत्री से मिले। उन्होंने सभी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ प्रेम नगर के लोग भी अपनी मांगों को लेकर मिले। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आमजन की समस्याओं का निवारण करने को तरजीह दे रही है। इसके लिए चंडीगढ़ में मुख्य सचिव कार्यालय में समाधान प्रकोष्ठ बनाया गया है, जबकि जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9 से 11 बजे तक लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों की देखरेख समाधान प्रकोष्ठ द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन शिविर मे आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

## समर कैम्प के पहले दिन बच्चो में देखने को मिला जबरदस्त उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**वीरवार को पानीपत बाल** भवन सहित शिव नगर स्थित बाल पुनर्वास श्रमिक केंद्र मॉडल टाउन परिकुंज में ग्रीष्मकलिन शिविर का शुभारम्भ हुआ।। जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने बताया कि गर्मी अधिक होने के बावजूद भी बच्चे अधिक संख्या में समर कैम्प में पहुँचे। बच्चो ने योग जुडो कराटे ब्यूटी पार्लर सिलाई कढाई के गुर सीखे। बाल पुनर्वास श्रमिक केंद्र में पहली बार कैम्प



लगा जिसके कारण बच्चो में उत्साह था। बाल भवन में पहले दिन कक्षाएं समाप्त होने बाद बच्चो को रिफ्रेशमेंट दी गयी। जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि समर कैम्प में मुख्य तौर पर स्लम एरिया के बच्चो को जोड़ा जा रहा है।

## अम्बाला सिविल एन्क्लेव से जल्द शुरू होंगी फ्लाईट

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा के** नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि अम्बाला के सिविल एन्क्लेव (घरेलू हवाई अड्डा) से जल्द ही फ्लाईट शुरू होंगी। इसके लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता गुरुवार को अम्बाला सिविल एन्क्लेव के निमार्णाधीन स्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला कैंट के विधायक अनिल विज भी साथ थे। इस दौरान मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने निमार्णाधीन स्थल का दौरा किया।



इस दौरान उन्होंने पीडब्लूडी विभाग और संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को लक्ष्य लेकर जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अम्बाला कैंट के विधायक अनिल विज की देखरेख में तेजी से सिविल एन्क्लेव का काम आगे बढ़ रहा है। अब नागरिक उड्डयन मंत्रालय मेरे पास आया है तो हमारा यह प्रयास है कि आने वाले कुछ महीनों में ही अम्बाला के इस अड्डे से फ्लाईट शुरू हो जाएं। हमें उम्मीद है कि 15 जुलाई तक इस सिविल एन्क्लेव के भवन का काम पूरा हो जाएगा। अगर इस तय समय पर निर्माण कार्य पूरा हुआ तो अगस्त महीने में यहां से फ्लाईट उडने लगेंगी। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि विगत दस वर्षों से राज्य सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप अम्बाला के लोगों का अपना एयरपोर्ट का सपना साकार होगा। उन्होंने पूर्व मंत्री अनिल विज और एडीसी अपराजिता से अम्बाला सिविल एन्क्लेव को लेकर विस्तार से चर्चा की।

## एसडीएम ने 'समाधान शिविर' में सुनी 36 लोगों की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़, हरियाणा सरकार** के दिशा निदेर्शों अनुसार एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आज 36 शिकायतें आई। एसडीएम संजीव कुमार ने इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया व बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज कर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देश पर अब हर रोज सुबह 9 से 11 बजे तक उप मंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जा रहा है। इस मौके पर क्रीड विभाग से अनिता भालोठिया ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित आई 5 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा



किया। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग से लिपिक प्रदीप कुमार ने समाधान शिविर में 20 लोगों की बुढ़ापा पेंशन बनाई। एसडीएम ने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो सकेगी।

इन शिविरों में जमीन की रजिस्ट्री, एनओसी प्राप्त करने, राशन कार्ड बनवाने, राशन वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसे बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांग व विधवा पेंशन से संबंधित मामलों की सुनवाई भी होगी। इस मौके पर कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, नगर पालिका से लिपिक सोनू, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से प्रवीण यादव बैरावास, जिला कल्याण विभाग से ममता, बीडीपीओ कार्यालय से नितिन, आशुलिपिक ब्रह्मानन्द के अलावा अन्य विभागों से अधिकारी मौजूद थें।

## एईएसएल कैथल के छात्रों ने नीट 2024 में रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने कैथल में अपने 15 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 720 अंकों में 650 व उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। साथ ही प्रभावशाली ऑल इंडिया रैंक हासिल की है.

प्रभावशाली अंक हासिल करने वाले छात्रों में हर्षित गोयल ने 710 अंक और एआईआर 476, सुमन



ने 706 अंक और एआईआर 804, भारती ने 695 अंक, स्मृति और कौशल ने 685 अंक हासिल किए। वहीं कैथल के कुल 15 स्टूडेंट्स ने 650 व उससे अधिक अंक हासिल किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के परिणाम घोषित किए हैं।

## संपादकीय

# नई सरकार में पुराने चेहरों पर भरोसा कायम

**बीते 9 जून** को एनडीए की सरकार का गठन हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार शपथ लेकर रिकार्ड कायम कर दिया। इस बार बीजेपी को आशा के अनुरूप नतीजे नहीं मिले हैं, इसलिए सरकार में गठबंधन के दलों का दखल और प्रभाव बढ़ा है। मोदी मंत्रिमंडल में 71 मंत्री शामिल किए गए हैं, जिनमें गठबंधन के दलों के सांसद भी शामिल है। मंत्रिमंडल के गठन में सहयोगी दलों को तो भागीदारी मिली है, वहीं कई अहम मंत्रालयों में पुराने चेहरों पर दोबारा विश्वास व्यक्त किया गया हे। केंद्रीय मंत्रिपरिषद के स्पष्ट संकेत हैं कि यह निरंतरता की ही सरकार है। मोदी के साथ शपथ लेने वाली मंत्रिपरिषद पर नजर डालें तो कहा जा सकता है कि मोदी गठबंधन की बिसात पर सधी चाल चल रहे हैं। शपथ ग्रहण में एनडीए के सभी घटक दलों के नेता मौजूद रहे और मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व को लेकर कोई खास नाराजगी सामने नहीं आई। हां, अजित पवार की एनसीपी अवश्य मंत्रिमंडल से बाहर रह गई, पर इसके कारण आंतरिक और तार्किक, दोनों बताए जा रहे हैं। पहला, मंत्री बनने के लिए प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे में खींचतान। दूसरा, अतीत में कैबिनेट मंत्री रह चुके प्रफुल्ल का स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री बनने से इनकार। मात्र एक लोकसभा सीट जीत पाई उप मुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी सौदेबाजी की स्थिति में नहीं है। इसका इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव वाले महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या असर पड़ेगा, यह देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि उनके गुट के एक दर्जन से भी ज्यादा विधायकों के शरद पवार से संपर्क में होने की खबरें हैं। शिवसेना तोड़ कर मुख्यमंत्री बनने वाले एकनाथ शिंदे ज्यादा कमजोर आंके जा रहे थे, लेकिन लोकसभा चुनावों में उनका प्रदर्शन अजित पवार की एनसीपी से अच्छा रहा, जिसका पुरस्कार भी उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री के रूप में मिला है। महाराष्ट्र से कुल छह मंत्री बनाए गए हैं, जिनमें भाजपा की रक्षा खडसे भी शामिल हैं, जिनके श्वसुर एकनाथ खडसे फिलहाल शरद पवार की एनसीपी के एमएलसी हैं, पर जल्द अपनी पुरानी पार्टी भाजपा में लौटने वाले हैं। भाजपा के अल्पमत का तनाव और गठबंधन के दबावों, सवालों की जरा-सी भी चिंता प्रधानमंत्री मोदी को नहीं है। कार्यभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री ने प्रथम हस्ताक्षर ह्यकिसान सम्मान निधिह्न वाली फाइल पर किए, तो किसी भी मंत्री को जानकारी नहीं थी। प्रधानमंत्री ने 9.30 करोड़ किसानों के लिए 20,000 करोड़ रुपए जारी किए। किसानों की 17वीं किस्त दी गई। शाम को कैबिनेट की प्रथम बैठक में ही गरीबों के लिए ऐसे 3 करोड़ आवास बनाने की योजना को स्वीकृति दी गई, जिनमें शौचालय, एलपीजी, नल और बिजली के कनेक्शन की सुविधाएं भी होंगी। ये मकान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। मोदी सरकार अपने 10 साला कालखंड में ऐसे 4.21 करोड़ मकान बनाकर बांट चुकी है। सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि पिछली सरकार में जो मंत्री रक्षा, गृह, सडक परिवहन, विदेश, वित्त, शिक्षा, रेल, पेट्रोलियम, वाणिज्य-उद्योग, कानून और पर्यावरण आदि मंत्रालयों के प्रभारी थे, उन्हीं चेहरों को यथावत कार्यभार सौंपा गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 2014 की मोदी सरकार में ही स्वास्थ्य मंत्री थे। अब 2024 की कैबिनेट में भी वह स्वास्थ्य मंत्री बनाए गए हैं।


# लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में ...



निर्मल रानी

> "याद कीजिये अभी गत 18 मई को जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने निर्वाचन क्षेत्र के उस्मानपुर इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे थे उस समय उन पर पहले कुछ लोगों ने स्याही फेंकी और फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। मारने वाला व्यक्ति कन्हैया कुमार को टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य बता रहा था। कन्हैया कुमार के इन दो हमलावरों में दक्ष चौधरी नाम का वह व्यक्ति भी था जिसने पिछले दिनों फैजाबाद के चुनाव परिणामों से खिन्न होकर अयोध्या के लोगों को अपमानित किया था। यह लोग हिंदू रक्षा दल नमक किसी संगठन से जुड़े थे। इन्होंने इनके अनुसार राम को घर वापसी कराने वाली पार्टी (भाजपा) को वोट ना देने पर अयोध्यावासियों को गालियां दीं थी"

**विगत 6** जून को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फिल्म अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रानौत के गाल पर वहां सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात सीआई एस एफ की महिला सिपाही कुलविंदर कौर ने थप्पड़ जड़ दिया। किसी भी सुरक्षा कर्मी द्वारा अति सुरक्षित स्थान पर ऐसा अभद्र व्यवहार किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। इस शर्मनाक घटना के बाद आरोपी महिला सिपाही कुलविंदर कौर को सीआईएसएफ ने तत्काल गिरफ़्तार कर उसे निलंबित भी कर दिया। इस घटना की पृष्ठभूमि यह है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना रानौत ने पंजाब के आंदोलनकारी किसानों को आतंकवादी तथा खालिस्तानी कहा था और यह भी कहा था कि किसान आंदोलन में शामिल प्रदर्शनकारी महिलाओं को सौ-सौ रुपये दे कर प्रदर्शन के लिये लाया गया था। खबरों के अनुसार किसानों के साथ शामिल महिला प्रदर्शनकारियों में महिला सिपाही कुलविंदर कौर की मां भी शामिल थी जो कंगना रानौत की 'महिलाओं को सौ-सौ रुपये लेकर प्रदर्शन करने' वाले बयान से बेहद आहत हुई थी। परिणाम स्वरूप उसी अपमानजनक बयान के बदले के रूप में यह अप्रत्याशित घटना सामने आई। किसान आंदोलन के दौरान ही कंगना ने ट्वीटर पर यह विवादित टिप्पणी भी की थी कि- 'कोई भी इसके बारे में बात नहीं कर रहा है क्योंकि वे किसान नहीं हैं, वे आतंकवादी हैं जो भारत को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि चीन हमारे कमजोर टूटे हुए राष्ट्र पर कब्जा कर सके और इसे यूएसए की तरह एक चीनी उपनिवेश बना सके... बैठ जाओ मूर्ख, हम अपने देश को तुम बेवकूफों की तरह नहीं बेच रहे हैं।' हालांकि इस पोस्ट पर हुई आलोचना के बाद कंगना ने इस पोस्ट को भी हटा लिया था। निश्चित रूप से यदि सिपाही कुलविंदर कौर का कृत्य गलत है तो कंगना रानौत के ऐसे बयानों को भी सही नहीं ठहराया जा सकता। इस घटना के बाद कंगना रानौत द्वारा दिये गये एक और विवादित बयान ने इस





मुद्दे पर चर्चा को और अधिक तूल दे दिया है जिसमे उन्होंने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई घटना का विवरण देने के अंत में कहा कि हमें इस बात की चिंता है कि पंजाब में जो आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है हम उससे कैसे निपटते हैं। ' उनके इस बयान के बाद किसान और भी कड़ी आपत्ति जता रहे हैं और कुलविंदर के समर्थन में एकजुट हो गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित अनेक नेताओं ने कहा है कि इस घटना को पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद फैलने से जोड़ना बिल्कुल गलत है और एक सांसद के नाते तो कंगना को ऐसी बात हरगिज नहीं करनी चाहिये।

परन्तु कंगना के इस 'आतंकवाद ' वाले बयान ने देश में पिछले कुछ दिनों के भीतर हुई ऐसी घटनाओं की याद दिलाते हुये 'आतंकवाद' व उग्रवाद पर एक बहस जरूर छेड़ दी है। याद कीजिये अभी गत 18 मई को जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने निर्वाचन क्षेत्र के उस्मानपुर इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे थे उस समय उन पर पहले कुछ लोगों ने स्याही फेंकी और फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। मारने वाला व्यक्ति कन्हैया कुमार को टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य बता रहा था। कन्हैया कुमार के इन दो हमलावरों में दक्ष चौधरी नाम का वह व्यक्ति भी था जिसने पिछले दिनों फैजाबाद के चुनाव परिणामों से खिन्न होकर अयोध्या के लोगों को अपमानित किया था। यह लोग ह्यहिंदू रक्षा दलह्न नमक किसी संगठन से जुड़े थे। इन्होंने इनके अनुसार ह्यराम को घर वापसी कराने वाली पार्टीह्न (भाजपा ) को वोट ना देने पर अयोध्यावासियों को गालियां दीं थी। क्या इस तरह की सोच व ऐसे कृत्य को उग्रवाद व आतंकवाद से प्रेरित सोच कहना चाहिये ? इसी तरह 13 अक्टूबर, 2011 को प्रसिद्ध वकील प्रशांत भूषण पर सुप्रीम कोर्ट में उनके चैंबर में हमला किया गया था। उस दिन तीन लोग प्रशांत भूषण के चैंबर में घुस आए थे और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भूषण उस समय किसी टीवी चैनल को साक्षात्कार दे रहे थे। अतिवादियों ने प्रशांत भूषण को थप्पड़ और लात मारी। वे फर्श पर गिर गए, उनका चश्मा गिर गया और उनकी शर्ट फट गई थी। भूषण के एक हमलावर तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को बाद में भाजपा ने अपनी पार्टी में शामिल कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी थी । हमलावरों ने स्वयं को श्री राम सेना से बताया था। यह वही दक्षिणपंथी हिंदू चरमपंथी समूह था जिसके कार्यकताओं ने 2009 में मैंगलोर के एक पब में बैठी युवतियों पर हमला किया था। यह उग्रवाद व अतिवाद नहीं तो और क्या है ? और गत वर्ष 31 जुलाई को सुबह 5 बजे जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में घटी उस हिंसक घटना को क्या नाम दिया जाये जब वापी और बोरी वली रेलवे स्टेशन के बीच दौड़ रही इस ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात आर पी एफ के एक 30 वर्षीय कॉन्स्टेबल चेतन सिंह ने गोलीबारी कर अपने सीनियर एक इंस्पेक्टर टीकाराम मीणा सहित अब्दुल कादिर ,असगर अब्बास शेख व सैयद सैफुल्लाह नामक चार व्यक्तियों की हत्या कर दी थी। देश में मॉब लिंचिंग के सैकड़ों मामले हो चुके हैं। धर्म व जाति विशेष के लोगों को निशाना बनाया जाता रहता है। गौ रक्षा के नाम पर स्वयंभू गौरक्षक तमाम लोगों को मार चुके हैं। मंत्री सांसद विधायक व स्वयंभू धर्मगुरु धर्म विशेष के लोगों को आतंकी बताते हैं तो कभी उन्हें सार्वजनिक रूप से धमकियाँ देते हैं। यह आतंकवाद व अतिवाद नहीं तो और क्या है। हिन्दू जागरण के नाम पर आजकल बेखौफ होकर नफरत फैलाई जा रही है। जिससे समाज का सीधा सादा बेरोजगार युवा उनके झूठे नफरत भरे दुष्प्रचार से प्रभावित होकर धर्म विशेष के प्रति उग्र हो रहा है। ऐसे लोगों पर नकेल कसने वाला कोई नहीं। बल्कि ऐसे असामाजिक व अवांछित तत्वों की किसी न किसी तरह हौसला अफजाई की जाती है। पंजाब इस समय पूर्णतयः शांतप्रिय राज्य है। यहाँ शांति कायम करने में अनेक लोगों को अपनी जान की कुर्बानियां देनी पड़ी है। लिहाजा अपनी बदजुबानी के लिये मुआफी मांगने या उसपर पश्चात्ताप करने के बजाये किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा आतंकवाद की चिंता व्यक्त करने पर जिसे यह भी नहीं पता कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू थे,सुभाषचंद्र बोस नहीं। जिसे यह भी नहीं पता कि देश 1947 में आजाद हुआ था 2014 में नहीं, अफसोस ही व्यक्त किया जा सकता है। यदि कहीं अतिवाद का धुआं उठता भी हो तो उसे हवा देने के बजाये उसपर पानी डाल कर धुआं खत्म करने की जरुरत है। इस सन्दर्भ में राहत इंदौरी का यह शेर जरूर याद रखना चाहिये कि -'लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में । यहाँ पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है ।।

## कविता

जम्मू( कठुआ) में जवानों
पर तुमने किया हमला
निरीह श्रद्धालुओं को
मौत की नींद सुलाई
तुम्हें जरा भी शर्म नहीं आई।

हमला था तुम्हारा कायराना,
हमसे बढ़ाना चाहते हो याराना
अब फिर तुम्हारे घर में घुस
मार कर सर्वनाश करेंगे तुम्हारा।

बहुत हुआ पाकिस्तान-पाकिस्तान,
सचमुच बना देंगे उसे कब्रिस्तान।
अबकी बार
पाक को कफन ही पहनाएंगे।

अपने शहीद साथियों
के बदले आतंकियों का
सर ही काट लाएंगे।
ए दुश्मन इसे धमकी न
समझना तेरी औकात
जानते है हम ।

सचमुच
कसम हिंदुस्तान की
न चूकेंगे, न रुकेंगे,
समूचा इस्लामाबाद
इस बार दिल्ली
घसीट कर ले आयेगे।

संजीव

# याद रखे देश शिशुओं के जलने के हादसे को

आर.के. सिन्हा

**अभी एक महीना भी** नहीं हुआ और देश की राजधानी में हुए एक दर्दनाक अग्निकांड को भुला दिया गया है। पिछली 25 मई को जिस दिन दिल्ली में लोकसभा चुनावों के लिए वोटिंग हुई थी उसी दिन ईस्ट दिल्ली के विवेक विहार के एक निजी अस्पताल में भीषण आग लगने के कारण सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। जैसा कि हमारे यहां होता आ रहा है- घटना के बाद नेताओं की तरफ से अफसोस जता दिया गया, स्थानीय प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा कर दिया और कुछ गिरफ्तारियां भी हो गईं। यह सब कुछ दिनों तक चला और फिर दुनिया अपनी रफ्तार से चलने लगी और फिर एक तरह से अगले हादसे तक के लिए सब कुछ सामान्य हो गया। हमारी नींद तो किसी हादसे के बाद ही खुलती है और पुनः हम कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं । क्या हम इतने भयावह हादसे को लेकर पूरी तरह से संवेदनहीन हो चुके हैं? लगता तो यही है। अगर इस तरह की स्थिति न होती तो इतनी जल्दी विवेक विहार में हुई त्रासदी पर अफसोस जताना बंद न हो जाता। यह तो मानना ही होगा कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं तेजी से निजी हाथों में चली जा रही हैं। मतलब प्राइवेट अस्पताल खुलते ही चले जा रहे हैं। तंग गलियों में चलने वाले गंदे क्लीनिकों से लेकर पॉश कोरपोरेट इलाकों में अस्पतालें चल रहे हैं। ये ही देश में 70 फीसद तक जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो सरकार अब 25-30 करोड़ लोगों को ही स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। जब इतने बड़े स्तर पर प्राइवेट क्षेत्र हेल्थ सेक्टर को देखने लगा है, तो क्या इस पर किसी का नियत्रंण है? विवेक विहार की घटना साबित करती है कि इन प्राइवेट अस्पतालों पर किसी को कोई खास नियंत्रण नहीं हो रहा है। जिस दो मंजिला बेबी डे केयर सेंटर में आग लगी वहां नवजात शिशुओं का इलाज और देखरेख एक आयुर्वेदिक डॉक्टर करता था। अब आप समझ सकते हैं कि हमारे यहां स्वास्थ्य सेवाओं की हालत कितनी पतली हो चुकी है। आग लगने के कारण सेंटर में भर्ती 12 नवजात में से सात ने दम तोड़ा। इसमें से कुछ झुलस गए थे तो कुछ नवजात ऑक्सीजन सपोर्ट हटने से जीवित नहीं रह पाए। मुझे ईस्ट दिल्ली के सोशल वर्कर जितेन्द्र सिंह शंटी बता रहे थे कि सेंटर में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से आग ने फौरन विकराल रूप ले लिया। सिलेंडर केयर सेंटर से दूर दूर जाकर गिरे। स्थानीय लोगों को लगा कि भूकंप आ गया है। शंटी और उनके साथियों ने आग बुझाने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में दिन-रात एक कर दी थी। हमारे यहां अस्पतालों में आग लगने के कारण लगातार बड़े हादसे होते रहे हैं। 2011 में कोलकाता के एएमआरआई अस्पताल में आग लगने से 90 लोगों की मौत हो गई थी। अप्रैल 2021 में, कोविड-19 महामारी के चरम पर, मुंबई के पास विजय वल्लभ अस्पताल में आग लगने से 13 मरीजों की मौत हो गई थी। उसी वर्ष, मुंबई में फिर से सनराइज अस्पताल में आग लगने से 11 मरीजों की मौत हो गई।

## विचार

# महाराज और शिवराज पर भरोसे का मतलब

राकेश अचल

**केंद्रीय हिन्दू मंत्रिमंडल** में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व केंद्रीय मंत्रीय ज्योतिरादित्य सिंधिया को शामिल करने के पीछे क्या वजह ये जानने में लोगों की बड़ी दिलचस्पी है। भाजपा के इन दो हंसों की जोड़ी 2018 के विधान सभा चुनाव में आमने-सामने थी । तब महाराज यानि ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस में हुआ करते थे और चौहान मप्र के मुख्यमंत्री थे।इस चुनाव में भाजपा ने 'माफ करो महाराज ,हमारे नेता शिवराज ' का नारा दिया था और कांग्रेस की और से ' माफ करो शिवराज ,हमारे नेता महाराज ' का नारा उछला और कामयाब भी हुआ था । शिवराज सत्ताच्युत हो गए थे ,लेकिन महाराज अपनी पार्टी के सत्ता में आने के बाद भी मुख्यमंत्री नहीं बन पाए थे।

मप्र की इस जोड़ी ने ही 2020 में फिर कमाल किया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस से बगावत कर कांग्रेस की सरकार गिरा दी । मुख्यमंत्री कमलनाथ को पदच्युत कराकर अपने अपमान का बदला लिया और एक बार फिर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनवा दी थी। 2020 से ही ये जोड़ी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की नजरों में चढ़ी हुई थी। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी इस जोड़ी ने हाड़तोड़ मेहनत कर मप्र में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाकर भाजपा की सरकार बनवाई। ज्योतिरादित्य सिंधिया को तो 2020 के करतब के लिए पुरस्कार के रूप में राज्य सभा की सदस्यता और केंद्रीय मंत्री मंडल में स्थान मिल गया था ,किन्तु शिवराज सिंह को कोई इनाम-इकराम नहीं मिला था। उलटे उनके स्थान पर मोहन यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर चौहान को अपमानित जरूर किया गया था भाजपा की और से। शिवराज सिंह मंजे हुए खिलाडी निकले। उन्होंने अपमान का कड़वा घूँट बिना ना-नुकुर के पी लिया। नतीजा ये हुआ कि 2024 के आम चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ चौहान को भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिल गयी। ज्योतिरादित्य सिंधिया को तो मंत्री बनना ही था क्योंकि वे प्रधानमंत्री के गांव-गौड़े के नाते दामाद लगते हैं ,लेकिन शिवराज सिंह चौहान को उनकी योग्यता और मौन साधना की वजह से मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। एक समय उनका नाम मोदी के उत्तराधिकारी के रूप में भी सुर्ख़ियों में आया ,लेकिन वे शायद अभी इस लायक नहीं बन पाए हैं।

प्रधानमंत्री ने केंद्र में बैशाखी सरकार का गठन करने के फौरन बाद अपने मंत्रिमंडल में सिंधिया और चौहान को एक खास मकसद से जगह दी है। इन दोनों को मंत्रिमंडल में लिए जाने से जातीय संतुलन बना या नहीं ये भी हम नहीं जानते । हम ये जानते हैं कि मोदी जी के पूर्व मंत्रिमंडल के नाकाम कृषिमंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की वजह से मोदी जी और उनकी पार्टी को किसान आंदोलन के दौरान जो फजीहत झेलना पड़ी उसे देखते हुए ही शिवराज सिंह चौहान को नया कृषि मंत्री बनाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी मध्यप्रदेश से ही थे । वे किसान आंदोलन को ढंग से हैंडिल नहीं कर पाए थे। दरअसल तोमर यानि ग्वालियर के मुन्ना भैया ,मौन सिंह साबित हुए थे । वे न किसानों को मना पाए और न किसान यूनियनों को। उन्हें किसान संगठनों से संवाद स्थापित करने में भी कोई कामयाबी नहीं मिली। उलटे सरकार के माथे पर 700 किसानों की हत्या का दाग और लग गया था। विवादास्पद कानून वापस लेने पड़े थे सो अलग।

देश के किसान अभी भी आंदोलित है। किसान आंदोलन किसी भी समय भड़क सकता है । किसान आंदोलन का खमियाजा भाजपा ने आम चुनावों में भी उठाया। ऐसे में वाचाल,मिलनसार और किसानों से सीधा रिश्ता कायम करने में समर्थ शिवराज सिंह चौहान को चुना गया। हालाँकि मुख्यमंत्री के रूप में शिवराज सिंह चौहान के ऊपर भी मंदसौर गोलीकांड का दाग लगा हुआ है। बहरहाल अब शिवराज सिंह को आपने आपको एक बार फिर प्रमाणित करना है। उनके पास एक मुख्यमंत्री के रूप में 18 साल से जयादा समय का अनुभव है ,जो प्रधामंत्री जी के अनुभव से भी कहीं ज्यादा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# डाकू जी प्लीज लूट लीजिए ना!

रामविलास जांगिड़

**वित्त मंत्रालय** के रुपया देव वितखोर एक बहुत ही कट्टर एवं खतरनाक ईमानदार व्यक्ति थे। उन्होंने वित्त मंत्रालय लूटने के लिए क्षेत्र के घनघोर डाकुओं को आमंत्रित किया। वित्त मंत्रालय लूटा जाएगा तो, दुनिया में उनका सम्मान होगा और इससे मंत्रालय की प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। एक दिन, वितखोर जी ने द्रव कदम उठाया और कुछ विख्यात डाकुओं को आमंत्रित किया। डाकूगण, जो अमूमन चोरी-डकैती में माहिर थे, इस सुखद निमंत्रण पर खुश थे। लेकिन नेताजी के बदले वे वित्त मंत्रालय कैसे लूट पाते? इस बात का उनको संशय हुआ। उन्हें डकैती का ये नवाचार लगा और वे वित्त मंत्रालय में पहुंचे। मंत्रालय के सभी अधिकारियों ने उन्हें बंदूकें देकर स्वागत किया। वे हंसते हुए, पुष्पगुच्छ और मिठाइयों के साथ डाकुओं का तिलक निकाल रहे थे। मंत्रालय के मैनेजर वितखोर जी ने डाकुओं का स्वागत करते हुए कहा, "आपका स्वागत है! वैसे तो हर मंत्रालय आपके कर-कमलों से लुटने के लिए लालायित है, लेकिन आपने हमारे को चुना इसलिए फिर से बहुत धन्यवाद! आप लोगों के आने से हमें वैश्विक स्तर पर बड़ी पहचान मिलेगी।" डाकू नेता कुछ समय तक ये सब सुनता रहा, अंततः बोला, "आप लोग पागल हो गए हैं क्या? हम डाकू हैं, उत्सव मनाने के लिए नहीं आते, बल्कि लूटपाट करने के लिए आते हैं। ऐसे शांतिपूर्वक तरीके से हम अगर लूटने लगे, तो डाकू समाज में हमारी बेइज्जती होगी। तुम्हारा कुछ नहीं बिगड़ेगा! आपके इस दुर्व्यवहार से आज हम कुछ भी लूटने के मूड में नहीं हैं।" यह कहते हुए डाकुओं ने मंत्रालय लूटने से मना कर दिया और वहां से चले गए। वित्त मंत्रालय के मैनेजर वितखोर और अधिकारी इस असफल प्रयास से बहुत निराश हुए। नेता गिरगिट गुरु जी राजनीति के धाकड़ जंतु थे। उन्होंने मुस्कुरा कर धीमे से मन ही मन सोचा, "मुझे पहले ही पता था कि वित्त मंत्रालय को डाकू लूट नहीं सकेंगे। मंत्रालय लूटने का काम तो हम जैसे नेता लोगों का मूल अधिकार है।" तब वे तुरंत सीन पर उपस्थित हो गए। गिरगिट गुरु जी ने वित्त मंत्रालय मैनेजर वितखोर जी से कहा, "जब डाकू वित्त मंत्रालय लूटने नहीं आए, तो मैं आपकी मदद करूंगा। मेरा पिछला रिकॉर्ड है कि मैं डाकुओं का भी गुरु रहा हूं।

## आतंकवाद की घृणित विचारधारा को करना होगा समूल नष्ट

संजीव

**जम्मू** काश्मीर फिर आतंकवाद की ज्वाला से धधक रहा है, कठुआ, हीरानगर ,डोडा में गंभीर आतंकवादी हमला हुआ जिसमें एक सेना का जवान शहीद हो गया। इसके अलावा आतंकवादियों द्वारा धार्मिक यात्रा से लौटते हुए रियासी नामक स्थान पर श्रद्धालुओं पर बेतहाशा गोलियां बरसाई गई बस के पलटने से 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। उधर इटली में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा महात्मा गांधी की मूर्ति को खंडित किया गया जिसका अनावरण ऋ7 समिट में शामिल होने जा रहे प्रधानमंत्री मोदी जी करने वाले थे। आतंकवाद ने न सिर्फ देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाक में दम करके रखा है। अब समय आ गया है कि आतंकवादियों को एक सिरे से कुचल दिया जाए और आतंकवादी विचारधारा को समूल नष्ट किया जाए।आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम में विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है।

## न्यूज फ्लैश

### करनाल में व्यापारी के साथ धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा तरावड़ी** में एक व्यापारी ने ब्रोकर पर गोदाम में रखे चावल गबन करने का आरोप लगाया है। चावलों की कीमत करीब 30 लाख रुपए और वजन 45 से 50 टन आंका गया है। व्यापारी ने जिस गोदाम में चावल स्टॉक किया हुआ था, उसकी एक चाबी ब्रोकर के पास होती थी। जिसने पीछे से सारा चावल गायब कर दिया। पीड़ित व्यापारी ने मामले की शिकायत तरावड़ी थाना पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मेरठ निवासी शुभम बिंदल तीन साल से तरावड़ी के सदर बाजार में अपनी दुकान शुभम एंटरप्राइजेज से चावल का व्यापार कर रहा है। उसने तरावड़ी सब्जी मंडी में एक गोदाम किराये पर लिया हुआ था। इस गोदाम में जनवरी 2024 तक लगभग 45-50 टन चावल रखा हुआ था, जिसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए थी।शुभम बिंदल ने बताया कि वह तरावड़ी के ब्रोकर सतनाम राठी की फर्म रवनीत एंटरप्राइजेज से काम कर रहा था। सतनाम राठी उनके गोदाम में रखे चावल की देखरेख करता था और गोदाम की एक चाबी भी उसके पास थी। जनवरी 2024 के बाद शुभम बिंदल गोदाम देखने नहीं आया। बीती 9 जून को किसी अन्य ब्रोकर ने शुभम को सूचना दी कि वे अपने गोदाम की जांच कर लें, क्योंकि शायद वहां चावल नहीं है। इसके बाद वह 12 जून को गोदाम में पहुंच गया और चावल गायब मिला। उसने ब्रोकर से भी पूछताछ की, लेकिन उसने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया।

### श्रमिकों को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। आज औद्योगिक** क्षेत्र सैक्टर-3 में कार्यक्रम का आयोजन कर महिला व पुरूष श्रमिकों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। जिला पुलिस की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा औद्योगिक संस्थानों में कार्य कर रहे श्रमिकों को बताया कि नशा वैसे तो हर तरीके से शरीर को हानि पहुंचाता है, लेकिन यह करने वाले के मानसिक स्वास्थ्य पर सबसे पहले व सबसे बुरा प्रभाव डालता है, जिसके कारण उन्हें तनाव, अवसाद, सिरदर्द या माइग्रेन जैसी मानसिक समस्याएं होने लगती हैं। उन्होंने कहा कि यदि सीधे शब्दों में कहें तो नशा मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर इतना गहरा प्रभाव डालता है, जिससे नशा करने वाले की सोचने, समझने व कार्य करने की शक्ति कम होने लगती है और धीरे-धीरे यह समाप्त हो जाती है। नशा करने से ओर भी कई प्रकार की बिमारियां होती है जैसे शराब ज्यादा पीने से लीवर, स्नयुतंत्र, दृष्टिहीनता की समस्या ज्यादा उत्पन्न होती है एवं गुटका, पानमसाला, खैनी व सिगरेट आदि के सेवन से मुंह व फेफडे का जानलेवा कैंसर हो सकता है। इसलिए नशे से दूर रहें अपने बच्चों को भी इस बीमारी से बचाएं व अपना और उनका जीवन खुशहाल बनाए। इस संबंध में जिला पुलिस के इस अभियान के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नायब सिंह ने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति परिवार के लिए बोझ स्वरूप हो जाता है, उसकी समाज एवं राष्ट्र के लिए उपादेयता शून्य हो जाती है। नशा करने वाला व्यक्ति नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है तथा शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है।

### दो वाहन चोर और एक चोरी के वाहन खरीदने वाला काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी आटो थेफ्ट टीम** द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर पश्चिमी यमुना बाईपास करनाल पर नाकेबंदी के दौरान दो आरोपियों जोनी उर्फ जीती पुत्र रमेश कुमार और शुभम उर्फ शुभी पुत्र राजबीर सिंह वासी घरौंडा को चोरी की मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूछताछ में आरोपियों ने तीन अन्य वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा किया, जिसमें से एक ई-रिक्शा उनके बताए स्थान से पुलिस बरामद की गई।

# सिविल अस्पताल की अनियमितताओं की रिपोर्ट के बाद होगी कार्यवाही : डा. कमल गुप्ता

**सिविल अस्पताल में औचक निरीक्षण के दौरान कुछ अनियमितताएं पाई गई हैं: कमल गुप्ता**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। स्वास्थ्य एवं नागरिक** उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि सिविल अस्पताल में औचक निरीक्षण के दौरान कुछ अनियमितताएं पाई गई हैं। इन अनियमितताओं को लेकर सिविल सर्जन से सात दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है। इस रिपोर्ट के बाद दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अहम पहलू यह है कि स्वास्थ्य मंत्री ने अस्तपाल की सफाई व्यवस्था पर भी नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने वीरवार को सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल के विभिन्न विभागों और फिर ट्रॉमा सेंटर का दौरा किया। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर में मरीजों से बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा।

इन मरीजों से बातचीत करने के उपरांत यह तथ्य सामने आए कि कुछ मरीज ऐसे थे, जिन्हें मेडिसन वार्ड में भर्ती किया जाना था, लेकिन इन मरीजों को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल किया गया था। इस विषय को स्वास्थ्य मंत्री ने गंभीरता से लिया और मरीजों को जनरल वार्ड में शिफ्ट करने के आदेश भी दिए। यहां पर कैबिनेट मंत्री ने मरीज किताबो से बातचीत की और स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण करने से पहले सिविल अस्पताल के प्रांगण, कार्यालयों और अन्य वार्डों की सफाई व्यवस्था का आंकलन किया। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर के एक शौचालय की परिसर में उखड़ी टाईलों का कारण पूछते हुए उस पर नाराजगी जताई। इसके साथ ही पार्किंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिविल अस्पताल के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अस्पताल की अनियमितताओं को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की जाए और इस रिपोर्ट को सात दिनों के अंदर उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाए। इस रिपोर्ट के आधार पर दोषी चिकित्सकों, अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## समाधान शिविर में चौथे दिन भी किया सैकड़ों शिकायतों का निपटारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लघु सचिवालय** में चौथे दिन भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने की। शिविर में सैकड़ों शिकायतों का निपटारा किया गया।हरियाणा सरकार के निर्देश पर हर कार्य दिवस पर लघु सचिवालय में परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नकशे की मंजूरी, पैंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों के निपटारे के लिये समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। शिविर में क्रिड विभाग से संबंधित 33 शिकायतें पहुंची, जिनमें से 18 का मौके पर निपटारा किया गया। लंबित 15 शिकायतों के शीघ्र निपटान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने बताया कि आय संशोधन संबंधी 15 शिकायतों में से 3 का, बुढ़ापा पेंशन संबंधी 5 में से 3 का, परिवार विभाजन संबंधी सभी 5 का, राशन कार्ड संबंधी 3 का, नई फैमिली आईडी संबंधी एक, बैंक लेखा संबंधी एक, जन्म तिथि संशोधन संबंधी एक, आयुष्मान संबंधी एक शिकायत का मौक पर ही निपटारा किया गया

## अवैध देशी पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सीआइए वन** की टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी करते हुएआरोपी भारत चौधरी उर्फ गोलू पुत्र कर्मबीर चौधरी वासी मेरठ रोड़ करनाल को मेरठ रोड़ पर लाल बत्ती के पास गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से मौके पर 32 बोर का एक अवैध देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह हथियार वह काफी दिन पहले सुरजनगर, कट्टाबाग मेरठ रोड करनाल में एक व्यक्ति से लिया था।

## सीवरेज लाईनों की समय पर सफाई होगी सुनिश्चित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। सीवरेज ब्लोकेज** या ओवरफ्लो होने की शिकायतों का त्वरित समाधान करने को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने निगम अभियंताओं के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग की। उन्होंने स्पष्टद्द किया कि इस तरह की शिकायत मिलने पर समय पर उसका समाधान करवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकिनागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। अगर इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही मिली, तो एजेंसी पर पेनल्टी लगाई जाएगी। बैठक में उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि समय पर शिकायतों के निपटान के लिए सुपर सकर व जेंटिंग मशीनों के कार्य के घंटे बढ़ाए जाएं। सीवर मैन की संख्या भी पूरी रहनी चाहिए और इन्हें दो शिफ्टों में लगाया जाए। 300 एम.एम. से बड़ी लाईनो की सफाई के लिए बनाएं योजना- बैठक में उन्होंने 300 एम.एम. से बड़ी सीवर लाईनो की सफाई के कार्य को जल्द मुकम्मल करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों को 40 दिन का समय दिया। उन्होंने कहा कि एक योजना बनाकर इस कार्य को किया जाए। मीटिंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि 300 एम.एम. से बड़ी करीब 32 किलोमीटर की सीवर लाईने शहर में मौजूद हैं, जिसमें से 12 किलोमीटर लाईन की सफाई हो चुकी है, शेष 20 किलोमीटर लाईन की सफाई बकेट मशीनों से करवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त 300 एम.एम. से छोटी सीवर लाईनों की सफाई सुपर सकर व जेटिंग मशीनो से करवाई जाती है। उन्होंने नगर निगम के अधीक्षण अभियंता अरविंद रोबिला को निर्देश दिए कि वह सीवर लाईनो के सफाई कार्यों की साप्ताहिक बैठक लेना सुनिश्चित करें। सभी सीवरेज मेनहोल पर हो ढक्कन- उन्होंने बैठक में मौजूद कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा को निर्देश दिए कि शहर में मौजूद सभी सीवरेज मेनहोल पर ढक्कन होने चाहिए। अगर कोई ढक्कन क्षतिग्रस्त हो गया है तो उसे भी बदला जाए। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों से भी कहा कि सफाई के दौरान मेनहोल पर ढक्कन न मिलने की स्थिति में नगर निगम को सूचना दी जाए। उन्होंने बताया कि करीब 80 मेनहोल कवर निगम के स्टोर में मौजूद हैं।

## बंदरों के कारण तीसरी मंजिल से गिरी छात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर के जाटो गेट** क्षेत्र में बंदरों के कारण 9वीं कक्षा की छात्रा तीसरी मंजिल से गिर गई। परिजन उसे तुरंत कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा घर की छत पर टहलने गई थी, तभी बंदरों ने झुंड उसे पर हमला कर दिया, जिसके कारण उसका संतुलन बिगड़ गया। पुलिस ने छात्रा को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक छात्रा की पहचान 14 वर्षीय कनिका के रूप में हुई है।घटना जाटो गेट इलाके की है। मृतका के भाई दीपक ने बताया कि बीती शाम को कनिका छत पर अकेली थी। इस दौरान बंदर उसकी तरफ बढ़े। इससे कनिका घबरा गई और गिर गई। वह घर के अंदर रहा था। आवाज आने पर वह बाहर निकला तो देखा कि बहन गिरी पड़ी है। इसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि कनिका के सिर में गंभीर चोट आई। अगर ब्लीडिंग बाहर हो जाती तो शायद कनिका बच जाती, लेकिन चोट के कारण सिर के अंदर ही ब्लीडिंग शुरू हुई है। जो उसकी मौत का कारण बनी। दीपक ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब इस इलाके में बंदरों के हमले की खबर आई हो। बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। वह पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुके हैं।

## महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से 5 प्रदेशों के लिए अगस्त से शुरू होगी उड़ान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: मुख्यमंत्री** नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ समेत 5 प्रदेशों की उड़ान शुरू करने जा रही है। महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से उड़ानों को लेकर एलाइंस एयर एवियशन लिमिटेड के साथ आज एक समझौता हुआ है। प्रदेश के लोग जल्द ही हिसार से उड़ान भर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करने के सपने को हरियाणा में भी पूरा किया जाएगा।

**एकीकृत**

**▶▶ एकीकृत विमानन बनाने के व्यापक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की अधिक संभावनाओं के रास्ते खोल दिए हैं**

मुख्यमंत्री नायब सिंह आज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सेक्टर-1 पंचकूला में हरियाणा सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग और एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड के माध्यम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) के तहत क्षेत्रीय हवाई अड्डों के लिए हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने के बाद बोल रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह , नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता की मौजूदगी में नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त निदेशक सतीश कुमार सिंगला और एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड के नेटवर्क प्लानिंग हेड रंजन कुमार दत्ता सीईओ ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत उड़ानों के शेड्यूल की रूपरेखा जल्द ही तैयार की जाएगी।

**यहां-यहां पर जाएंगी:** महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से उत्तर प्रदेश के अयोध्या, हिसार से गुजरात के अहमदाबाद, हिसार से प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़, हिसार से जयपुर और हिसार से जम्मू के लिए निर्धारित उड़ान मार्गों के लिए उड़ान संचालन की शुरूआत की जाएगी।

**प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि आज नागरिक उड्डयन हरियाणा के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। एलायंस एयर के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर ने हिसार को एक एकीकृत विमानन बनाने के व्यापक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की अधिक संभावनाओं के रास्ते खोल दिए हैं।

## भाजपा ने देश पर थोपी अपनी विचारधारा, जनता ने नकारा : कुमारी शैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जाट भवन पहुंचने** पर सिरसा से नवनिर्वाचित सांसद कुमारी शैलजा का कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान शैलजा ने एनडीए पर जमकर निशाना साधा। केंद्र में ऑल इंडिया गठबंधन की सरकार नहीं बन पाई, इस सवाल पर कुमारी शैलजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि इसमें कुछ भी नहीं है, लेकिन पिछली बार के मुकाबले हम काफी आगे बढ़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर नैतिक रूप से कहा जाए तो भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी की यह अपनी हार है। 400 पार का नारा धराशाही हो गया। भाजपा ने पूरे देश पर अपनी विचारधारा थोपने का भी प्रयास किया, उसको देश ने पूरी तरह से नकार दिया है।

## योग क्रियाओं का प्रदर्शन नहीं, अंतर्मन के दर्शन की साधना भी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिला आयुष** अधिकारी (डीएओ) डॉ. सतपाल ने कहा है कि योग केवल योग क्रियाओं का प्रदर्शन मात्र नहीं है, बल्कि अंतर्मन के दर्शन की एकमात्र साधना भी है। योग का पूरा लाभ लेने के लिए चार बातों पर ध्यान देना होगा-विधि, अवधि, निरंतरता व एकाग्रता। साथ ही योग के प्रति विश्वास भी जरूरी है। डा. सतपाल आज यहां सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के प्रांगण में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन अधिकारियों, कर्मचारियों व योग साधकों को संबोधित कर रहे थे। आयुष अधिकारी ने कहा कि दैनिक जीवन की चुनौतियों से पार पाने के लिए शरीर को स्वस्थ रखना आवश्यक है। इसके लिए योग से जुड ?ा जरूरी है। योग आध्यात्मिक अनुशासन एवं अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित ज्ञान है जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। योगाभ्यास में योग मुद्रा व एक्युप्रेशर विज्ञान का भी महत्त्व है। जोड़ों में दर्द, घुटने दर्द, कमर दर्द, सिर दर्द व थॉयराईड जैसे रोगों से मुक्ति पाने में एक्यप्रैशर विज्ञान बहुत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि योग करने वालों को गम्भीर बीमारी नहीं होती और उनमें आत्मविश्वास तथा बल की वृद्धि बनी रहती है। जिला की 37 व्यायामशालाओं और 22 वैलनेस सैंटर पर प्रातः व सायंकालीन सत्रों में लोगों को योगाभ्यास करवाया जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह को राष्ट्र पर्व के रूप में मनाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम से जुड़ें। आयुष विभाग से डॉ. अमित पुंज ने इस मौके पर आसन व क्रियाओं का अभ्यास करवाया। मंच पर उनके साथ मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी, पतंजलि योग समिति से योग साधक सचिन, सरस्वती और इनफ उपस्थित रही।

डॉ. अमित पुंज ने योग की महत्ता पर कहा कि किसी भी प्राणायाम का अभ्यास लगातार पांच से सात मिनट तक करने पर ही उसका शरीर के अंगों पर प्रभाव पड ?ा शुरू होता है। योग करने वाला व्यक्ति दिनभर ताजगी और स्फूर्ति से भरा रहता है। मन की स्थिरता के कारण दिनचर्या के सभी सही निर्णय लेने में सक्षम होता है। योग साधकों ने कपालभाति तथा अनुलोम-विलोम करवाकर उसके लाभ भी बताए। उन्होंने कहा कि शरीर के 8 चक्र हैं, जिन पर सारा सिस्टम आधारित है। योग करने से सारी कोशिकाएं जागृत होने के साथ पुनर्जिवित हो जाती हैं। शिविर में अन्य सभी योग शिक्षकों ने वक्र आसन, मयूर आसन, ताड़ासन, वक्ष आसन, अर्धचक्र आसन तथा पादहस्तासन का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि आसनों से शरीर के घुटने, कमर, उदर, मासपेशियां व दिमाग स्वस्थ रहता है।

इस मौके पर उन्होंने योग के साथ-साथ ध्यान पर भी जोर दिया और बताया कि सृष्टि रचियता भगवान सर्व शक्तिमान है। मनुष्य को नित शुद्ध कर्म करते हुए योग से जुड़े रहना चाहिए।

## धरती जनसंख्या से नहीं, बल्कि गोला बारूद और कचरे से थर्रा रही : कैलाशपुरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। महाकाल भैरव** अखाड़ा के सुप्रीमो और पर्यावरण को लेकर सटीक भविष्यवाणी करने वाले स्वामी कैलाशपुरी महाराज ने कहा है कि आज का विज्ञान विकास नहीं, बल्कि धरती को विनाश की तरफ ले जा रहा है। उन्होंने बिगड़ते पर्यावरण को लेकर अमेरिका और उन देशों पर प्रहार करते हुए कहा कि जो देश गोला बारूद को व्यापार बना रहे हैं, वही धरती पर विनाश भी ला रहे हैं। उन्होंने इन देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि धरती जनसंख्या और पराली के धुएं से नहीं, बल्कि गोला बारूद की गर्मी और अंतरिक्ष में बढ़ रहे कचरे से थर्रा रही है। स्वामी कैलाशपुरी ने कहा कि चलती कार, बाइक और फैक्ट्री में लग रही अचानक आग की मुख्य वजह ही बिगड़ता पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग ही है। सारे विश्व के वैज्ञानिकों को अब वापस लौटना चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही विज्ञान विकास का कारण हो सकता है, मगर अब यही विज्ञान विनाश की ओर ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से ही पूरे विश्व में गर्मी बढ़ रही है। कुवैत में जिस बिल्डिंग में आग लगने से 40 भारतीयों की मौत हुई है, यह सब ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि आने वाले समय में इस तरह की घटनाएं और भी बढ़ेगी। उन्होंने विश्व के वैज्ञानिकों से सवाल किया कि विश्व के जिन जंगलों में आग लगी, क्या उसके कारणों की खोज की गई। क्या जले हुए जंगलों का पुनर्निर्माण करवाया गया। वहां पेड़ पौधे दोबारा लगाए गए। जंगलों में हुई भारी क्षति पर क्या कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं किया गया। जंगल बारिश लाने में सहायक होते हैं। स्वामी कैलाशपुरी ने कहा कि पृथ्वी को सुंदर बनाने के प्रयास होने चाहिए थे, लेकिन धरती के ही वैज्ञानिक पृथ्वी को उजाड? पर लगे हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्ग धरती पर ही मौजूद है। हम सबको मिलकर ही प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि विश्व में कई देशों के बीच अभी भी युद्ध चल रहा है, मगर इस युद्ध को रोका जाना चाहिए था। मगर हथियारों और गोला बारूद की बिक्री के चलते ही ऐसा नहीं हुआ। इस लड़ाई के चलते अमेरिका और अन्य देशों के हथियार बिक रहे हैं। इस लड़ाई में इस बात का आंकलन किया जा रहा है कि गोला बारूद से किस देश को कितना नुकसान हुआ और उसे कितने हथियार की जरूरत है। स्वामी कैलाशपुरी ने कहा कि धरती एटमी बम के खतरे पर खड़ी है। यदि सोच ऐसी ही रही तो धरती का विनाश भी लाजमी है। आज युद्ध को रोकना चाहिए। क्या हम धरती का विनाश चाहते हैं, यह हमें सोचना होगा। उन्होंने कहा कि हम विनाश के करीब हैं। विज्ञान पृथ्वी के समक्ष बेहद छोटा है, इसलिए विनाश को व्यापार न बनने दे। ऐसे तो धरती ही चली जाएगी। क्या वैज्ञानिक धरती को खत्म कर देना चाहते हैं। स्वामी कैलाशपुरी ने कहा कि अंतरिक्ष में फैल रहे कचरे और गोला बारूद से ही पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग का खतरा झेल रहा है।

## भीषण गर्मी को देखते हुए टेंपों ड्राइवरों ने लगाई मीठे पानी की छबील

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**




**महेंद्रगढ़ । भीषण गर्मी** को देखते हुए टैंपो ड्राईवरों ने वीरवार को कोऑपरेटिव बैंक के पास जलजीरा व मीठे पानी की छबील लगाई। इस दौरान आने वाले राहगीरों को ठंडा व मीठा पानी पिलाकर लोगों की प्यास बुझाई।

देवेंद्र ने बताया कि आने वाले राहगीरों को भीषण गर्मी में कुछ राहत प्रदान करने के लिए शीतल शरबत पिलाकर उन्हें गर्मी से कुछ राहत देने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि इन दिनों सूर्य देवता अपने प्रचंड प्रकोप पर हैं और चारों तरफ तेज धूप के साथ गर्मी अपने चरम पर है। तापमान इन दिनों अधिक बना हुआ हैं। जिससे लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। ऐसी प्रचंड गर्मी में शीतल जल लोगों के लिए राहत का स्त्रोत हैं। इस मौके पर ओमप्रकाश भगडाना, राजेंद्र माजरा कला, जगदीश, महेंद्र सिंह भगडाना, राकेश, सुनील, सत्यनारायण पंडित, देवेंद्र बेरी, बबलू सैनी, रमेश दुलोठ, पप्पू बेरी, मोती मालडा, सुरेंद्र सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### विजय शर्मा बने श्री शिरडी साईं सेवा संघ के अध्यक्ष



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र,** :- श्री शिरडी साईं सेवा संघ( रजि.)की बैठक साईं मंदिर में आयोजित की गई,जिसमें डॉ.विजय शर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। जानकारी देते हुए प्रवक्ता अरुण गौड़ ने बताया कि डॉ.विजय शर्मा द्वारा अपने पिछले वर्षों के कार्यकाल में करवाए गए सेवा कार्यों एवं मंदिर के प्रति निष्ठा को देखते हुए सर्वसम्मति से लगातार छठी बार श्री शिरडी साईं सेवा संघ( रजि.) का अध्यक्ष चुना गया साथ ही परमिंदर मनचंदा उपाध्यक्ष, श्याम सुंदर सेठी सचिव व राजेश्वर कोषाध्यक्ष चुने गए। यह नई कार्यकारिणी 2027 तक मान्य होगी जिसके कार्यकाल में पूर्व की भांति मेडिकल जांच व चिकित्सा शिविर,महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण और मंदिर में भंडारा इत्यादि सामाजिक कार्यों का संचालन,मंदिर की देख रेख एवं भवन निर्माण आदि सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे।

### जिला पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी, करवाया जा रहा खेलों का आयोजन ।




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री शत्रुजीत कपूर के आदेशों की पालना करते हुए जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अभियान के तहत वीरवार को थाना कृष्णा गेट प्रभारी निरीक्षक कर्मबीर के मार्गनिर्देश में पुलिस टीम ने गांव खेडीब्राह्मण व खेडी रामनगर तथा कल्याण नगर नरकतारी रोड में नशे से दूर रहने तथा खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस टीम द्वारा नशा न करने बारे जागरूक किया तथा नशा ना करने की शपथ भी दिलवाई गई। थाना प्रभारी ने आमजन से अपील की है कि वे अपने घर, परिवार व क्षेत्र के लोगों को ड्रग एवं हिंसा से बचाने के लिये अपने व आस-पड़ोस के युवाओं को भी प्रेरित करें। नशे से पीड़ित व्यक्ति अगर ईलाज करवाना चाहता है तो जिला स्तर पर काम कर रही नशा मुक्ति टीमों या नशामुक्ति केद्रों से सम्पर्क करें। उन्होंने कहा की नशे का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस विभाग के मोबाईल नम्बर 74969-85327 पर दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएेगा। इसके साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार के नशे का आदी है और नशा छोडना चाहता है तो वह भी इस नम्बर पर सम्पर्क कर सकता है। ऐसे व्यक्ति की पुलिस प्रशासन द्वारा हर सम्भव मदद की जायेगी।

### कांग्रेस की कल्याणकारी नीतियों से प्रदेश का विकास संभव : अड़ीचंद निम्बडि?ा

**रोहतक।** भारी मतों से जीत हासिल करने पर चौ. दीपेन्द्र सिंह हुड्डा को हार्दिक बधाई देते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अड़ीचन्द निम्बडि?ा ने कहा कि प्रदेश का विकास केवल कांग्रेस के हाथों ही संभव है क्योंकि कांग्रेस की नीतियां प्रदेश के हर वर्ग के लिए है जिनसे उनका विकास संभव है। उन्होंने आगामी अक्तूबर महीने में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कर्मठ कार्यकताओं को तैयार रहने के लिए और कांग्रेस पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुचानें के लिए कहा। विधानसभा चुनाव में हरियाणा कांग्रेस पार्टी 72 सीटों पर जीत हासिल करेंगी और पूर्व मुख्यमंत्री व प्रतिपक्ष नेता चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा प्रदेश में तीसरी बार मुख्य मंत्री का पद संभालेगें। जितना प्रदेश का विकास चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की सरकार में हुआ था उतना विकास किसी भी सरकार में नहीं हुआ। अपने कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश को कई वर्ष पीछे

# अंतर जिला ट्रांसफर होकर आए प्राथमिक शिक्षकों का वेतन शीघ्र

## चुनाव ड्यूटी के मानदेय का भुगतान भी शीघ्र किया जाए

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : अंतरजिला ट्रांसफर से कुरुक्षेत्र में अन्य जिलों से आए प्राथमिक अध्यापकों का पिछले तीन माह से वेतन निकलवाने की मांग को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान राजेंद्र टंडन के नेतृत्व में कार्यकारिणी सदस्यों ने हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित समाधान शिविर के माध्यम से उपायुक्त कुरुक्षेत्र शांतनु शर्मा को लिखित में जल्द ही अध्यापकों का वेतन निकलवाने की मांग की। जानकारी देते हुए जिला प्रधान राजेंद्र टंडन ने बताया कि हरियाणा सरकार की तबादला नीति के अनुसार 2000 बैच से 2017 तक के प्राथमिक अध्यापकों को स्थाई जिले दिए गए हैं। जिसके कारण कुरुक्षेत्र जिले में




पदभार ग्रहण करने वाले सैकड़ो अध्यापकों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिल रहा है,अध्यापक बार-बार शिक्षा विभाग के चक्कर काटने पर मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वेतन न मिलने से अध्यापकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल्द ही अध्यापकों का वेतन जारी किया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि 2000 से 2023 तक की एल टी सी का भुगतान जल्दी करने की मांग उन्होंने उपायुक्त को दी है। इसके अतिरिक्त संघ ने पिछले दिनों हुए आम चुनाव में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा दी गई चुनाव ड्यूटी का मानदेय अभी तक न देने पर भी रोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कई जिलों में तो समय पर मानदेय का भुगतान कर दिया था।पर कुरुक्षेत्र जिले में अभी तक मानदेय न तो बी एल ओ को दिया गया और न ही अन्य

**व्यक्तित्व**

~~▶▶ अनिरुद्ध जगन्नाथ भारत एवं भारतीयता के उपासक थे। वह एक बेमिशाल व्यक्तित्व के धनी थे~~

कर्मचारियों को दिया गया।जबकि चुनाव आयुक्त हरियाणा ने पिछले दिनों एक सप्ताह के अंदर कर्मचारियों का मानदेय देने का आदेश दिया था।उपरोक्त मांगों पर कार्यवाही करने के लिए उपायुक्त ने सम्बन्धित विभागों को तुरंत निर्देश जारी किए।इस अवसर पर जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, महासचिव संदीप चौहान, थानेश्वर प्रधान नरेश फूले, लाडवा प्रधान अमन पाल, शाहबाद प्रधान सुरेश

### धार्मिक आयोजनों से भाईचारा बढ़ता है : स्वीटी रंगा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद** : गांव अजराना खुर्द में सैयद इब्रामिबादशाह नौ गजा पीर पर 14 वां विशाल भंडारा व कव्वालियां और सांग का आयोजन किया गया। भगत संजीव कुमार ने बताया कि इस 14 वे विशाल भंडारे और सांग के अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी मिहा सिंह रंगा और स्वीटी रंगा नलवी को आमंत्रित किया गया। समाज सेवी मिहा सिंह रंगा और स्वीटी रंगा ने भंडारे में पहुंचकर नौ गजा पीर पर अरदास प्रार्थना कर आशीर्वाद लिया और रिबन काटकर सांग का शुभारंभ किया । मिहा सिंह रंगा और स्वीटी रंगा ने कहा कि इन धार्मिक आयोजनों से भाईचारा बढ़ता है एक दूसरे में प्रेम भाव की भावना पैदा होती है और हम मिलजुल कर इन धार्मिक कार्यों का आयोजन करें । उन्होंने कहा कि सॉन्ग हमारी प्राचीन परंपरा है और उसको जीवित रखना हम सब का कर्तव्य बनता है। यह हमारी प्राचीन संस्कृति का मुख्य हिस्सा है, हम सबको सांग के माध्यम से एक दूसरे से भाईचारा बढ़ाने का मौका मिलता है। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध सॉन्ग पार्टी और आसपास के गांव के सभी बुजुर्ग प्यारे बच्चे महिलाएं उपस्थित

### आर्थिक विकास में आमजन की खुशी

**समालखा 13 जून ( कुलदीप सिंह)** पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में विकसित भारत 2047 विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। भारतीय अर्थव्यवस्था कैसे आगे बढ़े, इस पर चर्चा की गई। सेमिनार में दिल्ली यूनिवर्सिटी के हंसराज कॉलेज से रिटायर्ड प्रोफेसर एस. के. लरोइया मुख्य अतिथि रहे। देश के अलग-अलग राज्यों से शोधार्थियों ने विकसित भारत पर अपनी बात रखी। प्रो. एस. के लरोइया ने कहा कि आर्थिक सुधार एकाएक नहीं आते। इसके लिए दूरदर्शी होना पड़ता है। सुनियोजित तरीके से काम करना होता है। आर्थिक विकास में यह भी देखें कि

## पुलिस व आरटीए विभाग ट्रैफिक नियमों की अवहेलना

दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त डा. शांतुन शर्मा ने सडक सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत वीरवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एजेंडे में रखे तमाम बिंदूओ बारे जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्टद किया सडक सुरक्षा समिति के तहत जिन बिंदूओं पर आज चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए है, वे सभी कार्य आगामी बैठक से पहले होने सुनिश्चित होने चाहिए। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम सुरेंद्र पाल, एसडीएम नसीब कुमार, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम नरेंद्र मलिक, नगराधीश रमन गुप्ता,




आरटीए सचिव राजीव प्रसाद मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त शांतनु शर्मा ने एजेंडे के तहत आईआरएडी पोर्टल के तहत सडक दुर्घटनाओं को होने वाले हादसों बारे, मार्डन रोड बनाने, अवैध कटों को बंद करने बारे, सडकों को दुरुस्त करने, स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत वाहनों की चैकिंग करने, पुलिस व आरटीए विभाग द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना किए जाने पर चालानिंग के साथ-साथ अन्य बिंदूओं पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को चलानिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ-साथ स्पेशल अभियान चलाते हुए यह भी निर्देश दिए कि रात के समय गाडि?ों के अंदर एलईडी लाईट लगी होती है, जिसके चलते उसकी लाईट सीधा आने वाले वाहनों पर पड़ती है और ऐसा होने से सडक दुर्घटना की आशंका रहती है, इसलिए पुलिस सुनिश्चत करें कि वे ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसते हुए उन पर नियमानुसार कार्रवाई करना अमल में लाए। किसी भी सूरत में नियमों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जिले में जहां भी अवैध कट या ब्लैक स्पॉट है, उसकी जानकारी लेते हुए लोक निर्माण भवन एवं सडके विभाग तथा एनएचए के अधिकारियों को बेहतर समन्वय बनाकर इन अवैध कटों को तुरंत प्रभाव बंद करवाने बारे निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जहां पर भी सडके टूटी हुई है या सडकों के बीच गड्ढे है, उन्हें भी दुरुस्त

### वर्ल्ड बल्ड डोनर डे पर महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय करेंगे



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अम्बाला के डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि आज वर्ल्ड ब्लड डोनर डे मनाया जाएगा। इस मौके पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा अम्बाला कैंट के एसडी कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शिरकत करेंगे।

डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के प्रत्येक जिले से रक्तदाता शिरकत करेंगे। इस दौरान जिन महिलाओं ने कम से कम 10 बार रक्तदान किया है, ऐसी 5 महिला रक्तदाताओं को प्रत्येक जिले से सम्मानित करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त एनजीओ को भी सम्मानित करवाया जाएगा। जिन एनजीओ ने साल में कम से कम 2 रक्तदान शिविर लगाए हैं। उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ-साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। यह सम्मान हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के कर कमलों द्वारा प्रदान किया जायेगा।

## रोबोटिक सर्जरी के जरिए किया जा रहा जोड़ों का रिप्लेसमेंट, मैक्स हॉस्पिटल

**सोनीपत, 13 जून 2024:*** रोबोट के जरिए की जाने वाली जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी में हुई महत्वपूर्ण प्रगति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से मैक्स अस्पताल शालीमार बाग (नई दिल्ली) के डॉक्टरों ने आज एक जागरूकता सत्र आयोजित किया. इस मौके पर *मैक्स अस्पताल शालीमार बाग में रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट एंड ऑर्थोपेडिक्स के डायरेक्टर डॉक्टर साइमन थॉमस,* रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट एंड ऑर्थोपेडिक्स के एसोसिएट डायरेक्टर डॉक्टर दिवेश गुलाटी मौजूद रहे. इनके अलावा




मैक्स हॉस्पिटल शालीमार में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के जरिए सफल इलाज पाने वाले सोनीपत के तीन मरीज भी यहां उपस्थित रहे.

*मैक्स अस्पताल शालीमार बाग में रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट एंड

**पास जारी**

~~▶▶ अनिरुद्ध जगन्नाथ भारत एवं भारतीयता के उपासक थे। वह एक बेमिशाल व्यक्तित्व के धनी थे~~

ऑर्थोपेडिक्स के डायरेक्टर डॉक्टर साइमन थॉमस ने बताया,* "टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट को रिसर्फेसिंग भी कहा जाता है जिसमें कार्टिलेज के क्षतिग्रस्त हिस्से को निकाल दिया जाता है और उसे मेटल/सेरामिकैप से रिप्लेस कर दिया जाता है. इससे डैमेज जॉइंट का मूवमेंट फिर से ठीक हो जाता है. आज हम एक ऐसे रोबोट सिस्टम का इस्तेमाल करते हैं जिसमें मरीज के घुटने की 3डी इमेज मिलती है, जिसके मदद से बहुत ही सटीकता के साथ सर्जरी करना संभव रहता है. रियल टाइम इमेजिंग और सेंसर की मदद से सर्जरी के दौरान भी एकदम एक्यूरेट एडजस्टमेंट हो पाते हैं, जिससे मरीज के रिप्लेसमेंट में परफेक्शन आता है. ये पूरी प्रक्रिया मिनिमली इनवेसिव होती है यानी इसमें टिशू को कम नुकसान

## भाजपा के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने ₹अंत्योदय स्थली₹ पर सेक्टर वासियों

दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना जी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक संगठन के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन भी है।।डॉ मथाना ने कहा हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के आग्रह पर विश्व के अधिकतर देश 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं इसी के निमित्त बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने भी अलग-अलग स्थान पर योग कक्षा लगाकर जनता को 21 जून



का योग दिवस मनाने के लिए आह्वान कर रही है, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने आज सेक्टर 8 में, केशव मार्ग पर स्थित "अंत्योदय स्थली" पर सेक्टर वासियों का योग करवाया और सभी को योग का महत्व भी बताया और सभी से आग्रह किया कि प्रतिदिन योग करें और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक रूप से योग करें ।इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, भारतीय योग संस्थान कुरुक्षेत्र एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कार्यकताओं

### 16 जून 2024 को हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण

**रोहतक।** हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन की 16 जून को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन नेहरू कॉलोनी रोहतक में मीटिंग होगी। जिसकी अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष डॉ. अनिल मेहरा करेंगे। जिसमें मुख्य एजेंडा हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन द्वारा भारत रत्न डॉ.भीमराव के दिनांक 10 अप्रैल 2024 की भाषण प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता एवं चित्रकारी प्रतियोगिता कक्षा 6 से 8 तक तथा कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए व बाबा साहब की 133वीं जयन्ती के उपलक्ष में उपरोक्त प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त

## जिले की किस चौपाल पर कितने रू किए जाएंगे

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी सोनीपत,** राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गरीबों लोगों के कल्याण के लिए अनेक कार्य कर रही है ताकि सभी सुविधाएं मिल सके। इसी कड़ी में हरियाणा ने जिला में एससी व बीसी चौपालों के मरम्मत कार्य के लिए दो करोड़ 13 लाख 18 हजार रुपए की राशि को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि इस राशि से जिला की अलग-अलग विधानसभाओं की कुल 59 चौपाल के मरम्मत कार्य को पूरा किया जाएगा। विधायक ने कहा कि चौपालों के सौंदर्यकरण से हमारे एससी व बीसी समाज के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा क्योंकि जिस व्यक्ति के पास अपने बच्चों के विवाह कार्यक्रम व अन्य कार्यक्रम करने के लिए जगह नहीं है तो वह इन चौपालों में अपने कार्यक्रम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार अंत्योदय की भावना से गरीब लोगों के कल्याण के लिए



हमेशा आगे रहती है और उनके कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करवाती है। उन्होंने बताया कि इन चौपालों में सोनीपत विधानसभा की 11 चौपालों की मरम्मत के लिए 22 लाख 27 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे, जिनमें गांव चिटाना स्थित वाल्मिकी चौपाल पर 66 हजार, गांव ककरोई स्थित एससी चौपाल पर दो लाख 14 हजार, गांव करेवड़ी स्थित हरिजन चौपाल पर चार लाख 36 हजार, गांव रतनगढ़ स्थित हरिजन चौपाल पर दो लाख 19 हजार, गांव रोलद लतिफपुर स्थित दो वाल्मिकी चौपालों पर दो लाख 88 हजार तथा दो धानक चौपालों पर चार लाख 64 हजार, गांव थर्या में बीसी चौपाल पर दो लाख 57 हजार, गांव उल्देपुर स्थित वाल्मिकी चौपाल पर एक लाख 24 हजार तथा धानक चौपाल पर एक लाख 59 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। विधायक ने बताया कि गोहाना विधानसभा की 16 चौपालों की मरम्मत के लिए 50 लाख 61 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे, जिनमें गांव आंवली स्थित एससी चौपाल पर दो लाख 50 हजार, वाल्मिकी चौपाल पर एक लाख 91 हजार, बीसी चौपाल पर तीन लाख एक हजार, गांव गढ़ी सरायं स्थित एससी चौपाल पर एक लाख 66 हजार, वाल्मिकी चौपाल पर एक लाख 90 हजार, हरिजन चौपाल पर एक लाख 66 हजार, कश्यप चौपाल पर दो लाख 47 हजार, सैनी चौपाल पर चार लाख 47 हजार, गांव जसराना स्थित धानक चौपाल पर दो लाख 58 हजार, गांव कटवाल स्थित वाल्मिकी चौपाल पर दो लाख 48 हजार, गांव लाठ स्थित एससी चौपाल पर छः

## तीन नये कानूनों के सम्बन्ध में पुलिस लाईन में सेमिनार का किया आयोजन।

~~प्रान्तीय आर्य वीर दल शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे गुरुकुल के प्राचार्य ने युवाओं को दिये व्यक्तित्व विकास के सूत्र~~

जिला पुलिस द्वारा वीरवार देर शाम पुलिस लाईन के सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में जिला पुलिस के सभी थाना प्रभारी, सभी इंचार्ज चौकी व जिला भर से ज्यादातर अनुसंधानकर्ता हाजिर रहे। अनुसंधानकताओं को उप जिला न्यायवादी डॉ चंद्रमोहन ने भारत सरकार द्वारा संशोधित तीन नए कानूनों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री सुरेंद्र सिंह भोरिया के आदेशानुसार वीरवार देर शाम पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र के सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में उप जिला न्यावादी डॉ. चंद्रमोहन ने जिला



पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों व अनुसंधानकताओं को सरकार द्वारा संशोधित तीन नए कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन प्राकृति का नियम है और समय की मांग को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा तीन नए कानूनों को पारित किया गया है। सरकार द्वारा तीन नए कानून 01 जुलाई 2024 से देशभर में लागू हो जायेंगे। जिला उप न्यायवादी ने बताया कि 01 जुलाई 2024 के बाद भारतीय दण्ड सहिंता के स्थान पर भारतीय न्याय सहिंता-2023, भारतीय दण्ड प्रकिया सहिंता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा

**मार्गदर्शन**

~~▶▶ अनिरुद्ध जगन्नाथ भारत एवं भारतीयता के उपासक थे। वह एक बेमिशाल व्यक्तित्व के धनी थे~~


सहिंता-2023 तथा साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 लागू होगा ।समय की मांग को देखते हुए पुराने कानूनों में काफी महत्वपूर्ण बदलाव किये गये है। जिस समय वह कानून बनाये गये थे उस समय तक उनकी महत्वता काफी थी लेकिन आज के समय में ऐसे कानून पूर्ण रूप से समय के अनुरूप नही थे इसलिए सरकार द्वारा मुलभूत परिवर्तन लाकर विधि द्वारा पारित किया गया है। जो 01 जुलाई 2024 से पूरे देश में लागु हो जायेंगे। पुलिस विभाग द्वारा परिवर्तित किये गये कानूनों के मुताबिक कार्यवाही करनी होगी जिसको देखते हुए इस सेमिनार का आयोजन किया है।इस मौका पर डीएसपी लाडवा श्री तरुण सैनी, सभी थाना प्रभारी, चौकी ईंचार्ज, प्रवाचक पुलिस अधीक्षक उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, अपराध शाखा-1 व 2 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार व मोहन लाल, एन्टी नारकोटिक सैल के अनुसंधानकर्ता, एंटी व्हीकल थेफ़्ट प्रभारी निरीक्षक जगदीश टामक, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक कुलबीर कौर, महिला सहायक उप निरीक्षक उर्मिला,

## कुवि छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए 18 जून से खुलेगा कुवि का स्विमिंग पूल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अनुमति से छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए 18 जून से स्विमिंग पूल खोलने की अधिसूचना निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेल द्वारा जारी की गई है। इससे तैराकी का अभ्यास करने वाले तैराकों को स्विमिंग पुल की सुविधा का लाभ मिलेगा।

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि स्विमिंग करने के इच्छुक लोग कार्यालय समय (दोपहर में) के दौरान खेल निदेशालय से सदस्यता के लिए आवेदन पत्र प्राप्त कर



सकते हैं। स्विमिंग पूल का समय केवल महिला तैराकों के लिए प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक, शुरूआती (केवल पुरुष) का समय शाम 04.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक, तैराकों के लिए शाम 05.15 बजे से शाम 06.15 बजे तक तथा स्टाफ सदस्यों के लिए तैराकी का समय शाम 06.15 बजे से शाम 07.15 बजे तक होगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि विश्वविद्यालय स्विमिंग पूल की सदस्यता शुल्क की दरें

# समाधान शिविर में जनता की समस्याओं का मौके पर किया जा रहा समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: हरियाणा सरकार ने** जनता की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर के रूप में नई पहल की है। सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से जिला में समाधान शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने गुरूवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक संबंधित अधिकारियों के साथ ह्यसमाधान शिविरह्ल लगाकर आमजन द्वारा मिली 98 समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में आम नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली, पानी तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि समस्याएं सुनी गई। उपायुक्त ने मौके पर ही मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के माध्यम से नागरिकों से प्राप्त कई समस्याओं का तत्परता से समाधान करते हुए शिकायतकताओं को राहत पहुंचाई। इस दौरान सोनीपत ककरोई रोड़ पर सीवर लाईन व सडक को दुरूस्त करवाने को लेकर आई शिकायत पर उपायुक्त ने तुरंत नगर निगम को पत्र जारी किया कि इस सीवर लाईन को जल्द ठीक करवाया जाए ताकि वहां पर सडका का निर्माण हो सके और लोगों को आने जाने में हो रही दिक्कत से निजात मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर कार्य दिवस में समाधान शिविरों का आयोजन शुरू कर दिया गया है। यह सरकार की जन समस्याओं के समाधान की नई पहल है। उन्होंने बताया कि इन शिविर में मुख्यतयाः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी, सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित समस्याएं सुनी जा रही हैं। उन्होंने समाधान में शिविर में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली समस्याओं को अलग-अलग श्रेणियों में बांटा जाए। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निवारण तत्काल हो सकता है उन्हें प्रथम श्रेणी में रखा जाए।




# परिवार पहचान पत्र में डाटा सत्यापन व त्रुटि दूर कराने के लिए 14 से 18 जून तक लगेंगे शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: प्रदेश सरकार** की ओर से परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) से संबंधित समस्याओं का समाधान और डाटा सत्यापन करने के लिए नागरिक संसाधन सूचना विभाग के माध्यम से 14 से 18 जून तक शहर में लगाए जाने वाले विशेष शिविर को लेकर कर्मचारियों को नगरपालिका में प्रशिक्षण दिया गया। इसको लेकर जिला नागरिक संसाधन विभाग के क्रीड विभाग के जोनल अधिकारी संदीप ने परिवार पहचान पत्र के संबंध में लगाए जाने वाले शिविरों को लेकर मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह शिविर आमजन को एक ही जगह पर परिवार पहचान पत्र से संबंधित किसी भी समस्या का समाधान देने के लिए लगाए जा रहे हैं। सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर समय पर पहुंचे। शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर यह शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में उनके जन्म प्रमाण पत्रों का सत्यापन भी होगा। जिसके तहत जन्म प्रमाण पत्र, एसएलसी, मैट्रिक प्रमाण पत्र अथवा वर्ष 2017 से पहले का मतदाता कार्ड अवश्य साथ लाएं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह परिवार पहचान पत्र से संबंधित डाटा सत्यापित करवाने व दस्तावेज में सुधार के लिए शिविर में भागीदार बनें। शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां सुधारी जाएंगी। परिवार पहचान पत्र में किसी कारण से अगर कोई त्रुटि रह गई है तो उसमें सुधार करने के लिए सरकार की ओर से तीन दिन निर्धारित किए गए हैं।



## न्यूज फ्लैश

### कैबिनेट मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आज होगा स्वागत

**गन्नौर। केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री** व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल का शुक्रवार की सुबह 8 बजे जी टी रोड फ्लाईओवर के नीचे स्वागत किया जाएगा। मन्नत ग्रुप होटल्स के चेयरमैन समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने हलके के लोगों से आह्वान किया कि वे कैबिनेट मंत्री के स्वागत कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचे।

### जिला में शहरी व ग्रामीण स्तर पर किया जाएगा इन कैंपों का आयोजन

**सोनीपत। अतिरिक्त उपायुक्त** अंकिता चौधरी ने बताया कि नागरिक संसाधन सूचना विभाग की ओर से परिवार पहचान पत्र का डाटा वेरिफिकेशन और अपडेशन करने के लिए 14 से 22 जून तक शहरी व ग्रामीण स्तर पर विशेष शिविर कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन कैंपों में फैमिली आईडी में बच्चे का नाम जुड़वाना, व्यवसाय, डुप्लिकेट मोबाईल नंबर, बैंक खाता से संबंधित कार्य, जन्म तिथि संबंधित कार्य, वैवाहिक स्थिति, परिवार पहचान पत्र से सदस्य का नाम हटवाना, सदस्य का नाम जुड़वाना, जाति, दिव्यांग डाटा दर्ज करवाना, पिता, माता, पत्नी या पति का नाम ठीक करवाने से संबंधित कार्य किए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिलावसियों का आह्व्दान कि अगर किसी व्यक्ति को अपने परिवार पहचान पत्र में डाटा वेरिफिकेशन व अपडेशन करवाना है तो वह अपने गांव व वार्ड में लगने वाले इन कैंपों में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

### मालड़ा की बेटी केन्द्रीय विश्वविद्यालय में लोअर डिवीजनल क्लर्क के पद पर नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़,। उपमंडल के** गांव मालडा बास निवासी रिया यादव का केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट-पाली में लोअर डिवीजनल क्लर्क के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट-पाली द्वारा लोअर डिवीजनल क्लर्क के ओबीसी कैटैगरी में एकमात्र पद पर घोषित किए गए परिणामों में रिया यादव का लोअर डिवीजनल क्लर्क के लिए चयन हुआ है। रिया यादव ने लोअर डिवीजनल क्लर्क के पद पर ज्वाइन कर अपनी उपलब्धि का श्रेय अपनी माता सरोज यादव पत्रकार, पिता राजेश यादव, दादा सूबेदार रतीराम यादव, ताऊ इंस्पेक्टर रमेश यादव, चाचा राकेश यादव को दिया है। वही रिया यादव के लोअर डिवीजनल क्लर्क के पद पर चयन होने पर हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, नारनौल के विधायक एवं पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव, गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश महता एडवोकेट, बॉक्सर चेतन सैनी पिलानी व वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व चेयरमैन इंद्रपाल बोहरा ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पानीपत में 2 सांड लड़ाई करते हुए सीए की कार से टकराए

**पानीपत , कमाल हुसैन** हरियाणा के पानीपत में 2 सांड लड़ाई करते हुए सीए की कार के सामने आ गए। इसके बाद एक सांड कार के ऊपर कूद गया। जिसके बाद शीशा टूट गया और आगे बैठी महिला और बच्चे के आंख में कांच के टुकड़े चले गए। तकलीफ होने के बाद दोनों को तुरंत प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद दोनों को छुट्टी दे दी। उन्हें आंखों में दवाई डालने की सलाह दी गई है।

**मॉल में घूमकर घर जा रहे थे**

उअ एसोसिएशन के पूर्व प्रधान उअ अंकुश बंसल ने बताया कि वह सेक्टर 29 का रहने वाला है। 11 जून की रात वह अपनी पत्नी नेहा और 11 वर्षीय बेटे अर्जुन के साथ मित्तल मेगा मॉल आया था। यहां घूमने के बाद वह रात को घर वापस लौट रहा था।

# मुरथल पुलिस थाना को भेंट की टाटा सफारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: मुरथल ढ़ाबा** एसोसिएशन द्वारा मुरथल पुलिस थाना को भेंट की गई टाटा सफारी गाड़ी को लोकार्पित करते हुए मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र कादियान ने शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पुलिस को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाना जरूरी है, ताकि समाज की प्रहरी के रूप में पुलिस लोगों को और बेहतर सेवाएं दे सके। पुलिस थाना मुरथल में वाहन लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मन्नत ग्रुप के चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र कादियान शामिल हुए। उन्होंने टाटा सफारी गाड़ी की चाबी पुलिस को सौंपते हुए कहा कि पुलिस सुरक्षा बेहद जरूरी है। दिन-रात पुलिस के जवान लोगों की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। त्योहारों के मौके पर भी पुलिस हमारी सुरक्षा को तत्पर रहती है, ताकि असामाजिक तत्वों पर लगाम लगी रहे। आधुनिकता के इस दौर में भी पुलिस संसाधनों के अभाव में भी बेहतर से बेहतर सेवाएं देने का प्रयास करती है, जिसके लिए पुलिस बधाई की पात्र है। ऐसे में समाज के हर व्यञ्जित व संस्थान को चाहिए कि वे सामर्थ्य अनुसार पुलिस को हर संभव सहयोग प्रदान करें। पुलिस को सजग व सबल बनाने के लिए संसाधन मुहैया करवाने के लिए आगे आना चाहिए। प्रधान मंजीत के नेतृत्व में मुरथल ढ़ाबा एसोसिएशन ने सार्थक एवं अनुकरणीय पहल की है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे भी पुलिस को हर संभव मदद को सदैव उपलद्ब्ध रहेंगे। इस दौरान डीसीपी ईस्ट गौरव राजपुरोहित और डीसीपी हेडक्वार्टर मनवीर सिंह ने मुख्यातिथि व मुरथल ढ़ाबा एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज का इस प्रकार का सहयोग पुलिस को प्रोत्साहन देता है। इससे लगता है कि समाज भी पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। एसीपी सन्दीप धनखड़ व मुरथल पुलिस थाना प्रभारी जसपाल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि नया वाहन मिलने से पुलिस को मजबूती मिली है, जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को मिलेगा।



# सीएमआर कबड्डी अकेमडी को खेल नर्सरी चलाने की मिली अनुमति



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: गुमड़ गांव में चौं** मांगेराम खेल कबड्डी सोसाइटी द्वारा संचालित सीएमआर कबड्डी अकेमडी को जिला खेल अधिकारी द्वारा खेलो को बढ़ावा देने के लिए खेल नर्सरी की अनुमति मिल गई है। अकेडमी के संचालक इन्द्र सिंह पहल ने बताया कि लड़के एवं लड़कियों की खेल नर्सरी में 25-25 खिलाड़ियों को कबड्डी में निपुण बनाया जाएगा। इसके लिए अके-डमी में खिलाड़ियों के चयन के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। खेल प्रशिक्षक विभाग के नियम व आदेशानुसार चयनित होगा।

# नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करेंगे पुलिस अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना (भंवर सिंह)**

**युवाओं को नशे** से दूर करने के लिए पुलिस द्वारा नशामुक्त अभियान शुरू किया गया है। नशा मुक्त अभियान में पुलिस की भागीदारी रहेगी। यह अभियान 26 जून तक जारी रहेगा। इसके लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। यह जानकारी गोहाना के डीसीपी आरएस तोमर ने दी। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान 12 जून से शुरू होकर 26 जून तक चलेगा। यह अभियान ग्रामीण, स्कूल, कालेज व खेल स्टेडियम स्तर पर चलाया जाएगा। खेल युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का सबसे सशक्त माध्यम है। खेल से युवाओं का शारीरिक विकास होता है। भविष्य में भी कई तरह की फिटनेस परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए गांवों में खेल प्रतिस्पधाएं आयोजित की जाएंगी। इसके लिए सभी थानों के एसएचओ के नेतृत्व में गांव में अभियान शुरू कर दिए गए हैं।



# ड्रेन नं 6 का मेयर निखिल मदान ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मेयर निखिल मदान** वीरवार को शहर के मामा भांजा चौक पर पहुँचे। जहाँ उन्होंने नगर निगम द्वारा ड्रेन नं 6 को ढकने के कार्य का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद निगम के एस डी ओ सुरेश लोहान को जल्द से जल्द काम पूरा करवाने के निर्देश दिए। मेयर निखिल मदान ने बताया कि सत कबीर आश्रम में रहने वाले लोगों ने ड्रेन नं 6 का पानी आश्रम में घुसने की समस्या से अवगत कराया था। वो इसी समस्या का जायजा लेने आज मौके पर पहुँचे है। मेयर निखिल मदान ने कहा की ड्रेन को ढकने का काम बड़ी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है ,आश्रम से थोड़ा आगे ड्रेन नं 6 का पानी रोका गया है जिसके चलते ड्रेन में पानी का स्तर बढ़ा है और ड्रेन का कुछ पानी रिसकर आश्रम की दीवारों के साथ नींव में इकठ्ठा हो रहा है ,इसके कारण आश्रम में रहने वाले लोग परेशान और चिंतित है। लेकिन एक या दो दिन में आगे का रास्ता तैयार कर पानी को आगे छोड़ दिया जायेगा ,जिससे पानी का स्तर नीचे आएगा और आश्रम में जल भराव की समस्या दूर हो जाएगी। इस काम को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सभी निगम अधिकारी और संबंधित एजेंसी दिन रात काम कर रही है। इसके अतिरिक्त अस्थायी तौर पर दीवारों के साथ मिटटी लगाकर भी जल भराव को रोकने के आदेश उनके द्वारा दिए गए है । मेयर ने बताया कि ड्रेन नं 6 के अंदर नई सीवरेज लाइन बनाकर उसमे अधिकांश कालोनियों की सीवरेज लाइन को जोड़ने का काम निगम द्वारा पहले ही पूरा किया जा चुका है। जिससे ओल्ड डी सी रोड की विभिन्न कालोनियों जीवन नगर,तारा नगर,भगत पुरा,नंदवानी नगर ,चार मरला,ब्रह्म कालोनी ,पंचम नगर, कबीरपुर,पटेल नगर सहित जनता कालोनी ,सिक्का कालोनी के लोगों को रोज रोज होने वाले सीवरेज जाम और दूषित जल भराव से राहत मिली है। जल्द ही ड्रेन नं 6 का बचा हुआ कार्य भी पूरा कर लिया जायेगा जिससे लोगों को रोजाना होने वाली मुसीबतों से निजात मिलेगी।



# प्रशिक्षण शिविर की दिनचर्या का जीवनभर पालन करने का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: भारत विकास परिषद** शाखा गन्नौर का जीवन निर्माण, आत्मरक्षा कैम्प व योग शिविर किड्स प्ले वैली स्कूल आहुलाना में समापन हुआ। कार्यक्रम में योग शिक्षक बी आर शर्मा, सरिता ने 70 महिलाओं और बच्चों को आत्मरक्षा और योग सिखाया। कार्यक्रम उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक के नेतृत्व में चला। शिविर में महिला संयोजिका मनीषा जैन व उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक, राजबाला शर्मा ने महिलाओं को आत्म रक्षा के प्रति जागरूक किया। उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से नई पीढ़ी में संस्कारों का निर्माण होता है। इसके साथ ही मन- मस्तिष्क और शारीरिक विकास भी होता है। उन्होंने शिविर संभागी वीरांगनाओं से शिविर के दौरान अपनाई गई दिनचर्या का जीवन भर पालन करने को कहा। वीरांगनाओं ने शारीरिक कौशल का अदभुत प्रदर्शन किया। जिसमें युद्ध कौशल, शूटिंग, पिरामिड निर्माण, जूडो कराटे का सहित योग प्राणायाम की प्रस्तुति दी। साथ ही देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत नाटकों की प्रस्तुति दी।




# यूनाईटीड स्कूल एसोसिएशन के पूर्व प्रधान को मातृ शोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: हरियाणा यूनाईटीड** स्कूल एसोसिएशन के पूर्व प्रधान व चाईल्ड केयर स्कूल के निदेशक अजय यादव की माता प्रेमवती उम्र 86 के निधन पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों के अलावा गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी ने कहा कि स्वर्गीय प्रेमवती ने अपना जीवन सादगी, ईमानदारी के साथ कार्य किया। उनकी कार्यशैली की ग्रामीण सराहना कर रहे है। इसे ही अनुमान लगाया जा सकता है कि उनकी कार्यशैली का हमेशा अनुसरण किया जाएगा। इस मौके पर प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के पूर्व प्रधान अजय भुक्कर, कोषाध्यक्ष रविन्द्र धनखड़, प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा, समाज कल्याण स्कूल के प्रबंधक मंजीत कादियान, नवीन, समय सिंह,अरूण त्यागी, प्रवीण सिंघल, भारत भूषण भूटानी, सुबोध, मुकेश सरोहा, सुभाष सरोहा आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। अजय यादव ने बताया कि उनकी माता की श्रद्धांजलि सभा 19 जून को चाईल्ड केयर स्कूल अहीर माजरा में होगी।



# धड़ल्ले से पनप रही अवैध कालोनियां और उनमें हो रहा अवैध निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: शहर में अवैध** कॉलोनियां विकसित होना व उनमें अवैध निर्माण बंद नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह है कि डीलरों ने मनमर्जी से लेआउट प्लान बना लिया और उन्हें दिखाकर शहर में जमकर प्लॉट कि बिक्री की जा रही है। इतना ही नहीं शहर में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों की बिक्री करने के लिए टेलीफोन के माध्यम से मार्केटिंग भी की जा रही है। हैरानी की बात है कि जिला नगर एवं योजनाकार विभाग उनकी तरफ कोई ध्यान नही दे रहा। जिससे अवैध कालोनियां जोरो पर पनप रही है। अब तो डीलरों द्वारा लोगों को कॉल करने सस्ते रेट और किस्तों में प्लॉट खरीदने के लिए भी कहा जा रहा है। लोग सस्ते प्लॉट के चक्कर में आकर इन बिल्डरों से प्लाटों में खरीद रहे हैं। ऐसा तब हो रहा है जब सरकार व जिला प्रशासन द्वारा सख्त आदेश है कि शहर में कहीं भी अवैध कॉलानी विकसित नहीं होना चाहिए और अवैध कॉलोनी के विकसित होने पर तुरंत रोक लगनी चाहिए लेकिन उसके बाद भी शहर में बेधड़क जमकर अवैध कॉलोनी काटने व उनमें निर्माण किया जा रहा है ताकि प्लाट लेने वालों को विश्वास हो सके कि उन्हें प्रशासन का कोई डर नही है।

**आधा दर्जन मार्गों पर कट रही कालोनी व हो रहा धड़ल्ले से भवन निर्माण**

अवैध कालोनी और उसमें निर्माण को लेकर लोगों का आरोप है कि शहर में नगर योजनाकार विभाग की अनदेखी से गरीब लोग कालोनाइजरों के शिकार हो रहे है। अगर समय-समय पर विभाग कार्रवाई करे तो पहले से की गई विभाग की कार्रवाई के बाद कोई अवैध कालोनी में निर्माण का कदम नही उठाए। योजनाकार विभाग जागा तो अब गरीब लोगों को उनके अवैध निर्माण गिरने का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। शहर में बेगा रोड, बड़ी रोड, अगवानपुर फाटक के पास राजलू गढ़ी रोड, बादशाही रोड, खेड़ी गुज्जर रोड, बंद पड़े रजवाहे के दोनो तरफ कालोनी काटने व अवैध निर्माण जोरो पर हो रहा है। बेगा रोड पर तो एक फार्म हाऊस द्वारा योजनाकार विभाग द्वारा लगाई साल को तोड़कर उसमें अवैध निर्माण भी कर दिया।

**जहां कालोनी कट रही और निर्माण हो रहा वे कोई छोटे रोड नही : एटीपी**

नगर योजनाकर विभाग के गन्नौर इन्चार्ज एटीपी मनदीप ने बताया कि जहां निर्माण हो रहा है। उनके संज्ञान में आने के बाद वे चैक करवा लेंगे। जहां निर्माण हो रहा है वे कोई छोटे रोड नही है। ऐसे पता नही चलता।

विभाग अवैध कालोनी और उनमें हो रहे निर्माण का पता लगते ही कार्रवाई करता है।



# तारों से निकली चिंगारी से लगी आग से ट्रैक्टर- ट्राली व तुड़े के कूप जले

**ट्राली में लगी आग को बुझाते हुए ग्रामीण**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: गांव पीर गढ़ी में बिजली** की तारों से पुराली से भरी ट्राली टच होने से उठी चिंगारी से पुराली में आग लग गई। आग की लपटी इतनी तेज थी कि ट्राली के टायर व ट्रैक्टर के टायर व अन्य सामान सहित साथ में लगे तुड़े के दो कूप भी जल गए। ग्रामीण प्रदीप ने बताया कि उतरप्रदेश के दो युवक गांव से ट्राली में पुराली भरकर ले जा रहे तो इसी दौरान ट्राली में भरी पुराली बिजली की तार से टच कर गई। जिस कारण तारों से उठी चिंगारी के कारण ट्राली व ट्रैक्टर जल गया। ट्रैक्टर चालक ने सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को आग से दूर करवाया।

# खंडेलवाल ने किया 'आपका सांसद आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने अपने चुनावी प्रचार के दौरान जनसंपर्क कर लोगों से कहा था कि चुनाव जीतने के बाद में अपने किसी कार्यालय में नहीं बल्कि आपके बीच पटरी पर सभा का आयोजन कर आप लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निपटारा भी करूंगा, अपने उसी चुनावी वादे को अमलीजामा पहनाते हुए त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित केशव पुरम जिला के कोहाट मंडल मे आपका सांसद आपके द्वार सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान खंडेलवाल ने सभा में मौजूद क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी व उनका जल्द से जल्द निपटारा करने का आश्वासन भी दिया तथा इसी बीच लोगों से सलाह व सुझाव भी मांगा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के कई पदाधिकारी व सैंकडों की तादात में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। सभा को आयोजित करते हुए सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों का आभार भी जताया। इसके साथ ही खंडेलवाल ने कहा कि जैसा कि मैंने चुनाव प्रचार के दौरान आपसे वादा किया था कि मैं आप लोगों के बीच से निकला हूं और आप लोगों के बीच बैठकर ही काम करूंगा, और आप लोगों ने मुझ पर जो विश्वास दिखाकर सांसद बनाया है इसके लिए मैं सदैव आप लोगों का आभारी रहूंगा और आप लोगों के लिए मेरे कार्यालय और मेरे घर के दरवाजे हमेशा ही खुले रहेंगे।






# सच्चे मन से गरीब, असहाय व निर्धन तबके की करें सहायताः संजय राघव



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: समाजसेवी संजय राघव ने बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद की मदद करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि गरीब व असहाय की मदद करना पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी गरीब व असहाय की मदद करें और दूसरों को भी गरीब व असहाय की मदद करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि सभी को अधिक से अधिक उचित स्थान देकर पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे जहां एक और हमें छाया, फल और फूल देते है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए कहे। साथ ही पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करें।
उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें।

# अजीत यादव ने क्षेत्र में हो रहे कार्यों का किया निरीक्षण





टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड नम्बर-17 भलस्वा के निगम पार्षद अजीत यादव के द्वारा गुरुवार को वार्ड 17 भलस्वा के भलस्वा गांव में बन रही नई सड़क का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि आज मैंने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया है और जनता से भी मिलकर उनकी समस्याओं को सुना है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

# जहांगीरपुरीः आप नेता सुरेश शर्मा ने किया क्षेत्र का दौरा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी वार्ड में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के द्वारा कई विकास के कार्य किये जा रहे है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। आप नेता सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को मैंने जहांगीरपुरी वार्ड के कई क्षेत्र में जाकर जनता से सफाई को लेकर फीडबैक लिया और जनता से यह भी अपील की कि आप क्षेत्र को साफ रखने में हमारा सहयोग दें और घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। सुरेश शर्मा ने जहांगीर पुरी जे ब्लॉक गली नंबर 100 वाली से 500 वाली गली तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और लोगों से बात करके निगम के कार्यों का फीडबैक लिया गया। साथ ही जहांगीरपुरी जे ब्लॉक 100, 200, 300 400, 500, और 700 मकान संख्या वाली गलियों की नालियो को साफ कराया गया और स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी नियर बजरंग चौक से लोडर और ट्रैक्टर ट्रोली द्वारा कूड़ा उठवाया गया। उन्होंने आगे बताया कि निगम कर्मचारियों के द्वारा कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया जा रहा है साथ ही हमारी टीम के द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा के साथ रमेश शर्मा, अनुज सिंह व कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।







भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल का स्वागत करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल साथ में है जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल व शशि जेटली।

# त्रीनगर विधानसभाः रानी बाग में लगाई गई मीठे पानी की छबील

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली के त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले रानी बाग इलाके में ज्येष्ठ मास की तपती गर्मी के चलते आनंदवास नगर के होनहार एवं धर्मपरायण बच्चों के द्वारा छबील (मीठे पानी का वितरण) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में धर्म जागरण समन्वय सरस्वती विहार के जिला संयोजक शशिकांत, शिव शंकर, जिला कार्यवाह का योगदान तथा प्रोत्साहन प्रशंसनीय रहा। इस मौके पर समाजसेवी बलराम चावला ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी इस प्रकार की मीठे पानी की छबील लगवाये और गरीब व असहाय लोगों की मदद करें। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि जो व्यक्ति गरीब व असहाय की मदद करता है, ईश्वर उसके बिगड़े हुए कार्य बनाता है, इसलिए सभी गरीबों व असहायों की मदद करें। श्री चावला ने कहा कि आज जो आनंदवास नगर के होनहार एवं धर्मपरायण बच्चों के द्वारा छबील (मीठे पानी का वितरण) का आयोजन किया है, मैं इनके कार्यों की सराहना करता हूं और सभी बच्चों से कहना चाहता हूं कि सभी बच्चे इन बच्चों से प्रेरणा ले और इस प्रकार की छबील का आयोजन अधिक से अधिक करें। इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।





# दिल्ली कांग्रेस 280 ब्लॉकों में जल संकट से त्रस्त जनता को निजात दिलाने के लिए करेगी प्रदर्शनः देवेन्द्र यादव

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में प्रतिदिन बढ़ते जल संकट का हल निकालने में विफल दिल्ली सरकार के खिलाफ पानी की समस्या से त्रस्त जनता को तुरंत राहत देने की मांग को लेकर सभी 280 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आज दिल्ली कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में दिल्ली के सभी ब्लाक अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक में यह घोषणा की और सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए कि जनता की मुख्य जरुरत जल से जुड़े मुद्दे पर पूरी दिल्ली में क्षेत्रीय लोगों सहित ब्लाक व बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन में शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा प्रश्न है कि समय रहते दिल्ली सरकार यमुना में घटते जल स्तर के चलते जलापूर्ति के लिए पहले कदम नहीं उठाती। सत्तारुढ दल की निष्क्रियता के कारण प्रति वर्ष दिल्ली की जनता जल संकट से जूझती है, जिसके लिए हम दशकों से लड़ाई लड़ रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जब सातों संसदीय सीटों पर भाजपा के सांसद है तो क्यों दिल्ली की जनता केन्द्र सरकार की प्रशासनिक निष्क्रियता और दोहरी नीति का शिकार हो रही है। सर्वविदित है दिल्ली पानी के लिए हरियाणा पर अधिक आश्रित है, जहां भाजपा की सरकार होने के कारण प्रति वर्ष भीष्ण गर्मी में दिल्ली की जनता को जल संकट से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद अगर दिल्ली की जनता के प्रति अपना दायित्व निभाऐं तब दिल्ली को जल संकट की समस्या से निजात मिल जाए परंतु सांसदों की नाकामी का ही परिणाम रहा है कि भाजपा को हर चुनाव में संसदीय प्रत्याशी बदलने पड़ रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि सभी ब्लाक अध्यक्ष अपने-अपने ब्लाकों में भीष्ण गर्मी में भारी जल संकट के लिए जिम्मेदार भाजपा और आम आदमी पार्टी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करना है। जिसके दौरान जनता को बताना है कि दिल्ली की जनता के प्रति उदासीन व्यवहार अपनाने वाली भाजपा और आम आदमी पार्टी की आपसी तनातनी के कारण ही दिल्ली जल को तरस रही है।
उन्होंने कहा कि दिल्ली में हर घर तक पाईप लाइन के जरिए पानी देने का काम कांग्रेस सरकार ने किया था, जो भाजपा और आम आदमी पार्टी की आपसी लड़ाई के कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। हम जनता की लड़ाई को हर स्तर पर लड़ेंगे।




## दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त को लिखा पत्र

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली जल बोर्ड को लीकेज के कारण हो रहे लगभग 17575 करोड़ के नुकसान के संबंध में केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त को पत्र लिखा। प्रदेश अध्यक्ष ने यह मांग की कि जल रिसाव व चोरी से पानी की 58.28 प्रतिशत की बर्बादी से हो रहे राजस्व के नुकसान की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों में जल रिसाव की 16.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर चिंता जताई जो 2019-20 में 42 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 तक 58.28 प्रतिशत तक हो गया है। मीटरिंग और लीकेज प्रबंधन के लिए लगभग 30 करोड़ रुपये के वार्षिक आवंटन के बाद पानी लीकेज का बढ़ना दिल्ली जल बोर्ड की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। 1150 एमजीडी की मांग के चलते 995 एमजीडी पानी दिल्ली सरकार उत्पादित करती है, जबकि इसमें से 58 प्रतिशत पानी जल रिसाव में जा रहा है जो टैंकर माफिया के हाथों में भेजा जा रहा है। भीष्ण गर्मी में जलापूर्ति के संकट से निपटने में असफल दिल्ली सरकार ने 12 मई, 2024 को सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा राज्य को पानी छोड़ने के निर्देश देने की मांग पर याचिका दायर की।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: बाहरी उत्तरी दिल्ली के होलंबी खुर्द गांव स्थित श्री गुरु नानक देव जी गुरुद्वारे में गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। अलीपुर वार्ड से निगम पार्षद योगेश राणा ने गुरुद्वारे में पहुंचकर शीश नवाया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन किया गया और गुरुद्वारे के बाहर ठंडे मीठे पानी की छबील भी लगाई गई जिसमें दिन भर सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर ठंडा व मीठा पानी राहगीरों को पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई। इस अवसर पर निगम पार्षद योगेश राणा ने कहा कि आज सिखों के पांचवे गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। मुगल शासन के दौरान उन्होंने कई यातनाएं सही लेकिन सच्चाई का मार्ग कभी नहीं छोड़ा। वह सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने समाज से गुरु श्री अर्जुन देव जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने की अपील की और कहा कि गुरु श्री अर्जुन देव जी ने सच्चाई, अहिंसा और करुणा से समाज को सशक्त बनाने का प्रयास किया। इस दौरान गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी शेर सिंह ने गुरु अर्जुन देव जी के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर सनी सिंह, हरजीत सिंह, अनिल सिंह, सोनू सिंह, गोविंद सिंह, रवि सिंह, बबली कौर, सुखदेव सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।





# सरकार के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार, कीमत पर है सरकार की नजर

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: सरकार ने गुरवार को स्पष्ट किया है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इसलिए अभी अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है।

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जमाखोरी रोकने और कीमतें स्थिर रखने के लिए सरकार गेहूं के बाजार मूल्य पर कड़ी नजर रख रही है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा रबी विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन गेहूं की खरीदारी की है। मंत्रालय के मुताबिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की जरूरत पूरा करने के बाद आवश्यकता पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा। देश में एक जनवरी, 2024 तक गेहूं का बफर स्टॉक 1.38 करोड़ टन के निर्धारित बफर मानदंड के मुकाबले एक करोड़ 63.5 लाख टन था।

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि गेहूं का स्टॉक कभी भी तिमाही बफर स्टॉक मानदंडों से नीचे नहीं गया है। दरअसल तिमाही बफर स्टॉक सालभर अलग-अलग होता है।

# अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली जन समस्याओं के स्टेटस को पोर्टल पर करते रहें अपलोड : उपायुक्त

**समाधान शिविर**

**▶▶समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त ने सुनी समस्याएं, अनेक समस्याओं का मौके पर किया समाधान**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को अधिकारी पोर्टल अपलोड करें और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति के बारे में भी अपडेट करते रहें ताकि लोगों को किसी प्रकार कोई परेशानी न हो। समाधान शिविर में अब तक 186 शिकायतें रखी जा चुकी हैं।
श्री नीरज ने उक्त निर्देश स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समाधान शिविरों में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर निगरानी रखने के लिए समाधान शिविर प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिसकी निगरानी मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा नियमित रूप से की जा रही है। सभी अधिकारी समस्याओं के निदान के लिए तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर में रावत खेड़ा के कुछ ग्रामीणों द्वारा जलापूर्ति को लेकर रखी गई समस्या का समाधान करते हुए जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि आगामी चार दिनों के अंदर इस समस्या का समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।



जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता ने बताया कि गावों में जिन घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है वहां स्पेशल जोन बनाकर तथा अलग से वाल लगाकर प्रेशर से पानी पहुंचाया जाएगा। इसके लिए आज से ही कार्य शुरू किया जाएगा।
इसी प्रकार से गांव साहू ढाणी के कुछ लोगों द्वारा माइनर के अंतिम छोर पर लेवल ठीक करवाने तथा ढाणियों में जलापूर्ति की व्यवस्था करवाने की मांग की। अतिरिक्त उपायुक्त ने बिजली तथा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तुरंत गांव का दौरा कर शिकायतों का समाधान करवाना सुनिश्चित करें।
गांव ढाणी गारन के एक शिकायतकर्ता ने पंचायती जमीन से अवैध कब्जे हटवाने की मांग रखी। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने अधिकारियों को मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शिविर में राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित शिकायतों को सुनने उपरांत उनका समाधान किया गया। इनके अलावा उन्होंने विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों व अन्य जन समस्याओं का भी समाधान किया।

# जींद : भाजपा विधायक ने की अर्बन लोकल बॉडी के डायरेक्टर से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने गुरुवार को स्थानीय दुकानदारों के समक्ष आ रही समस्याओं को लेकर चंडीगढ़ में मंत्री सुभाष सुधा व अर्बन लोकल बॉडी के डायरेक्टर यशपाल यादव से मुलाकात की।विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद में दुकानदारों को दुकानों का मालिकाना हक हासिल करने के लिए अनेक परेशानियों का सामना कर पड़ रहा है। इसलिए मालिकाना हक हालिस करने के लिए जो कागजी प्रक्रिया है, उसका सरलीकरण किया जाना चाहिए ताकि दुकानदार आसानी से सभी जरूरी दस्तावेजों को पूरा कर मालिकाना हक हासिल कर सकें। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्रोपर्टी आईडी को लेकर भी कई तरह की परेशानियां लोगों के सम्मुख आ रही हैं। ऐसे में ऐसा कार्य किया जाए कि प्रोपटी आईडी का कार्य भी सरल हो सके। इसके लिए लोगों को भटकना न पड़े।



विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद में पिछले दिनों चक्कर रोड पर लकड़ी के गोदामों में आग लग गई थी। जिससे गोदाम मालिकों को करोडों का नुकसान हुआ था। प्रशासनिक अधिकारी भी जले गोदामा का दौरा कर चुके हैं। आग से गोदाम मालिकों की उम्र भर की कमाई खाक हो गई। सरकार को चाहिए कि जींद के गोदाम मालिकों की आर्थिक मदद की जाए ताकि गोदाम मालिक फिर से व्यापार शुरू कर अपनी आजीविका चला सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### पलवल : दबंगों ने दुकानदार को पीटा, वीडियो सोशल मीडिया वायरल

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
गुरुवार को यहां दुकान के सामने बैठकर सरेआम शराब पीने के मना करना दुकानदार को भारी पड़ गया। आरोपियों ने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला कर दुकानदार और उसके परिवार के लोगों को पीटने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने महिलाओं के साथ भी मारपीट की, जिसका वीडियो सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक नामजद सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
मिली जानकारी के अनुसार पुराना जीटी रोड स्थित भवन कुंड निवासी आदित्य सिंगला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी तीन दुकानें हैं। रात के करीब 10 बजे एक युवक उनकी दुकान के सामने बैठकर शराब पी रहा था। उसने दुकान के सामने शराब पीने से मना किया तो आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने फोन कर अपने अन्य साथी को मौके पर बुला लिया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उसकी मां, पिता संजय कुमार, चाचा शैलेंद्र कुमार और ताऊ का लड़का प्रदीप कुमार वहां पहुंचे और उसे बचाने का प्रयास करने लगे। आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट में उसकी मां नीचे गिरने से घायल हो गईं। शिकायत में कहा है कि हमला करने वालों में सैय्यद वाडा मोहल्ला गुप्ता गंज निवासी निखिल और उसके साथी थे। शहर थाना जांच अधिकारी रोहताश ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जींद: विधानसभा चुनाव में जींद हरियाणा की राजनीति दशा व दिशा तय करेगा: टेकराम कंडेला

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
सर्वखाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व जन कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने गुरुवार को बताया कि जनकल्याण मंच की कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। कंडेला ने अपने राष्ट्रीय मुख्यालय पर सर्वखाप, जनकल्याण मंच, भारतीय किसान मजदूर यूनियन के सभी पदाधिकारियों की बैठक 15 जून को बुलाई है।
कंडेला ने कहा कि प्रदेश लंबे समय से किसानों और सामाजिक मुद्दों पर संगठन कार्य कर रहा है। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करवाना, मनरेगा स्कीम को कृषि के साथ जोड ?ा, प्राकृतिक खेती व मोटी फसलों पर लाभकारी मूल्य ज्यादा दिलवाना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि में वृद्धि करवाना, लीव इन रिलेशनशिप को खत्म करना, एक गांव-एक गोत्र में शादी पर रोक लगाना, युवाओं को नशे से रोकना और 36 बिरादरी के भाईचारे को मजबूत बनाना, इन सभी मुद्दों पर बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा।
कंडेला ने कहा कि जींद जिला लंबे समय से राजनीति का केंद्र बिंदू है। यहां से सरकार बनती और गिरती है। हरियाणा में जींद जिले में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। केंद्र की नई सरकार व हरियाणा सरकार से मांग की है कि जींद में एक बड़ा कारखाना लगाया जाए, जिसमें 25 हजार युवाओं की नौकरी लग सके। कंडेला ने कहा कि पिछले कार्यकाल में अग्निवीर योजना चलाई गई थी, इसमें देश के युवाओं में भारी रोष है। इस पर पूर्ण विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि जनकल्याण मंच के प्रदेश के पदाधिकारियों की घोषणा संघर्षशील व काम करने वाले लोगों का शामिल किया जाएगा।
जींद के बिजली निगम के उच्च अधिकारियों से मांग है कि खेतों की कनेक्शन की जो सिक्योरिटी बढाई है, उसी हिसाब से ट्रांसफार्मर रखे जाएं। जिन मकानों पर से बिजली की तरे निकलती हैं उन्हें भी हटाया जाए। उन्होंने कहा की सबसे पहले जिला जींद के आठ ब्लॉकों के पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। जींद ब्लॉक जिले का सबसे बड़ा ब्लॉक है। इसमें 66 गांव व शहर 31 वार्ड हैं। हर गांव व शहर से दो-दो पदाधिकारीयों की नियुक्ति की जाएगी और देश व प्रदेश में मजबूत संगठन खड़ा किया जाएगा ताकि किसानों व मजदूरों की आवाज को मजबूती से उठाया जाए। इस मौके पर किसान यूनियन हरियाणा के हजूरा सिंह, अभेराम कंडेला, रामकिशन रेढू, नंदीराम वाल्मीकि, वेदू कंडेला, प्रदीप उर्फ कालू आदि मौजूद रहे।

## अब राईडर करेंगे बडखल झील की निगरानी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
गुरुवार को बडखल झील में नहाने के दौरान हो रहे हादसों को लेकर पुलिस प्रशासन ने कदम उठाते हुए पुलिस राईडरों की यहां ड्यूटी लगाई है। वे बडखल झील की निगरानी रखेंगे और यहां होने वाले हादसों की रोकथाम करेंगे। पुलिस आयुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह के द्वारा हाल में बडखल झील में नहाते युवकों की हुई मृत्यु के हादसों को देखते हुए स्पेशल निगरानी ड्युटियां राईडर के माध्यम से लगाई गई है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हादसों पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों द्वारा बडखल झील पर दिन-रात को अस्थाई तौर पर शिफ्टों में निगरानी के लिए राईडर/इंचार्ज मोबईल की ड्युटियों लगाई गई है।

# निशुल्क रक्त जांच शिविर का 75 छात्राओं ने उठाया लाभ, दिया उचित परामर्श

**रक्त जांच शिविर**

**▶▶- दिव्यांग केंद्र में आयोजित निशुल्क शिविर में 75 छात्राओं ने करवाई रक्त जांच**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा, दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र एवं सिविल अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में आयोजित किए गए इस शिविर का 75 छात्राओं ने लाभ उठाया। इस शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हीमोग्लोबिन की फ्री जांच करके छात्राओं को उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर के दौरान भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा की महिला अध्यक्ष रेणु मंगल व दिव्यांग केंद्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनके साथ ही सिविल अस्पताल से ऋचा व नीलम सहित स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।



दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने कहा कि छात्राओं को कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है लेकिन उन्हें एहसास नहीं होता कि यह समस्या किस कारण से उत्पन्न हुई है। इसलिए छात्राओं व महिलाओं के लिए निशुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हीमोग्लोबिन की जांच करके सही जानकारी उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने बताया कि दिव्यांग केंद्र में समय-समय पर निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर भी आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में 15 जून को फ्री शिविर का आयोजन करके जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पूरी तरह स्वास्थ्य व सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित है। यहां पर नेत्र जांच, नेत्र चिकित्सा व नेत्र ऑपरेशन की तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा ही समस्त कार्य किए जाते हैं। दिव्यांग केंद्र में नेत्र चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी एवं सामान्य रोग जांच की सुविधा भी उपलब्ध है। यहां पर लाला देवी चंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला भी उपलब्ध है जिसमें कृत्रिम अंगों का निर्माण करके दिव्यांग बंधुओं को निशुल्क प्रदान किए जाते हैं।

# नगर में सफाई व्यवस्था व जलापूर्ति सुदृढ़ करने पर किया गया मंथन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
नगर में सफाई व्यवस्था तथा जलापूर्ति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त विक्रम सिंह और नगर निगम की आयुक्त मोना ए. श्रीनिवास ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों के साथ गंभीरता से मंथन किया।
उन्होंने निर्देश दिए कि नगर में कहीं भी कूड़ा-कर्कट और जलभराव नहीं होना चाहिए। आम जनमानस को साफ-सुथरा वातावरण मिलना चाहिए, जिसके लिए हर संभव प्रयास किये जायें।
शहर में सफाई व्यवस्था के साथ जलापूर्ति व जलभराव की स्थिति की समीक्षा के लिए गुरूवार को लघु सचिवालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त विक्रम सिंह कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था को और बेहतर किया जाए, जिसके लिए कूड़ा प्रबंधन को सुदृढ़ करें। हर क्षेत्र में कूड़ा उठाने के उचित बंदोबस्त करें।




## नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी महाविद्यालय ने शुरू की अनोखी पहल

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
उचाना स्थित राजीव गांधी महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के दाखिलों के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका हैं। ऐसे में छात्राओं को आने-जाने में किसी तरह की कोई तकलीफ ना हो, इसके लिए मुफ्त बस सुविधा दी जा रही है। प्राचार्य आईएस लाखलान ने गुरुवार को बताया कि भीषण गर्मी के बीच छात्राओं के लिए बस सुविधा का उन्हें लाभ मिल रहा है। कालेज में लड़कियों के खापड़, भौंगरा, बुडायन, मखंड, संदलना, सौंथा, बनभौरी, मतलौडा, छैन, उदयपुर, दुर्जनपुर, काकड़ोद, उचाना सहित विभिन्न गांवों में मुफ्त बस सेवा दी जा रही है।

# विधानसभा चुनावों में जोर पकड़ेगी हरियाणा के लिए नई राजधानी और उच्च न्यायालय की मांग : बधरान



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
आज हरियाणा बनाओ अभियान की बैठक में प्रदेश की नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के लिए हरियाणा के सभी नवनिर्वाचित सांसदों को प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। संसरहा के संयोजक रणधीर सिंह बधरान ने बताया कि लंबे समय से हरियाणा बनाओ अभियान के तहत नई राजधानी और अलग हाई कोर्ट की मांग उठ रही है। इससे पहले भी हरियाणा बनाओ अभियान की मांग सभी सांसदों, मुख्यमंत्री, हरियाणा के साथ-साथ प्रधानमंत्री को भी भेजी थी। अब चुनाव संपन्न होने के बाद संस्था की लंबित मांग को पूरा करने के अभियान को गति दी जाएगी। 21 जून को राज्य स्तरीय बैठक में हरियाणा में जन अभियान के लिए आगे की रणनीति तय की जाएगी। पंजाब और हरियाणा तथा चंडीगढ़ के संयुक्त उच्च न्यायालय के कारण हरियाणा के लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में प्रदेश के निवासियों को त्वरित न्याय के लिए हरियाणा की नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के महत्व पर प्रकाश डाला। चर्चा के दौरान हरियाणा बनाओ अभियान के सह संयोजक यशपाल सिंह राणा, एडवोकेट, सुरेंद्र कुमार बैरागी, पूर्व अध्यक्ष हरियाणा सरकार अधिवक्ता संघ, अधिवक्ता गोपाल गोयत बीबीपुर, रविकांत सैन एडवोकेट, भारत भूषण बाल्मीकि, एडवोकेट और रितेश गुर्जर एडवोकेट शामिल हुए। उन्होंने बताया कि आज हरियाणा में सबसे गंभीर समस्या बेरोजगारी है।
निराश युवा नशे और अपराध का शिकार हो रहे हैं, आत्महत्या कर रहे हैं या अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरे देशों की ओर पलायन कर रहे हैं। इसके लिए रोजगार के नए अवसर तलाशने और पैदा करने होंगे जिसमें राज्य की नई राजधानी का निर्माण इस समस्या के समाधान में अहम भूमिका निभाएगा। उचित स्थान पर आधुनिक राजधानी के निर्माण से राज्य के अविकसित क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी।

# निरोग बनाने में योग का महत्वपूर्ण योगदानः डॉ. रजनी बाली

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने हरियाणा योग विभाग के सहयोग से 13 जून, 2024 को प्रातः 11.00 बजे खेल निदेशालय में योग पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया। सेमिनार में योग के दो मुख्य विषय महिला सशक्तिकरण के लिए योग और कल्याण के लिए योग शामिल थे। इस सेमिनार में मनीष कुकरेजा, हरियाणा योग विभाग और कुवि की डॉ. (श्रीमती) रजनी बाली, शारीरिक शिक्षा विभाग रिसोर्स पर्सन थे।
डॉ. (श्रीमती) रजनी बाली ने 21 जून 2015 को आयोजित प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में बताया। इस वर्ष 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मनुष्य को निरोग बनाने के लिए योग का महत्वपूर्ण योगदान है। योग चिंता, अवसाद, अनिद्रा, मधुमेह, हृदय रोग आदि को कम करने में मदद करता है। उन्होंने योग के 5 नियमों के बारे में बताया कि कैसे योग समग्र विकास के लिए जिम्मेदार है। कैसे योग महिलाओं को शारीरिक समस्याओं और तनाव प्रबंधन में मदद करता है। उन्होंने कहा कि योग में ऐसी कई योग क्रियाएं हैं जो लचीलापन देती हैं और इससे कई बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है।डॉ. मनीष कुकरेजा ने दर्शकों को संबोधित करते हुए योग के व्यावहारिक पहलुओं पर जोर दिया। उन्होंने दर्शकों के साथ कई व्यावहारिक अभ्यास किये। सबसे पहले दर्शकों ने ओम उच्चारण और मंत्र उच्चारण कर महर्षि पतंजलि को याद किया। इसके बाद डॉ. कुकरेजा ने श्वास व्यायाम कराया। उन्होंने बताया कि कैसे हम सभी अपने दैनिक जीवन में ज्ञान योग, कर्म योग और भक्ति योग करते हैं। उन्होंने 3 दोष, 7 धातु और 13 अग्नि के बारे में बताया और किसी भी चीज को प्राप्त करने के लिए किसी भी अभ्यास को करने के लिए 3 पहलुओं दीर्घकाल, निरंतर और भक्ति की आवश्यकता होती है।



# मानसून के 15 दिन बचे, लेकिन सरकार ने कोई तैयारी नहीं कीः सुशील गुप्ता

**घेरा**

**▶▶आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने बाढ़ की तैयारियों को लेकर सरकार को घेरा**

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने बाढ़ के रोकने के इंतजामों को लेकर हरियाणा सरकार को घेरा। उनके साथ संगठन मंत्री अश्विनी दुल्हेड़ा, जिला अध्यक्ष बिजेंद्र हुड्डा, राजेंद्र शर्मा, रविंद्र मटरू, रणदीप राणा, कविता शर्मा और शिव मोहन गुप्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले साल बाढ़ आई, जिसमें हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई और मकान डूब गए। जिसमे जान और माल दोनों का नुकसान हुआ। लेकिन इतनी भीषण बाढ़ से सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। जहां बाढ़ का कहर बरपा वहां आज भी तटबंध कमजोर हैं और सायफन में घास-फूंस से अटे पड़े हैं। बीजेपी सरकार ने बाढ़ से तबाही रोकने के लिए योजना तो बनाई परंतु कुछ काम नहीं किया।




उन्होंने कहा कि 29 जून से मानसून आ जाएगा, परन्तु अभी तक कोई तैयारी नहीं है। प्रदेश में पिछले साल जुलाई में यमुना, घग्गर, मारकंडा और सरस्वती नदी ने कहर बरपाया था। हजारों एकड़ फसल तबाह हुई थी। पशुओं का नुकसान भी लोगों को झेलना पड़ा। इस भीषण बाढ़ को एक साल बीतने को है, लेकिन हालात में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जिस हालत में नदियों व नहरों के तटबंध थे, अब भी जस के तस हैं।
उन्होंने कहा कि जब मैंने कुरुक्षेत्र लोकसभा का चुनाव लड़ा, इस दौरान मैं हर गांव में गया। ग्रामीणों का कहना था कि बीजेपी सरकार सिर्फ वादे करती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं करती। लोगों का कहना है कि यदि पानी से होने वाली तबाही रोकने के लिए कुछ किया जाता तो लोगों को ये आर्थिक नुकसान नहीं झेलना पड़ता। पानीपत में किसानों ने बताया कि यूपी सरकार हर बार स्टड़ों की मरम्मत करती है, इसलिए यूपी की तरफ यमुना का कटाव बहुत कम होता है, लेकिन हरियाणा में हर बार प्रबंध अच्छे नहीं होते।
उन्होंने कहा कैथल के ग्रामीणों का कहना था कि बाढ़ के बाद से किसी अधिकारी ने घग्गर पर आकर तक नहीं देखा। अब जब मानसून सिर पर है तो अधिकारी नदी पर घूम रहे हैं। सरकार की इस लापरवाही के कारण सोनीपत, अम्बाला, कैथल, यमुनानगर व फतेहाबाद में किसान इस बार भी बाढ़ के खतरे की चपेट में आ सकते हैं। सोनीपत में यमुना नदी का क्षेत्र सोनीपत जिले में करीब 41.74 किलोमीटर है। कई गांवों के खेतों में भी बड़े स्तर भूमि कटाव पिछले साल हुआ था। सरकार ने बांध या बड़े कटाव की जगह कोई व्यवस्था नहीं की है।

# पंजाब की सिख जत्थेबंदियों हरियाणा के मामले को तूल ना दें: सरदार

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
सिख युवक को खालिस्तानी कह कर जानलेवा हमला करने के मामले मामले में गुरुवार को हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के निदेशक सरदार हरपाल सिंह कैथल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल जाकर पीड़ित युवक से मुलाकात की और उसका हाल-चाल पूछा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कही कि सरदार हरपाल सिंह ने कहा कि वे इस घटना की निंदा करते हैं। सिख एक खुद्दार कौम है। झगड़े आम हो जाते हैं लेकिन किसी को खालिस्तानी कहकर अपमानित करना गलत है।



सरदार हरपाल सिंह ने कहा कि कोई सिख खालिस्तान नहीं चाहता है। सिख सारी दुनिया पर राज कर रहे हैं। कुछ लोग मामले को बेवजह तूल दे रहे हैं। सोचने वाली बात है कि सुखविंदर को जिसने फर्स्ट एड दिलाई और उसकी सहायता की वह एक गैर सिख था। सरकार सुखविंदर सिंह के साथ है और उसकी हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब की सिख जत्थेबंदिया हरियाणा के मामले को बेवजह तूल दे रही हैं। हरियाणा में सिख पूरी तरह से खुशहाल हैं और हिफाजत में है। पहले मनोहर लाल खट्टर के मुख्यमंत्री रहते हुए और अब नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री रहते हुए सरकार में सिखों को पूरा मान सम्मान मिल रहा है।


हरियाणा सरकार
डबल इंजन सरकार, योजनाएं अपार
सड़क तंत्र का हो रहा लगातार विस्तार
हरियाणा में आज से शुरु
₹3600 करोड़ की लागत से 7300 कि.मी. लम्बी कुल 2500 सड़कों के नव-निर्माण व पुनरुद्धार के कार्य
अक्तूबर 2014 से आज तक पूर्ण
₹32,400 करोड़ की लागत से 58,200 कि.मी. लम्बी सड़कों के नव-निर्माण व पुनरुद्धार के कार्य
हरियाणा में ₹40,000 करोड़ की लागत से 1350 कि.मी. लम्बे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण
"सरकार का ध्येय है कि अब विकास कार्यों को और भी तीव्रता से संपन्न करवाना है, इसी श्रृंखला में राज्य भर में आधारभूत संरचनाओं को तीव्रता से मजबूत किया जा रहा है।"
- नायब सिंह
"इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर जिस स्केल और स्पीड से काम हो रहा है, वह अभूतपूर्व है। इससे हरियाणा को भी लाभ हो रहा है। राज्य में नेशनल हाइवे ग्रिड को गति दी जा रही है।"
- नरेन्द्र मोदी
नये कार्यों की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाएं
www.works.haryana.gov.in
www.etenders.hry.gov.in
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in
Follow us on :
@diprharyana